WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 92 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

गुजरात में एक पुल टूटने पर कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि वहां की भाजपा सरकार चंदा दो धंधा लो की नीति पर चल रही है। नतीजतन पुल भष्ट्राचार की भेंट चढ़ रहे हैं। बात सही है। कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की भी जहां सरकारें हैं वहां भी यही गोरख धंधा चल रहा है। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आये केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने भाजपाइयों को सचेत किया है कि वे ठेकेदारों से दूर रहे, वरना उनकी ठठरी बंधते देर नहीं लगेगी। ठेकेदारों से दूरी मतलब कमीशन खोरी बंद, भूखे पेट तो साधु भी भजन नहीं करते फिर ये तो नेता हैं।

छोटे व्यापारियों को मिलेगा प्रोत्साहन

दस साल से अधिक लंबित 25 हजार तक की वैट देनदारियां होंगी खत्म

- छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक के प्रारूप का भी अनुमोदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय आसानी से करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया है। इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में पटल पर रखा जाएगा। 10 साल से अधिक पुराने 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने से राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक व्यापारियों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 62 हजार से अधिक मुकदमों के मामले भी कम हो जाएंगे।

- 40 हजार से अधिक व्यापारियों को मिलेगा लाभ
- 62 हजार से अधिक मामलों में मुकदमेबाजी कम होगी
- छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक का प्रारूप हुआ अनुमोदित

पूर्व डिपॉजिट राशि को 20 ' से घटाकर 10 ' किया

ऐसे पेनाल्टी की राशि जिनमें टैक्स की डिमांड सम्मिलित नहीं होती है, उन प्रकरणों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पूर्व डिपॉजिट 20 प्रतिशत राशि को घटाकर 10 ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

व्यापारियों को इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस में आसानी

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया। इस प्रारूप में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। किए गए प्रस्ताव के अनुसार इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा आईजीएसटी में लिए गए आरसीएम का वितरण भी अब अपने ब्रांच ऑफिस में किया जा सकेगा। इससे जीएसटी अधिनियम में विसंगति को दूर करने में मदद मिलेगी और व्यापारियों को इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत कारोबार करने में आसानी होगी।

- डिमेरिट गुड्स जैसे तंबाकू उत्पाद के लिए ट्रेस एंड ट्रैक मैकेनिज्म लागू किया गया
- निर्माण से लेकर अंतिम उपभोक्ता तक विक्रय के सप्लाई चेन की निगरानी
- फिजिकल मूवमेंट के बिना कई बार क्रय-विक्रय संव्यवहार किया जाता है, ऐसे संव्यवहारों को जीएसटी की परिधि से बाहर रखने के लिए संशोधन लाया गया है, जिससे विशेष आर्थिक क्षेत्रों को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।

विधानसभा में पेश होगा विधेयक छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, दुर्ग-भिलाई, चरौदा और कुम्हारी को मिलाकर स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) बनाये जाने का रास्ता साफ हो गया है। एससीआर के विकास के लिए संबंधित प्राधिकरण की स्थापना के लिए साय सरकार विधानसभा के आगामी सत्र में विधेयक लेकर आ रही है। मंत्रालय में आज हुई कैबिनेट में सरकार ने विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई।

रायपुर, दुर्ग-भिलाई और नया रायपुर अटल नगर में तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण को देखते हुए इस क्षेत्र के सुव्यवस्थित और योजनाबद्ध विकास के लिए यह प्राधिकरण काम करेगा। यह प्राधिकरण राजधानी क्षेत्र के लिए योजना बनाना, निवेश को बढ़ावा देना, विभिन्न सरकारी और निजी संगठनों के बीच समन्वय तथा शहर के विस्तार को सही ढंग से नियंत्रित ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

दो अलग-अलग घटनाओं में 5 मौतें

- कुएं की सफाई के दौरान दो सगे भाइयों की मौत, फैली सनसनी

बिलासपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां कुएं की सफाई के दौरान दो सगे भाइयों की डूबकर मौत हो गई। वहीं अंबिकापुर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि कुएं के भीतर ऑक्सीजन की कमी के कारण यह हादसा हुआ। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बेलगहना पुलिस की जांच में जुट गई है। यह घटना कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत करही कछार के आश्रित मोहल्ला डिपरापारा में हुई है। जानकारी के अनुसार, बेलगहना चौकी क्षेत्र के डिपरापारा ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, युवक-युवती की मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश । अंबिकापुर की ओर आ रही कार हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दर्दनाक हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं 3 की हालत गंभीर है। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा के पास की है। जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार कार में तीन युवक और दो युवती सवार होकर अंबिकापुर आ रहे थे। इस दौरान चठिरमा के पास कार अनियंत्रित ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

लावरोव ने उत्तर कोरिया के साथ संबंधों की सराहना की

मास्को/प्योंगयांग (वार्ता)। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस और उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के बीच के राजनीतिक संबंधों की सराहना की है और इसे अजेय भाईचारा करार दिया। रूसी राज्य मीडिया ताश की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक लावरोव ने इस बात पर बल दिया कि यह संबंध कुर्स्क क्षेत्र की मुक्ति में रूसी सेना का साथ देने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की भागीदारी से स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है और यह सैन्य सहयोग का एक अभूतपूर्व स्तर है जो गहरे होते संबंधों को दर्शाता है।

नासा का एक्सिओम मिशन 4 दल अगले सप्ताह लौटेगा धरती पर

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया है कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए चौथी निजी अंतरिक्ष यात्री उड़ान 14 जुलाई को परिक्रमा प्रयोगशाला से रवाना होकर पृथ्वी पर वापस लौटेगी। नासा की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के मुताबिक चार सदस्यीय दल स्थानीय समय के अनुसार लगभग 7:05 बजे (जीएमटी समय 11:05) पर आईएसएस से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान से रवाना होगा और कैलिफोर्निया के तट के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा।

कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव

याउंडे (वार्ता) कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गयी है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश में यह जानकारी दी। आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जायेगा।

आयुष में एआई समावेश पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को सराहा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों, विशेष रूप से आयुष (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एकीकृत करने में भारत के अग्रणी प्रयासों को स्वीकार किया है। इसकी जानकारी आयुष मंत्रालय ने दी। डब्ल्यूएचओ ने अपने तकनीकी विवरण पारंपरिक चिकित्सा में एआई में भारत के इन प्रयासों को प्रमुखता से उजागर किया है।

एडवोकेट की डीएनए जांच के खिलाफ याचिका खारिज

- जूनियर वकील ने लगाया था मां बनाने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने डीएनए टेस्ट करवाने के आदेश के खिलाफ एडवोकेट की अपील को खारिज कर दिया है। उनकी जूनियर रही महिला वकील ने अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने और इस वजह से बच्चे के जन्म का दावा करते हुए फैमिली कोर्ट में डीएनए टेस्ट कराने की मांग की थी। फैमिली कोर्ट की मंजूरी के खिलाफ एडवोकेट ने हाईकोर्ट में अपील की थी।

कोरबा निवासी एडवोकेट श्यामल मल्लिक पर 37 वर्ष की महिला वकील ने जूनियर के तौर पर काम करने के दौरान यौन शोषण का आरोप लगाते हुए, इससे बच्चे का जन्म होने का दावा किया था। एडवोकेट पर अपने बच्चे के बॉयोलॉजिकल पिता होने का दावा करते हुए अपने और अपने बच्चे के अधिकार के लिए फैमिली कोर्ट से डीएनए टेस्ट के जरिए पितृत्व की जांच की मांग की गई थी। फैमिली कोर्ट ने 8 अक्टूबर 2024 को आवेदन स्वीकार कर लिया था।

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में इस आदेश को दो अलग- अलग याचिकाओं के जरिए चुनौती दी थी। इन याचिकाओं को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने निर्देश दिया था कि डीएनए टेस्ट पर फैसला दोनों पक्षों के साक्ष्य दर्ज होने के बाद लिया जाए। इसके बावजूद याचिकाकर्ता ने तथ्यों को छिपाते हुए नई याचिका लगाई, जिसमें उन्होंने फैमिली कोर्ट के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाया। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि फैमिली कोर्ट का अधिकार क्षेत्र पहले ही तय हो चुका है, जिसमें हाई कोर्ट ने माना था कि प्रतिवादी द्वारा मांगी गई राहत फैमिली कोर्ट के दायरे में आती है। ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में मराठा मिलिट्री लैंडस्केप शामिल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र में लिए गए एक ऐतिहासिक निर्णय में 2024-25 चक्र के लिए भारत के आधिकारिक नामांकन के तहत 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप ऑफ इंडिया6 को यूनेस्को की विश्व धरोहर लिस्ट में शामिल कर लिया गया। यह मान्यता प्राप्त करने वाली भारत की 44वीं संपत्ति बन गई है। यह वैश्विक सम्मान भारत की चिरस्थायी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करता है, जो इसकी स्थापत्य प्रतिभा, क्षेत्रीय पहचान और ऐतिहासिक निरंतरता की विविध परंपराओं को प्रदर्शित करता है। यह प्रस्ताव जनवरी 2024 में विश्व धरोहर समिति के विचारार्थ भेजा गया था और सलाहकार निकायों के साथ कई तकनीकी बैठकों एवं स्थलों की समीक्षा के लिए आईसीओएमओएस के मिशन के दौरे ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स, ढलाई के दौरान धराशायी

- गुणवत्ता हीन निर्माण सामग्री का उपयोग

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा जहां जिले में विकास की अंबार लगाने की बात करते नजर आते है वहीं दूसरी ओर जिले में एक के बाद एक भ्रष्टाचार भी उजागर हो रही वही नारायणपुर जिले के नगर पालिका क्षेत्र में बाजारपारा वार्ड के अंतर्गत चिकन मार्केट में नगरपालिका द्वारा व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का अनुमानित 49 लाख की लागत से स्वीकृत कर निर्माण कार्य हेतु निविदा जारी किया गया था जिसे सुकमा निवासी ठेकेदार फर्म नागेंद्र सिंह द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इंजीनियर एवं ठेकेदार की लापरवाही, छत धराशाई : नारायणपुर जिले के चिकन मार्केट के व्यापारियों द्वारा नगरपालिका के इंजीनियरों की लापरवाही एवं ठेकेदार की गुणवत्ता हीन निर्माण सामग्री का उपयोग कर रहे थे उक्त व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा शुरू से ही गुणवत्ताहीन सामग्रियों एवं नियमानुसार सामग्री उपयोग नहीं करने का लगाया आरोप, वही निर्माण ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

इंजीनियर ने झाड़ा पल्ला

व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स की ढलाई की अनुमति विभाग के इंजीनियरों द्वारा नहीं दी गई थी और मैं इस छत ढुलाई के दौरान मैं छुट्टी में था, वहां विभाग के अन्य इंजीनियर ने ढलाई से पूर्व कार्य का पूरा निरीक्षण किया था।

जांच के बाद कार्यवाही

जिले में इस तरह की घटिया निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार के ऊपर नियमानुसार जांच उपरांत की कार्यवाही जावेगी। - इंद्र प्रसाद बघेल, नगरपालिका अध्यक्ष

गरमा - गरम

छोड़ आए 'लाल' गलियारा

सभी नक्सली डीकेएसजेडसी, पीएलजीए और मिलिशिया के सक्रिय सदस्य

एक करोड़ 18 लाख के 23 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सतीश चांडक

सुकमा/नवप्रदेश। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों की रणनीति रंग ला रही है। कलेक्टर एलेक्सपाल मेनन के अपहरण में शामिल नक्सली समेत कुल 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में आठ हार्डकोर इनामी नक्सली शामिल हैं।

9 महिलाएं और 14 पुरुष नक्सली- आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर कुल एक करोड़ 18 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिलाएं और 14 पुरुष नक्सली हैं। ये सभी डीकेएसजेडसी, पीएलजीए और मिलिशिया जैसे सक्रिय संगठनों से जुड़े थे। ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

हिड़मा का गनमैन कलमू केसा भी शामिल है

केसा हिड़मा के साथ कर्रेगुट्टा की पहाड़ी में भी शामिल था। जब कर्रेगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया गया था तब वो हिड़मा के साथ शामिल था केसा ने बताया कि वह उसे वक्त 300 नक्सलियों के साथ कर्रेगुट्टा में शामिल था जिसमें हिड़मा, देवा और चंद्रन्ना जैसे बड़े लीडर भी शामिल थे। जब पुलिस ने चारों तरफ से सभी को घेर लिया और समझ आया कि अब नक्सली वहां से नहीं बच सकेंगे तो सभी नक्सली हिड़मा और देवा सहित बाकी नक्सली वहां से भाग निकलने में सफल हुए इस तरीके से केसा ने बताया कि कर्रेगुट्टा ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

अब तक 427 से ज्यादा नक्सली ढेर

छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार आने के बाद अब तक 427 नक्सली मारे गए हैं। पिछले डेढ़ साल में एक हजार 428 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि अब तक 205 मुठभेड़ में 427 नक्सली मारे गए हैं। इनमें सवा तीन करोड़ के इनामी नक्सली बसवराजू, एक करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर और कई राज्यों में एक करोड़ से ज्यादा का इनामी भास्कर भी शामिल है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने ट्वीट कर लिखा कि-हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। इन ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

युवा राष्ट्र निर्माण के सिपाही

पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 16वें रोजगार मेले के तहत देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सिपाही बताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति बिना पर्ची, बिना खर्चे की पारदर्शी प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि ये युवा 'विकसित भारत6 के संकल्प को साकार करेंगे। रोजगार मेला केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और भर्ती प्रक्रिया को तेज करने पर केंद्रित है। इस पहल की शुरुआत 22 अक्टूबर 2022 से हुई थी, और अब तक 10 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। ये नव-नियुक्त युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना...

जम्मू(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6639 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच यहां भगवती नगर स्थित यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री 275 वाहनों के बेड़े में यह जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया, "सुबह 6639 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।" हल्के और भारी वाहनों सहित 275 वाहनों के बेड़े में 4302 तीर्थयात्री पहलगाम और 2337 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इस वर्ष 03 जुलाई से वार्षिक यात्रा शुरू हुई और यह 09 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा कुल 38 दिनों की होगी।

कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करें मुस्लिम समुदाय के लोग : शहाबुद्दीन रजवी

बरेली(आईएएनएस)। मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि कावड़ यात्रा शुरू हो गई है। ऐसे में मुस्लिम लोग जहां-जहां से कांवड़ यात्रा निकले उस रास्ते पर पुष्प वर्षा करें। पानी पिलाकर स्वागत करें। शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा कि सावन का महीना और कांवड़ यात्रा भी शुरू है। हमारी यह इच्छा है कि यह अच्छे से संपन्न हो। इससे पहले मोहर्रम और बकरा ईद के त्योहार बहुत शानदार तरीके से सम्पन्न हो चुके हैं। सरकार की गाइडलाइंस पर अमल करते हुए सभी लोगों ने अपने जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दिया। मौलाना ने कहा मुस्लिम त्योहारों के दौरान पुलिस व प्रशासन की व्यवस्थाएं चुस्त और दुरुस्त रही। हमें उम्मीद है कि अब कांवड़ के दिनों में भी व्यवस्थाएं अच्छी रहेगी। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसमें लंबा सफर और काफी समय लगता है। इसलिए कहीं रास्ते में कोई घटना न हो और कोई विवाद उत्पन्न न हो, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। मौलाना ने कहा कि 32 साल पुराना जोगी नवादा बरेली का विवाद पुलिस व प्रशासन ने सुलझा दिया।

मजबूत दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत बनाना संभव नहीं: अमित शाह

केन्द्रीय मंत्री ने दिवंगत केजी मरार की आवक्ष कांस्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

तिरुवनंतपुरम। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केरल में थे। यहां उन्होंने तिरुवनंतपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश समिति के नए कार्यालय मराजी भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए केरल में सरकार बनाने के लिए 2026 का केरल विधानसभा चुनाव लड़ेगा।

उन्होंने कहा कि कई अन्य राज्यों की तरह भाजपा तमिलनाडु में भी सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि अगर जनता केरल में बदलाव चाहती है तो एलडीएफया यूडीएफके बजाय बदलाव लाने के लिए राजग और भाजपा को वोट दें।

केरल में पार्टी के नए प्रदेश कमेटी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद अमित शाह ने पुथरीकंदम मैदान में वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबंधित करने से पहले पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का 'लोगो' और 'मोटो' भी जारी किया।

एलडीएफ, यूडीएफ सरकारों ने केरल को राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बना दिया

अमित शाह ने केरल में अपने विरोधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि एलडीएफ यूडीएफ सरकारों ने केरल को राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बना दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत बनाना संभव नहीं है। केरल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण पार्टी कार्यालय को विकसित केरल का केंद्र बनाना है।

अमित शाह का केरल दौरा क्यों महत्वपूर्ण?

केंद्रीय गृह मंत्री ने इस वर्ष होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करने से पहले भाजपा की प्रदेश कमेटी के नए कार्यालय 'मरारजी भवन' का उद्घाटन किया।

केंद्रीय गृह मंत्री शुक्रवार देर रात केरल पहुंचे और

भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत केजी मरार की आवक्ष कांस्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केजी मरार की आवक्ष प्रतिमा को नए भवन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित किया गया है।

शिवकुमार के बयान से सियासी भूचाल कुर्सी ढूंढ़ना मुश्किल, मौका मिलते ही बैठ जाओ

बेंगलूरू। कर्नाटक की राजनीति में इन दिनों 'कुर्सी' हर किसी की जुबान पर है। जिसे देखो वही इसी पर बात कर रहा है, कोई कह रहा है कि डीके शिवकुमार को सीएम बनना चाहिए तो वहीं कोई सिद्धारमैया को सीएम बने रहते देखना चाहता है। हालांकि खुद शिवकुमार या सिद्धारमैया खुलकर इस मसले पर कुछ नहीं बोल रहे उल्टा सरकार चलाने में वे किसी भी तरह से मतभेद से इनकार करते रहते हैं, लेकिन आज बोलते-बोलते राज्य के डिप्टी सीएम 'कुर्सी' पर कुछ ऐसा बोल गए कि राज्य में सियासी भूचाल खड़ा हो गया। बैंगलोर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित नादप्रभु केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के उद्घाटन के मौके पर शिवक्ष्युह्यु मार की सीएम पद को लेकर टीस उभर आई और उन्होंने कहा कि कुर्सी ढूंढना मुश्किल है। जब आपको कुर्सी मिल जाए, तो आपको आकर उस पर ऐसे बैठना होगा कि फिर उठे ही ना। अब उनके इस बयान ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही अटकलों को और हवा दे दी है।

डीके शिवकुमार ने बार एसोसिएशन को समर्थन देने के लिए कई योजनाओं की भी घोषणा की इसमें केम्पेगौड़ा के नाम पर 10 एकड़ भूमि का आवंटन, वित्तीय अनुदान और वार्षिक पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के विकास के लिए ग्रेटर बैंगलोर अथॉरिटी (जीबीए) से 5 करोड़ रुपये, केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के लिए सालाना 5 लाख रुपये दिए जाएंगे और हर साल दो वकीलों को केम्पेगौड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

शिवकुमार ने इशारों-इशारों में कह दी बड़ी बात

डीके शिवकुमार शुक्रवार को बैंगलोर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित नादप्रभु केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। यहां अपने संबोधन के दौरान उन्होंने यह टिप्पणी की। शिवकुमार ने वहां उपस्थित वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं देख रहा हूं कि यहां बहुत सारी कुर्सियां खाली पड़ी हैं, इसके बावजूद कई वकील खड़े हैं। जबकि हम सभी एक कुर्सी खोजने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। यहां बहुत सी कुर्सियां हैं, आकर बैठ जाइए। कुर्सी ढूंढ़ना मुश्किल है। जब मौका मिले तो आपको आकर इस पर बैठ जाना चाहिए। उसे खाली नहीं छोड़ना चाहिए। शिवकुमार ने आगे कहा कि आप लोगों को देख कर लगता है कि आप त्यागी(बलिदानी) हैं।

'यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन युद्ध को चाहता है लम्बा खींचना'

मॉस्को(वार्ता)। यूक्रेन में विपक्ष के नेता विक्टर मेदवेदचुक ने यूरोपीय संघ की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि उसका निहित स्वार्थ यूक्रेन में युद्ध को लम्बा खींचने में है और वह अमेरिका को रूस के साथ व्यापार युद्ध में भी घसीट रहा है।

मेदवेदचुक ने एक बयान में कहा, "यूरोपीय संघ का नेतृत्व, साथ ही संघ के कई देशों का नेतृत्व, सत्ता बनाए रखना चाहता है और इसलिए, एक साझा दुश्मन की आवश्यकता है। यही कारण है कि यूरोप के कई राजनेता यूक्रेन संघर्ष को जारी रखने में रुचि रखते हैं।"

डोभाल के बयान से पाक बौखलाया, अंतर्राष्ट्रीय नियमों की दे रहा दुहाई

इस्लामाबाद। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर दिए गए बयान से पाकिस्तान तिलमिला उठा है। डोभाल ने शुक्रवार को पहली बार पाकिस्तान की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को बेहद सटीक तरीके से निशाना बनाया और इस दौरान एक भी चूक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मात्र 23 मिनट में पूरा हुआ और इसका आधार पूरी तरह खुफिया जानकारी थी।

अब पाकिस्तान के हुक्मरान भारतीय एनएसए के इस खुलासे पर बौखला गए हैं। दरअसल, डोभाल ने विदेशी मीडिया को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर भारत को नुकसान पहुंचा है, तो एक भी फोटो, एक भी सैटेलाइट इमेज दिखा दें। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो तो बताएं। हम जानते थे कौन कहां है और हमने उसी जगह को निशाना बनाया। हमसे कोई चूक नहीं हुई। डोभाल के इस बयान के बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डोभाल के बयान को 'तोड़फोड़ और झूठ से भरा हुआ' करार दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान ने भारत पर संप्रभुता के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया।

राधिका हत्याकांड : आरोपी पिता 14 दिन की हिरासत में

गुरुग्राम(आईएएनएस)। नेशनल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार आरोपी पिता दीपक यादव को शनिवार को गुरुग्राम कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी पिता दीपक को भोंडसी जेल में रखा जाएगा।

इससे पहले दीपक यादव ने अपनी बेटी राधिका की हत्या करने का जुर्म कबूल किया था, जिसके बाद गुरुग्राम पुलिस ने कोर्ट से एक दिन की रिमांड की अनुमति ली। घटनास्थल से गुरुवार को पुलिस ने राधिका के पिता को पकड़ा था। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को आरोपी दीपक को दोबारा कोर्ट में पेश किया गया।

गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित सुशांत लोक फेज-2 में 25 वर्षीय बेटी राधिका यादव की हत्या हुई थी, जिसमें उनके पिता को आरोपी पाया गया। पुलिस की

प्राथमिक जांच में पता चला कि बेटी राधिका यादव के टेनिस एकेडमी चलाने से उनके पिता दीपक यादव नाराज थे। कथित तौर पर दीपक ने कई बार टेनिस अकादमी बंद करने के लिए कहा, लेकिन बेटी राधिका यादव नहीं मानी। इस पर पिता ने गोली मारकर बेटी की हत्या कर दी। हालांकि, राधिका के कोच रहे अंकित पटेल इस घटना पर कहते हैं, ÷इस तरह कोई भी किसी को नहीं मार सकता है। ऐसी घटनाएं बिल्कुल भी स्वीकार नहीं हैं

सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद

इंफाल(वार्ता)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कई जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान के दौरान शुक्रवार को उग्रवादियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने शनिवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने इम्फाल पूर्वी जिले के मफौ डैम पुलिस थाने के अंतर्गत इथम गांव से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। बरामद किए गए सामान में एक 12-बोर एकल बैरल गन, दो राउंड .32 कैलिबर गोला-बारूद, दो हैंड ग्रेनेड, एक पिस्तौल के साथ मैगज़ीन, एक कारतूस, दो ट्यूब लॉन्चर, एक चार्जर के साथ वायरलेस सेट, और दो डिटोनेटर शामिल हैं। इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई थाना क्षेत्र के महाराबी से एक प्रतिबंधित भूमिगत संगठन के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है।

हम झुग्गियां बचाने के लिए विधानसभा से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेंगे : आतिशी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। आम आदमी पार्टी ने मटियाला विधानसभा स्थित नंगली डेयरी की झुग्गियां तोड़ने की तैयारी कर रही दिल्ली सरकार पर आरोप लगाए हैं। 'आप' की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि मद्रासी कैंप, जेलरवाला बाग, भूमिहीन कैंप तोड़ने के बाद दिल्ली सरकार की नजर अब नंगली डेयरी की झुग्गियां पर पड़ गई है। भाजपा की एमसीडी ने झुग्गियों में नोटिस लगा दिया है और पांच दिन में कागज नहीं दिखाने पर झुग्गियों पर बुलडोजर चलाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले

भाजपा के नेताओं ने इन झुग्गियों में रात्रि प्रवास किया था और जहां झुग्गी-वहां मकान का कार्ड दिया था। लेकिन सरकार में आते ही भाजपा लगातार गरीबों की झुग्गियां तोड़ रही है। आम आदमी पार्टी इन गरीबों के साथ खड़ी है। हम झुग्गियां बचाने के लिए विधानसभा से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेंगे।

अंतरिक्ष अनुसंधान | भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है, वह पहले भारतीय हैं जो आईएसएस पर गए

जल्द घर लौटेंगे शुभांशु शुक्ला, 7 दिन का रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम तय

नई दिल्ली। भारत के गगनयात्री और वायुसेना के ग्रु प कैप्टन शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को अंतरिक्ष से धरती पर लौट सकते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया है कि शुभांशु अभी पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनका मनोबल भी ऊंचा है। शुक्ला इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर हैं और 14 दिन के अंतरिक्ष मिशन पर गए हैं। यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि वह पहले भारतीय हैं जो आईएसएस पर गए।

इसरो के अनुसार, शुभांशु शुक्ला अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा,

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों और A&iom स्पेस के सहयोग से चल रहे एक्सिओम मिशन का हिस्सा हैं। वे 14 जुलाई को अपने तीन सहयोगियों - पेगी व्हिटसन, स्लावोस वुजनस्की और टिबोर कापू के साथ ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर वापसी करेंगे।

यह यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में लैंड करेगा।

15 जुलाई को दोपहर 3 बजे पहुंचेगे

इसरो ने बताया कि शुभांशु के लौटने के बाद उन्हें 7 दिनों के रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) कार्यक्रम से गुजरना होगा। यह प्रक्रिया उन्हें पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के अनुसार ढालने के लिए की जाएगी। इस दौरान ISRO के फ्लाइट सर्जन उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति की नियमित निगरानी करेंगे। स्प्लैशडाउन 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे होगा।

अपने मिशन के दौरान शुभांशु ने माइक्रोग्रैविटी में सात वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम दिया। इनमें से चार पूरी तरह सफल रहे और तीन अंतिम चरण में हैं। पूरे मिशन के लिए Iसरो, जैव प्रौद्योगिकी विभाग और NASA ने मिलकर इन प्रयोगों को डिजाइन किया था। ये प्रयोग भविष्य में भारत के अंतरिक्ष अभियानों, गगनयान और संभावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आधार तैयार करेंगे।

अपने 18 दिन के अंतरिक्ष प्रवास के दौरान शुभांशु ने माइक्रोएल्गी, ब्रेन एक्टिविटी, आंखों की गति और मनोवैज्ञानिक प्रयोगों पर काम किया। माइक्रोएल्गी भविष्य के मिशनों में भोजन, ऑक्सीजन और जैव-ईंधन के रूप में उपयोगी हो सकते हैं। उन्होंने वॉयेजर डिस्प्ले, सेरेब्रल ब्लड फ्लो और फोटॉनग्रेव नामक प्रयोगों के जरिए यह समझने की कोशिश की कि माइक्रोग्रैविटी में शरीर और मन पर क्या प्रभाव पड़ता है।

दसवीं और बारहवीं में शत प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों को मिलेंगे दो लाख

कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, बच्चों को गुणवत्तायुक्त व नैतिक शिक्षा देने दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा सभी बीईओ, एबीईओ , प्राचार्य, विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली। शिक्षा के सम्पूर्ण आयाम पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षु आई.ए.एस. अरविंथ कुमारन डी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्व्यक, समस्त एपीसी समग्र शिक्षा एवं जिला प्रोग्रामर उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने कहा कि दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों को 2 लाख एवं 95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों को 1 लाख रूपए की राशि जिला खनिज न्यास निधि से प्रदाय किया जाएगा। जिसका उपयोग विद्यालय के बेहतर संचालन हेतु किया जा सकेगा। इसी प्रकार 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया कि युक्तियुक्तकरण पश्चात् जिन शिक्षकों को माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरण को छोड़कर अन्य शिक्षकों को जिन शालाओं में पदस्थ किया गया है उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही की जावें। जिन शिक्षकों के द्वारा पदभार ग्रहण नहीं किया गया है उन्हें सूचीबद्ध करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शिक्षकों की विद्यालयीन समय में नियमित उपस्थिति एवं निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु अध्यापन को रूचिकर बनाने हेतु यूट्यूब, स्मार्ट क्लास, आईसीटी, सहायक शिक्षण सामग्री का अधिक से अधिक प्रयोग, समूह शिक्षण, प्रायोगिक शिक्षण एवं दैनिक जीवन के साथ शिक्षण वस्तु को सम्बद्ध करते हुए अध्यापन हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों को समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाने हेतु शिक्षक बच्चों को समय प्रबंधन का कौशल सीखायें, पुस्तक पढ़ने की महत्ता बताते हुए नियमित से स्वाध्याय की आदतो का विकास करें, नैतिक शिक्षा के माध्यम से मूल्य आधारित जीवन का विकास करें, स्वतंत्रता सेनानियों एवं सफल व्यक्तियों के जीवन से सीख लेने हेतु शिक्षक विद्यालय में समय-समय पर उद्बोधन एवं अन्य माध्यम से बच्चों को प्रेरित करें।

पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने जोर

विद्यालय में इको क्लब का गठन कर पर्यावरण जागरूकता को बढाने हेतु आह्वान किया गया साथ ही रेडक्रॉस एवं एन.एस.एस. की ईकाईयों को सक्रिय करते हुए बच्चों को समाज के हेल्पिंग हैंड के रूप में तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । मध्यान्ह भोजन एवं न्यौता भोज में पौष्टिक खाद्य पदार्थों यथा केला, गुड़, चना, मौसमी फल आदि वितरित किया जाना चाहिए। पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा की गई तथा जिले को प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का स्केन कर तत्काल वितरण पूर्ण करने कहा गया। जिन शिक्षकों के द्वारा पाठ्य वस्तु को सरल एवं अधिगम योग्य बनाया जाता है उनका वाट्सएप्प ग्रुप तैयार कर पाठ्यवस्तु को जिले में प्रसारित कर सभी बच्चों को लाभान्वित किया जाए। सामुदायिक सहभागिता अर्जित करने हेतु विद्यालय के पूर्व छात्रों को विद्यालय में बुलाकर सम्मानित करते हुए विद्यालयीन आवश्यकताओं से अवगत कराकर अपेक्षित सहयोग प्राप्त करने हेतु उपाय बताया गया। विद्यालयों के नियमित निरीक्षण एवं अकादमिक सहयोग हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्वयकों को निर्देशित किया गया।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में बिल्हा नगर पंचायत का चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्तर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में बिल्हा को राष्ट्रपति अवार्ड के लिए नामित किया गया छत्तीसगढ़ में मात्र केवल तीन शहरों को यह पुरस्कार प्राप्त हो रहा है जिसमें नगर पंचायत बिल्हा का नाम शामिल है वह 17 जुलाई को भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से अवार्ड प्राप्त होगा। इसकी जानकारी प्राप्त होते ही नगर पंचायत बिल्हा में खुशी का माहौल है वह नगरवासी द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण गहलोत की कारों की सराहना करते हुए बहुत-बहुत बधाई दी गई। वह भविष्य में भी हमारा नगर गौरव कित बना रहे इसकी शुभकामनाएं दी गई।

नेत्र रोग विभाग ने रचा नया इतिहास, एक ही ऑपरेशन में पलक और तिरछेपन की समस्या का समाधान

सिम्स में पहली बार आंख के तिरछेपन का सफल ऑपरेशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स (छ.ग. आयुर्विज्ञान संस्थान) के नेत्र रोग विभाग में चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। बेमेतरा निवासी 21 वर्षीय युवक, जो जन्म से ही अपनी दायीं आंख की झुकी हुई पलक और तिरछेपन की जटिल समस्या से जूझ रहा था, उसका सफल ऑपरेशन कर सिम्स ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मरीज लंबे समय से इस समस्या के इलाज की आशा खो चुका था, परंतु जब उसे जानकारी मिली कि अब सिम्स में इस प्रकार की जटिल नेत्र सर्जरी संभव है, तब उसने यहां पर संपर्क किया।

नेत्र रोग विभाग की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभा सोनवानी एवं उनकी टीम द्वारा संपूर्ण जांच के उपरांत ऑपरेशन की प्रक्रिया आरंभ की गई। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल माना जाता है, जिसमें एक ही आंख में दोनों–झुकी पलक एवं आंख के तिरछेपन का एक साथ इलाज किया गया। सिम्स के इतिहास में यह पहली बार था जब इस तरह का संयुक्त नेत्र ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन डॉ. रमणेश मूर्ति (अधिष्ठाता), डॉ. लाखन सिंह (चिकित्सा अधीक्षक) एवं डॉ. सुचित सिंह (विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग) के मार्गदर्शन में डॉ. प्रभा सोनवानी, डॉ. सुचित सिंह, डॉ. आरूषी शर्मा एवं डॉ. कुणाल सिंह की टीम ने किया। नर्सिंग स्टाफ और वार्ड ब्वॉय ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और अब मरीज की आंख की पलक सामान्य हो चुकी है, साथ ही तिरछेपन में भी पूर्ण सुधार हुआ है। इससे मरीज के आत्मविश्वास में नया संचार हुआ है। पूर्व में ऐसे ऑपरेशन केवल निजी अस्पतालों में महंगे शुल्क पर ही संभव थे। अब सिम्स में यह सुविधा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध है, जिससे प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी।

शैक्षणिक सत्र 2025 में प्रवेश के लिए मिली मान्यता

सिम्स की एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम की 150 सीटों पर नवीन सत्र 2025-26 में प्रवेश की मान्यता प्रदान की गई है। एनएमसी की 11 जुलाई को जारी पत्र अनुसार मान्यता प्रदान की गई है। सिम्स बिलासपुर संभाग की सबसे बड़ी उच्च चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा संस्थान है। इसका परिचय यहाँ की बढ़ते प्रतिदिन की ओ.पी.डी.एवं आई.पी.डी. संख्या के साथ सरल सुलभ चिकित्सा सुविधा है। संस्थान ने चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा में समय-समय पर अपने कार्य क्षमता (गंभीर बीमारी-कैंसर, ट्यूमर, अस्थिरोग, दंतरोग, नेत्र ट्रांसप्लांट इत्यादि) को प्रदर्शित किया है।

यूनिटी हास्पिटल का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। यूनिटी स्माइल एण्ड ट्रामा केयर हास्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज रविवार को रॉयल एनफील्ड शो रुम के पास कपिलनगर चौक सरकंडा में लगाया जाएगा। इस शिविर में दर्जनों लोग लाभान्वित होंगे।

शिविर में बीपी, शुगर और आंखों का निःशुल्क जांच के साथ ही ईएनटी, डेंटल सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल मेडिसीन, दंत एवं मुख रोग हड्डी रोग एवं फिजियोथेरेपिस्ट के विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे जो शिविर में आने वाले मरीजों को निःशुल्क परामर्श भी देंगे। शिविर सुबह 10 बजे से दो बजे तक आयोजित की जाएगी। साथ ही वर्तमान में अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा पैकेज व संपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा पैकेज की जो सुविधाएं मरीजों को दी जा रही हैं इसके बारे में शिविर में जानकारी दी जाएगी।

ईएनटी डॉ. अंकित ठकराल ने बताया कि इस तरह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अस्पताल प्रबंधन द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए आगे भी आयोजित किया जाएगा।

आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों के लिए संसाधनों के कुशल उपयोग, नीति-निर्माण व निष्पादन पर जोर

■ सीयू के अर्थशास्त्र विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय की सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन 11-12 जुलाई को किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी की थीम आत्मनिर्भर भारत के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल का विचार रही। 11 जुलाई, को आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार के उद्घाटन समारोह के मुख्य संरक्षक एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सेमीनार का आयोजन किया गया।

प्रो. अमित कुमार सक्सेना, प्रभारी कुलपति ने 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को लेकर भारत की महत्वाकांक्षाओं की चर्चा की और संसाधनों के कुशल उपयोग, नीति-निर्माण एवं निष्पादन की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि प्रो. आदित्य प्रसाद पाढ़ी, पूर्व कुलपति, बेरहामपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा, ने सरदार पटेल की दृढ़ता, चतुराई और निष्ठा के साथ आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. देवेंद्र कुमार मदान, अंतरराष्ट्रीय मामलों के डीन और सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला ने सरदार पटेल के प्रारंभिक जीवन और उनके सरदार बनने की यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। विशेष अतिथि प्रो. एस. के. मिश्रा, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला के अध्यक्ष एवं डीन विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ने सरदार पटेल के आर्थिक योगदान पर प्रकाश डाला। प्रो. रामकृष्ण प्रधान, संगोष्ठी के सह-अध्यक्ष एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता ने ऑर्गेनिक फिलॉसफी की आवश्यकता पर बल दिया। इससे पूर्व मां सरस्वती की वंदना एवं कुलगीत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। संगोष्ठी के संयोजक एवं आयोजक सचिव तथा अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार नागवंशी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। श्री बी. श्रीनिवास द्वारा मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन हुआ। मंचस्थ अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर ए.एस. रणदिवे ने धन्यवाद एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. सांत्वना पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण एवं अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शादी का झांसा दैहिक शोषण आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। नाबालिग पीड़िता को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण कर मारपीट करने वाले आरोपी को पचपेड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़िता आरोपी की चंगुल से भाग कर पचपेड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी को अपराध पंजीबद होने के महज 6 घंटा के अंदर टेक्निकल इनपुट की मदद से बलौदा बाजार से गिरफ्तार किया गया।

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की संवैधानिक न्याय पदयात्रा को आप ने दिया समर्थन

बिलासपुर /नवप्रदेश। अंबेडकर चौक से रायपुर तक जाने वाली अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की संवैधानिक यात्रा को आम आदमी पार्टी ने समर्थन दिया।

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ द्वारा आज दोपहर संवैधानिक न्याय पदयात्रा का आरंभ अंबेडकर चौक से रायपुर के लिए हुआ इस संवैधानिक न्याय यात्रा को आम आदमी पार्टी द्वारा भी समर्थन दिया गया ।अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के इस संवैधानिक न्याय पदयात्रा में आम आदमी पार्टी की ओर से प्रदेश संगठन मंत्री सरदार जसबीर सिंह चावला प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रियंका शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी इरफ़ान सिद्दीकी एवं अरविंद पाण्डेय सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए एवं पैदल मार्च करते हुए पदयात्रा को रायपुर रवाना करते हुए समर्थन व्यक्त किया गया।

आध्यात्म का श्रेष्ठ समाज की स्थापना विषय पर संत महासम्मेलन आज

देश के अलग-अलग क्षेत्र से साधु संत होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। परिवर्तन सृष्टि का नियम है। और प्रति क्षण परिवर्तन होता ही आ रहा है। प्रकृति और पुरुष का खेल सदा ही चलता रहता है। पुरुष अर्थात आत्माए, प्रकृति अर्थात शरीर, जैसी आत्मा की क्वालिटी होती है वैसे ही प्रकृति अर्थात सृष्टि में परिवर्तन आता है। यह सृष्टि आदि में सतयुग अर्थात स्वर्णिम काल से युक्त थी। उस समय मानव मन श्रेष्ठ सतोप्रधान था। मानव मन की दिन-प्रतिदिन गिरती कला के कारण मन कमजोर, नकारात्मक हो गया जिससे प्रकृति भी तमो प्रधान बन गई। अब वापस इस सृष्टि को सुख, शांति से संपन्न बनाने के लिए ब्रह्माकमारी के धार्मिक प्रभाग के द्वारा आध्यात्म के द्वारा श्रेष्ठ समाज की स्थापना विषय पर एक महा संत सम्मेलन का आयोजन सिंधू भवन, तोरवा में 13 जुलाई रविवार को संध्या 4 बजे रखा गया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए ब्रह्माकुमारी राखी दीदी, ब्रह्म कुमार नारायण भाई, आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर, ब्रह्माकुमारी भारती दीदी कटनी, विनीता भावनानी और आचार्य पुष्पेंद्र ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम विशेष संतों के सानिध्य में सपन्न होगा। संतों का जीवन ही प्रेरणादाई होता है और संत प्रेम करुणा दया और ज्ञान के भंडार कहे जाते है, संत हमें मार्गदर्शन देकर जीवन सुखद बनाते है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रम्हकुमार रामनाथ भाई मुख्यालय संयोजक माउंट आबू होंगे। इस कार्यक्रम में अन्य वक्ता आचार्य महामंडलेबर कमल किशोर, साध्वी प्रज्ञा भारती, ब्रह्माकुमार नारायण भाई, स्वामी परमात्मानंद गिरि पेंड्रा रोड गौरेला, त्यागी प्रेमदास महाराज ब्रह्मा बाबा मंदिर, ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी कटनी, ब्रह्मा कुमार गोविंद भाई मीडिया प्रभाग माउंट आबू उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन प्रार्थना सभा भवन जल संसाधन परिसर में कल 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।

अधिवेशन में आगामी 3 वर्षों के लिए एशोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए जी आर चंद्रा, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ को निर्वाचन अधिकारी एवं पवन शर्मा, किशोर शर्मा को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अधिवेशन में प्रदेश के सभी जिलों से एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रांतीय अधिवेशन में राज्य शासन के पेंशनरों की ज्वलंत समस्याओं एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से मिलकर निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा।

अनुमोदन — लागत 7.02 रूपए जबकि न्यूनतम घरेलू दर मात्र 4.10 रूपए, औसतन घरेलू दर में मात्र 10 से 20 पैसे तक वृद्धि

नई बिजली दरें ग्रामीण आदिवासी, सभी के लिए हितकारी व विकासपरक

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा आज छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण कंपनी लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विद्युत दरों का अनुमोदन किया गया।

वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर ने बताया कि समेकित रूप से विद्युत दर में विगत वर्ष की तुलना में मात्र 1.89 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जो नगण्य है। कृषि उपभोक्ताओं के लिए कुछ मदों में दर वृद्धि की गई है जिसका भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है, अतः इससे कृषि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह का अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। इसके अलावा अस्थायी कनेक्शनों, आदिवासी अंचलों, मुरमुरा-पोहा उद्योगों, प्रिंटिंग प्रेस आदि के लिए रियायतें बढ़ाई गई है या यथावत रखी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी को विद्युत की लागत 7 रू. 2 पैसे पड़ती है जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को न्यूनतम 4 रू. 10 पैसे की दर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। नई विद्युत दरों की कुछ विशेषताओं को उल्लेखित किया गया है। निम्न मध्यम वर्ग के घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट एवं अन्य घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गौशाला, शासन द्वारा अधिसूचित बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में आने वाले स्टे-होम्स में प्रयुक्त होने वाली विद्युत पर घरेलू विद्युत दर लागू करने हेतु घरेलू उपभोक्ता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। घरेलू उपभोक्ता श्रेणी के अन्तर्गत लिए गए अस्थाई कनेक्शन पर नार्मल टैरिफ का 1.5 गुना टैरिफ के स्थान पर नार्मल टैरिफ का 1.25 गुना टैरिफ लागू किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित

पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए निम्न दाब इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग इकाईयों हेतु इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग की टैरिफ को औसत विद्युत लागत के बराबर अर्थात् रू.7.02 प्रति यूनिट निर्धारित किया गया है। उच्च दाब उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग की टैरिफ को औसत विद्युत लागत के बराबर अर्थात् रू. 6.32 प्रति केव्हीएएच निर्धारित किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि नियामक आयोग द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु पंजीकृत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित उद्योग संबंधी गतिविधियों और व्यवसायिक गतिविधियों को ऊर्जा प्रभार में 10 प्रतिशत की छूट जारी रखी गई है।

सुनो भाई उधो

एक दिन के बात

परमानंद वर्मा

उपहास, मजाक, और खिल्ली कभी किसी का नहीं उड़ाना चाहिए, यह दुर्गुण है, कचरा और गंदगी है।

इससे वातावरण प्रदूषित होता है, रोग व सभी प्रकार की बीमारियां फैलती है।

क्रोध, विद्वेष, अहंकार जैसी महामारियां उपजती है। जाने अनजाने में द्रोपदी द्वारा मजाक में कहे गये शब्द ने महाभारत युद्ध करवा दिया।

इसी भाव पर आधारित छत्तीसगढ़ी आलेख पढ़िए एक दिन की बात।

बइला गरियार, गतउतार होगे अउ नांगर (हल) रेचका होगे तब नंगरिहा के तो मरे बिहान हे।

फेर ओहर कहूं ठोसलगहा हे, तब कइसनो करके दूनो ला सजोर कर डरथे अउ एकड़-दू एकड़ जमीन ला जोत के सिधिया डरथे।

कोनो-कोनो अइसन नंगरिहा देख के ओकर मजाक हंसी उड़ाथे अउ कहिथे- पहिली बइला अउ नांगर के गत ला तो देख ले फेर खेती करे के बात ला सोचबे।

ओकर जवाब देवत नंगरिहा कहिथे- भइया जेकर मं कूबत हे ओहर बइला अउ नांगर कइसनो राहय, ओमन ला सोझ करके अपन काम ला सिध पार डरथे।

काम करइया मनखे के मन मं सिरिफ हौसला चाही। ककरो हंसी, मजाक उड़ा के मन ला कमजोर नइ करना चाही?

अइसने कस घटना ओ दिन मोर संग होगे।

कभू सोचे नइ रेहेंव के मितान मोर हंसी, मजाक उड़ाही, फेर का करबे कभू-कभू बात असे आ परथे के जेला नइ कहना अउ करना चाही तउन हो जथे।

कहिथे- तोर करा अतेक चीज-बस हावय तेकर रहिते कइसे तंय अतेक कंजूरी अउ गरीबी मं जीथस, मोर समझ नइ आवय, अइसे कइसे होगे हस।

काकर बर अतेक जोरत बटोरत हस, मरबे तब का लेके जाबे, सब इहें धरे के धरे रहि जाही। बने जी-खा ले, दान-पुन्न कर ले।

मितान हर अइसन कभू कहइया नोहय, फेर ओ दिन कहि परिस। तब ओला ओकर सवाल के जवाब देवत केहेंव- असे का देख डरेस ते मोला गरीब, कंजूस अउ का-का नइ कहि डरेस।

अइसन मजाक नइ उड़ावय मितान। मान ले मंय गरीब हौं, तब तो गरीब मनखे मन के तो हंसी अउ मजाक बिल्कुल नइ उड़ाना चाही। कोनो गरीब के मजाक उड़ावत अच्छा नइ होवय।

अउ पहली बात, मजाक तो ककरो उड़ाना ही नइ चाही।

मितान ला सुरता करावत बताथौं- तोला सुरता हे मितान- द्रौपदी एक घौं दुर्योधन के मजाक उड़ाय रिहिस।

बात ला तो ओहर ठठ्ठा-मसखरी समझिस अउ कहि परिस- अंधरा के बेटा अंधरा होथे का?

नानमुन, छोटकिन बात नइ केहे रिहिसे।

ओ बात छाती मं बान मारे कस लगगे दुर्योधन ला। हांस के ओ दिन तो टार दिस। फेर बाद मं का हाल होइस ओ मजाक के तेला सब जानत अउ समझत हे।

द्रौपदी के चीरहरन के घटना होगे। बात इही तक नइ सिरइस, अतेक बड़े महाभारत होगे जइसन आज तक दुनिया के इतिहास मं नइ सुने, पढ़े ला मिलय।

अइसने कस एक गरीब ब्राम्हण सुदामा रिहिसे।

ओकर गोसइन ओला अपन मितान भगवान कृष्ण करा जाय के सलाह देथे।

तब ओला बरजत सुदामा कहिथे- मोर मितान मथुरा के राजा हे, अउ मंय कहां गरीब ब्राम्हन, ओकर मोर तुलना कहां?

नइ जांव ओकर करा। अउ फेर मितान करा कहूं जाबे तब भेंट करे बर तो कुछु नइहे। तब सुशीला कहिथे- ओकर चिंता मत कर, मंय सब बेवस्था कर देहौं।

कहिथे नहीं, जउन ढौकी मन के बात मानथे तउन धारे-धार बोहाथे, वइसने कस किस्सा होगे सुदामा के।

चांवुर के पोटली धर के मथुरा के दरबार मं कइसने करके पहुंचगे जावत, शरमावत अउ सकुचावत।

जउन गरीब रहिथे तेकर मनके अइसने हाल होथे।

भगवान सुदामा के मन के बात जानगे अउ बगल मं दबाय चांवुर के पोटली ला खोल के ओकर गरीबी के मजाक उड़ा देथे।

अइसन नइ करना रिहिसे, फेर कर दिस।

सुदामा मारे लाज के पानी-पानी होगे। मने-मन अपन गोसइन ला जइसने पइस तइसने गारी-गुफ्तार देइस। फेर करतिस का जउन होना रिहिसे तउन तो होगे।

गरीब के ये दुनिया मं कोनो नइ होवय तइसे लागथे। सबे हिनमान करत रहिथे, कुकुर सही दुतकारत रहिथे।

अइसन नइ करना चाही। मनखे-मनखे एक समान होथे, हमर गुरु घासीदास बबा घला इही बात ला केहे हे फेर मानथे कोन?

कतेक छुआछूत, भेदभाव, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के खेला होवत रहिसे। ये अब इहें मनखे के रचे रचना हे, इही मन सब अइसन बेवस्था बनाय हे जेकर ले ओकर मन के काम मं कोनो परकार के बाधा झन आवय।

नइतो भगवान हा तो सब ला मनुज शरीर के रचना करके भेजथे। कतको मन करम अउ भाग ला दोस देथे। जेकर जइसे करम अउ भाग तइसन फल पाथे, ये सब बेफ़ालतू बात हे, मंय तो नइ मानव भई ये बात ला।

अब काला का कहिबे, हमरे मितान के मति छरियागे हे तब दूसर ला का कहिबे। हांसी आथे ओकर ऊपर, का बात ला देखकर मोला ओहर उठेंवा मारिस तउन ला समझगेंव, फेर ओ बात ये तीर फेर के बताबौं नहीं, जानिही तब सबो झन खिलखिला के हांस परिही।

वइसे बात लुकाय-छिपाय के लइक घलो नइहे। कागज अउ कलम ला ले के अतेक बड़े बात उठाइस।

किहिस- जब लिखथस तब बने कागज अउ कलम लेके बइठे कर, एकरो बर गरीबी अउ कंजूसी बने नइ होवय।

जेकर भरोसे रोजी-रोटी चलथे, तेला तो बने सजोर रखे कर। चुप रहिगेंव, ओला कुछु नइ केहेंव।

दुर्ग जिले की धड़कन शिवनाथ नदी...

नूरुसबाह सबा

मेरा प्रकृति प्रेम जब मुझे शिवनाथ नदी के तट पर ले गया तो वहां का विहंगम दृश्य देखकर मैं चकित हो गई। तेज़ बहती नदी की जलधारा अपने आँचल में शहर भर की गंदगी को समेटे हुए अपना रौद्र रूप धारण करके इस तरह बह रही थी जैसे वो मनुष्यों द्वारा अपने ऊपर की गई मनमानियों से नाराज़ हो । और इसके बारे में लिखने को मेरी कलम चल पड़ी।

चलिये हम शिवनाथ नदी के भौगोलिक और सांस्कृतिक महत्व की तरफ़ नज़र डालते हैं।

शिवनाथ नदी, छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की जीवनरेखा और धड़कन के रूप में जानी जाती है। यह नदी न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि इस क्षेत्र की संस्कृति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन का भी अभिन्न हिस्सा है। महानदी की सबसे बड़ी सहायक नदी के रूप में, शिवनाथ नदी छत्तीसगढ़ के कई जिलों से होकर बहती है, लेकिन दुर्ग जिले में इसका विशेष महत्व है। यह नदी न सिर्फ जल आपूर्ति और सिंचाई का स्रोत है, बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व भी रखती है। शिवनाथ नदी का उद्गम महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के गोडरी गांव से होता है, हालांकि कुछ स्रोत इसे राजनांदगांव जिले की पानाबरस पहाड़ी से भी जोड़ते हैं। यह नदी लगभग 290 से 470 किलोमीटर की यात्रा तय करते हुए छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, दुर्ग, बेमेतरा, मुंगेली, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिलों से होकर बहती है और अंततः शिवरीनारायण में महानदी में मिल जाती है। इसकी प्रमुख सहायक नदियों में लीलागर, मनियारी, आगर, हांप, खारून, अरपा, आमनेर, सकरी, खरखरा, तांदुला और जमुनिया शामिल हैं। दुर्ग जिले में यह नदी जिले को दो भागों में बांटती है और इसकी तेज धारा और रेतीले किनारे इसे विशिष्ट बनाते हैं।

दुर्ग जिला, जो छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में जाना जाता है, शिवनाथ नदी के किनारे बसा है। इस नदी ने जिले की कृषि, मछली पालन और जल विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मोंगरा बैराज परियोजना, जो राजनांदगांव में शिवनाथ नदी पर संचालित है, क्षेत्र में सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। यह नदी लगभग 20त्न कृषि क्षेत्र को सिंचित करती है, जिससे धान, गेहूं और दलहन जैसे फसलों का उत्पादन संभव होता है। इसके अलावा, नदी का उपयोग परिवहन के लिए भी किया जाता है, विशेष रूप से मानसून के दौरान जब जलस्तर बढ़ जाता है। हालांकि, शिवनाथ नदी के सामने कई चुनौतियां भी हैं। हाल के वर्षों में, औद्योगिक और कृषि अपशिष्टों के कारण नदी में प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है। यह न केवल नदी के जल को दूषित कर रहा है, बल्कि जलीय जीवों और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहा है। इसके अलावा, मानसून के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे तटीय क्षेत्रों में नुकसान होता है।

शिवनाथ नदी का सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। इसके किनारे बसे गांवों और शहरों, जैसे दुर्ग, राजनांदगांव और मदकू द्वीप, में यह नदी कई त्योहारों और धार्मिक अनुष्ठानों का केंद्र है। मदकू द्वीप पर 11वीं-12वीं शताब्दी के कलचुरी कालीन मंदिर इस नदी की ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाते हैं। इसके अलावा, नदी से जुड़ी आदिवासी कथाएं, जैसे शिवनाथ और पारू की प्रेम कहानी, इसकी सांस्कृतिक समृद्धि को और बढ़ाती हैं।निष्कर्षतः, शिवनाथ नदी दुर्ग जिले की आत्मा है। यह नदी न केवल जल और जीवन का स्रोत है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान को भी मजबूत करती है। हालांकि, इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रदूषण नियंत्रण, बाढ़ प्रबंधन और नदी के किनारों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं, ताकि यह जीवनदायिनी नदी अपनी धड़कन को बरकरार रख सके। और अंत में कविता की इन पंक्तियों से अपनी बात ख़त्म करती हूँ।

उफ़नती नदी ने जब आवाज़ लगाई
मैं क़दमों को अपने न रोकने पाई
तट पर नदी के मैं चली आई कुदरत की ये रचना यूं मन को भाई
लिखने से खुद को सबा रोक न पाई

व्यंग्य : छोकरी और टपोरी

डॉ. किशोर अग्रवाल

एक जमाना था जब लड़कियां उन लड़कों पर मरा करती थी जो छैला टाइप की सज धज के हुआ करते थे या फि़र निखालिश मजनूं। ये होते थे लड़की के नाज नखरे उठाने और जां निसार करने के लिए बेचैन । तब लड़कियां पर्दे में रहा करती थी और जो कोई बांकी अदाएं दिखा जाता उसी पर अपना सर्वस्व लुटा देती थी ।

हीर-रांझा, शींरी-फ़रहाद ,लैला-मजनू और शशि-पन्नू अमर प्रेमी हुए हैं जिनमें इश्क में जान देने के हौसले हुए हैं ,पर खुद की जान के । आज मामला उलट गया है खुद की जान क्यों दे भला जब दूसरे की जान ले लेने से अपना इश्क मुकम्मल हो रहा हो ।अब तो ऐसा विशेष ग्रह नक्षत्र योग चल रहा है जिसमें प्रेमियों से मिलकर प्रेमिकाएं ने राह के रोड़े यानी पतियों को रास्ते से हटा रही हैं और इश्क की बड़ी जीत हो रही है । पति होना आजकल सबसे खतरनाक खेल हो गया है ,क्या पता कब किसकी नाव पलट जाए या गले में पड़ा हार फांसी का फंदा बन जाए।

भोली सूरत के पीछे कैसा शातीर दिमाग हो या वह क्या सोच रही हो, पतियों के पास इस नापने का क्या कोई यंत्र है? मोहब्बत में डेट करने वालों को थोड़ा वक्त तो होता है कि वे हसीनाओं के हाव-भाव बोलचाल ,स्वभाव और उसके सरोकारों से थोड़े से परिचित तो हो सकें पर अरेंज मैरिज में तो सीधे-सीधे पति बन जाने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं ,दूसरा कोई रास्ता ही नहीं बचता। इस सीधे-साधे बांधे गए रिश्ते में मोहब्बत की गुंजाइश ही कहां बचती है ? मोहब्बत करना सिख लें जनाब , कुछ तो अपनी तरफलड़की का दिल का लगवा लें , नहीं तो सीधी-साधी शादी में दूल्हा तो बकरीद के बकरे जैसा ही है आजकल। वे बहुत कुछ सह रहे हैं।

शादी के बाद दुल्हन के साबुन से नहा लिया तो दूल्हे के खिलाफदुल्हन ने पुलिस बुला ली । अलीगढ़ में पत्नी के साबुन से नहा लेना दूल्हे को भारी पड़ा शांति भंग के प्रकरण में उसका पुलिस ने चालान ही कर दिया।

बदायूं में शादी के महज चालिस दिन के बाद विवाहिता अपने प्रेमी के साथ चली गई और घर में रखे ढाई लाख रुपए की नगदी और जेवर भी ले गई । अवसाद में पति ने जान दे दी वह ऐसा मेहरबान निकला की पत्नी की राह खुद आसान कर गया।

कोई कोई दयालू पत्नी ना भागती है ने जान लेती है ,वह पति को पीट कर ही मन की भड़ास निकाल लेती है । कुरारा हमीरपुर के जल्ला गांव में ब्याही एक दुल्हन ने शादी तो कर ली पर पति को नजदीक आने से न केवल मना किया बल्कि बंद कमरे में उसे जमकर पीटा। दूल्हे ने रो-रो कर अपनी बर्बादी की दास्तान थानेदार को बयान की । पति को पीटने में भारतीय पत्नियों का विश्व में तीसरा स्थान है, इजिप्ट की पत्नियां पहले स्थान पर और यूके की पत्नियां दूसरे स्थान पर हैं। सीधे-सादे कार्यरत कमाऊ लड़के जो स्त्रियों की पहली पसंद होते थे अब न जाने क्यों उनके किसी काम के नहीं रहे । उन्हें भी अपना वर्चस्व दिखाने का शौक जगा है अतः उम्र दराज लोगों या उनकी जूतियां तक उठाने को तत्पर छपरी टाइप के लोगों की बन आई है । वे नाज नखरे ज्यादा उठाते दिखते हैं । छोकरियों को तवज्जो उन्हीं से ज्यादा मिलती है ऐसा लगता है तभी साठ साल के फूफा के प्यार में भतीजी ने शादी के बाद पति की हत्या करवा दी। बिहार के औरंगाबाद में यह अभी हाल में ही हुआ है साठ साल फूफा में सत्ताइस साल की दुल्हन को न जाने क्या दिखा कि उसने अपने हमउम्र पति को शूटरों से मरवा दिया जबकि उसके पास साठ बीघा जमीन भी थी। जबलपुर के इंद्र कुमार तिवारी के चिरकुमार होने की खबर पर गोरखपुर की शाहिदा बानो खुशी तिवारी बनकर अपने टपोरी प्रेमी कौशल कुमार के साथ आई और उससे शादी कर ली । प्रेमी की मदद से सुहागरात के दिन ही इंद्र कुमार को टपका दिया। हम सबको इंदौर की सोनम के टपोरी टाइप सड़कछाप प्रेमी राज की सूरत और धंधा याद ही है । ऐसे ही मेरठ में सौरभ राजपूत की हत्या करने वाली मुस्कान रस्तोगी के प्रेमी की शक्ल भी याद करें, नशेड़ी गंजेड़ी सूरत से टपोरी साहिल में पता नहीं उसने क्या देखा । इन टपोरियों की मोहब्बत में गिरफ्तार औरतों के पति बन रहे युवकों की शामत आई है। ये छोकरियां अपने प्रेमियों के साथ भाग ही जाती तो भी कोई बात थी पर इन छोकरियों ने शादियां की और टपोरी प्रेमियों की मुहब्बत में उन्हें जान से ही मार डाला। यह समाज की नई विसंगति ,नई विकृति सामने आई है । डर के मारे शादियों से पहले ही लोग इश्तिहार जारी कर पत्नियों के पूर्व संबंधों का पता भी लगा रहे हैं पर कौन बचेगा कौन मरेगा क्या पता?

आंखों से अंधेरा मिटा : भारत बना ट्रेकोमा मुक्त राष्ट्र

पल्लवी त्रिपाठी

कभी भारत के सबसे गरीब और सुदूर इलाकों में खामोश, अंधा कर देने वाला अँधेरा था ट्रेकोमा, एक जीवाणुजनित नेत्र संक्रमण जो सूजन, पलकों को खुरदरा कर देता है और अंततः अंधापन पैदा कर देता है। हालाँकि, 2024 में, भारत ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की: इसे आधिकारिक तौर पर ट्रैकोमा-मुक्त राष्ट्र घोषित किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्घ॥ह्र) ने पुष्टि की है कि ट्रेकोमा अब भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा नहीं है, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ढ्ढरुह्र) ने इसकी सराहना की है। जिसका अर्थ है कि यह बीमारी अब अंधेपन से पीड़ित बड़ी आबादी के लिए खतरा नहीं है। यह जीत केवल चिकित्सा हस्तक्षेप के कारण नहीं है, बल्कि हज़ारों लोगों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायक नर्स दाइयों (ANM), आशा बहनों, सरकारी डॉक्टरों और ग्रामीण परिवारों के सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है, जिन्होंने उन्मूलन को प्राथमिकता दी। उनके समर्पण ने जीवन को बदल दिया और कमज़ोर समुदायों में आशा की किरण जगाई। ट्रैकोमा एक पुरानी बीमारी है जो खराब स्वच्छता, गंदे पानी, भीड़भाड़ और कुपोषण से जुड़ी है। यह मुख्य रूप से बच्चों और महिलाओं को प्रभावित करता है, जिससे लगातार आंखों में सूजन होती है जो अंधेपन का कारण बन सकती है। ऐतिहासिक रूप से, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, कई व्यक्तियों में दिखाई देने वाले लक्षण दिखाई देते थे लाल, सूजी हुई और दर्दनाक आँखें - इस बीमारी की व्यापक पहुँच के प्रमाण हैं। 1986 के एक सर्वेक्षण में कुछ जिलों में 55त्न संक्रमण दर का पता चला, जिसने दशकों से स्वास्थ्य अधिकारियों के सामने आने वाली बड़ी चुनौती को उजागर किया। भारत की ट्रेकोमा-मुक्त स्थिति की यात्रा लचीलेपन, समन्वित कार्रवाई और सामुदायिक जुड़ाव की कहानी है।

इसकी शुरुआत 2000 के दशक की शुरुआत में शुरू किए गए एक राष्ट्रव्यापी अभियान से हुई, जिसमें स्वच्छता, स्वच्छ पानी और बड़े पैमाने पर दवा प्रशासन के महत्व पर जोर दिया गया। सरकार ने लक्षित हस्तक्षेपों को लागू करने के लिए डब्ल्यूएचओ, गैर सरकारी संगठनों और स्थानीय समुदायों के साथ सहयोग किया, खासकर दूरदराज के आदिवासी इलाकों और गरीब गांवों में जहां स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सीमित थी। प्रमुख रणनीतियों में से एक स्नेश्च दृष्टिकोण था - उन्नत मामलों के लिए सर्जरी, सक्रिय संक्रमणों के इलाज के लिए एंटीबायोटिक्स, चेहरे की सफाई को बढ़ावा देना और पर्यावरण सुधार। मोबाइल क्लीनिक दूर-दराज के इलाकों में गए, मुफ्त इलाज की पेशकश की और व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाई। स्कूल बच्चों को चेहरा धोने और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए केंद्र बिंदु बन गए, जिससे संक्रमण संचरण का चक्र टूट गया। इन प्रयासों के पीछे अनगिनत गुमनाम नायक थे महिलाएँ, जो प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक बन गईं, अथक रूप से घरों का दौरा किया, दवाइयाँ वितरित कीं और स्वच्छता प्रथाओं को प्रोत्साहित किया। आशा कार्यकर्ता, जो अक्सर ग्रामीण परिवारों के लिए संपर्क का पहला बिंदु होती हैं, ने बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान करके और परिवारों को उपचार के लिए मार्गदर्शन करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके समर्पण ने गांवों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के समुदायों में बदल दिया, जो एक सामान्य लक्ष्य से एकजुट थे। पिछले कुछ वर्षों में, ट्रेकोमा का प्रचलन लगातार कम होता गया। सरकार के निरंतर प्रयासों ने स्वच्छता के बुनियादी ढाँचे में सुधार के साथ-साथ - जैसे कि शौचालयों का निर्माण, स्वच्छ पेयजल का प्रावधान और स्वास्थ्य शिक्षा अभियान ठोस परिणाम दिखाने शुरू कर दिए। 2015 तक, संक्रमण दर में 80त्न से अधिक की कमी आ गई थी, और मामलों के शेष क्षेत्रों को तीव्र हस्तक्षेप के साथ व्यवस्थित रूप से लक्षित किया गया था।

इन अथक प्रयासों की परिणति 2024 में ङ्घ॥ह्र द्वारा आधिकारिक घोषणा थी, जिसने भारत को ट्रेकोमा से मुक्त राष्ट्र के रूप में चिह्नित किया। यह उपलब्धि केवल एक बीमारी के उन्मूलन से कहीं अधिक का प्रतीक है; यह सामुदायिक भागीदारी, सरकारी प्रतिबद्धता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जीत का प्रतीक है। यह समग्र विकास के महत्व को भी रेखांकित करता है - स्वच्छता, जल आपूर्ति और स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार ऐसे कारक जो सीधे लाखों लोगों की भलाई को प्रभावित करते हैं। पूर्व में प्रभावित क्षेत्रों के परिवारों के लिए, इस जीत का मतलब है आने वाले दिन उज्जवल हैं। जो बच्चे कभी धुंधली दृष्टि और दर्द से पीड़ित थे, अब स्पष्ट दृष्टि और बेहतर भविष्य का आनंद ले रहे हैं। महिलाएँ, जो अक्सर प्राथमिक देखभाल करने वाली और कमाने वाली होती हैं, अपनी दृष्टि खोने के डर के बिना शिक्षा और काम कर सकती हैं। जो समुदाय कभी अंधेरे की छाया में रहते थे, अब आशा और प्रगति से रोशन हैं। सदियों पुरानी बीमारी से लड़ने से लेकर उसे पूरी तरह से मिटाने तक का भारत का सफ़र इस बात का प्रेरक प्रमाण है कि जब विज्ञान, सामुदायिक भावना और शासन एकजुट होते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है। ट्रेकोमा का उन्मूलन प्रगति का एक प्रकाश स्तंभ है, जो सभी भारतीयों के लिए एक स्वस्थ, अधिक न्यायसंगत भविष्य की ओर मार्ग को रोशन करता है। यह हमें याद दिलाता है कि सामूहिक प्रयास, करुणा और अटूट दृढ़ संकल्प के माध्यम से सबसे गहरे अंधकार को भी दूर किया जा सकता है। और हम ऐसा तभी कर सकते हैं जब हम ऐसी योजनाएँ बनाएँ जो लोगों की परवाह करें, न कि सिर्फ़ संख्याओं की। जब लोगों की आँखें स्वस्थ रहेंगी, तो भविष्य उज्ज्वल और स्पष्ट दिखाई देगा। अगर हमारा देश वर्ष 2045 तक एक मजबूत और विकसित देश बनना चाहता है, तो हमें इसे पहले छोटे, महत्वपूर्ण कदमों से बनाना होगा। हमने अच्छी प्रगति की है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। हमें ट्रेकोमा जैसी अन्य बीमारियों से भी लड़ना होगा जो गरीबी के कारण होती हैं। भारत ने दिखाया कि ट्रेकोमा नामक बीमारी से लड़कर, जो आँखों को खराब करती है, हम यह साबित कर सकते हैं कि जब डॉक्टर, शिक्षक और योजनाएँ सभी एक साथ काम करते हैं, तो कोई भी बीमारी इतनी बड़ी नहीं होती कि उसे हराया न जा सके।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा लेकिन आज आर्थिक रूप से दिन निराशाजनक ही रहने वाला है।

वृषः आज का दिन आप आराम से बिताएंगे कुछ दिनों से चल रही उलझने आज थोड़ी शांत होंगी।

मिथुनः आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में किसी से बंधी आशा टूटने से मन दुखी होगा।

कर्कः आज का दिन आपको प्रत्येक क्षेत्र में विजय दिलाएगा। आज जिस भी काम मे निवेश करेंगे उसमे दुगना धन मिलने की संभावना रहेगी।

सिंहः आज का दिन धन-धान्य वृद्धि कारक रहेगा। घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति पर खर्च होगा। सुख-सुविधा भी बढ़ेगी।

कन्याः आज आपकी बौद्धिक क्षमता में विकास होगा भले बुरे को परख कर ही कोई भी कार्य करेंगे फि़र भी स्वभाव अनुसार छोटी बातों पर अकड़ दिखाना नही जाएगा।

तुलाः आज का दिन विपरीत परिस्थितियों वाला रहेगा दिन के आरंभ में ही परिवार अथवा आस-पड़ोसियों से कलह हो सकती है।

वृश्चिकः आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। घर के बुजुर्गो एवं कार्य व्यवसाय से अकस्मात लाभ होगा।

धनुः आज के दिन आपकी मानसिकता बिना परिश्रम किया सुख भोगने वाली रहेगी यह कामना कुछ हद तक पूर्ण भी हो जाएगी।

मकरः आज के दिन आपकी बनाई योजनाए आरम्भ में विफल होती प्रतीत होंगी लेकिन कुछ समय बाद स्वतः ही सभी काम बनते चले जायेंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिए हानिकारक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर किसी गलत निर्णय के कारण आर्थिक हानि की संभावना है जिसकी भरपाई में समय लगेगा।

मीनः आज के दिन आप एक साथ कई क्षेत्रों से लाभ कमा सकते है परंतु आज आलसी प्रकृति भी रहने के कारण कुछ ना कुछ आशा के विपरीत अवश्य होगा।

सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त :07:19, चन्द्रोदय : 20:44, चन्द्रास्त : 06:29, अयन :दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय),ऋतु :वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु),विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : प्रीति, प्रथम करण :तैतिल (14:00 तक), द्वितीय करण :गर (25:46 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : मकर, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन कहाँ किया गया?

2) डोंग फेंग-26 मिसाइल किस देश ने विकसित की?

3) शेंदुर्णी वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?

4) श्रीलंका में हिंदी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उच्चायोग द्वारा कौन सी पहल शुरू की गई है?

5) हाल ही में दिवंगत हुए राजगोपाल चिदंबरम किस क्षेत्र से जुड़े थे?

उत्तरमाला- (1) सोनीपत, हरियाणा (2) चीन (3) केरल (4) भारत हिंदी महोत्सव (5) नाभिकीय भौतिकी

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

रायन इंटरनेशनल के विद्यार्थियों ने किया वृक्षारोपण

रायपुर/नवप्रदेश। रायन इंटरनेशनल शाला के विद्यार्थियों द्वारा ऑसीजोन में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षों की आवश्यकता और उसके महत्व से आज हम सब वाकिफहै। इसी दिशा में अपने पर्यावरण को स्वच्छ तथा हरा - भरा बनाये रखने के लिए रायन शाला के विद्यार्थियों द्वारा ये पहल की गई। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा गुलमोहर, कटहल, अमरुद, मुनगा आदि तरह - तरह के वृक्ष लगाकर बच्चों ने प्रकृति को हरियाली से परिपूर्ण बनाए रखने की जागरूकता दिखाई। इस अवसर पर शालेय विद्यार्थियों द्वारा वृक्षों की मनमोहकता से संबंधित गीत गाकर वृक्षों का गुणगान किया गया। वृक्षारोपण को बढ़ावा देने एवं सुरक्षित रखने के लिए जनजागरूकता की अनूठी मिसाल रायन शाला के बच्चों द्वारा क़ायम की गई।

लेजर तकनीक से किया बवासीर व भगंदर का इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के जनरल सर्जरी विभाग में लेजर इन बिनाइन प्रोक्टोलॉजी (गुदा संबंधी सौम्य रोगों में लेजर तकनीक) विषय पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक लाइव वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में आधुनिक चिकित्सा तकनीक को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत कर रोगियों को राहत दिलाने का उद्देश्य सफ्लतापूर्वक साकार किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मंजू सिंह, विभागाध्यक्ष, जनरल सर्जरी विभाग ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. संतोष सोनकर ने इस आयोजन को संस्थान के लिए एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ सर्जनगण- डॉ. संदीप चंद्राकर, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र नरसिंह, डॉ. एस. एल. निराला, डॉ. राजेन्द्र रात्रे, डॉ. सरिता दास, डॉ. मनीष साहू, डॉ. सौमित्र दुबे, डॉ. अंजली जलान एवं डॉ. प्रेक्षा जैन उपस्थित रहे। इनकी गरिमामयी उपस्थिति और चिकित्सकीय अनुभवों ने आयोजन को और भी समृद्ध बनाया।

बिल्डर बाप और बेटे पर 420 का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश । आजाद चौक पुलिस ने पुरन्दर प्रमोटर्स एवं डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के पाम वलाजियो प्रोजेक्ट के बिल्डर पिता-पुत्र मुकेश अग्रवाल व सुरेश अग्रवाल एवं अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में धारा 420, 34 के तहत केस दर्ज किया है। चौबे कॉलोनी निवासी प्रकाश की ओर से की गई शिकायत पर एफआईआर की गई है। मामला रिपोर्टकर्ता एवं उनके परिचित की जमीन को फर्जी विक्रय विलेख तैयार करके अपना बताते हुए आरोपियों द्वारा अपने प्रोजेक्ट के बदले नगर निगम में बंधक रख दिए जाने का है। रिपोर्ट के मुताबिक पुरन्दर प्रमोटर्स एवं डेवलपर्स के डायरेक्टर मुकेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल एवं अन्य द्वारा सड्डू स्थित प्रार्थी की 60 हजार वर्गफीट जमीन को अक्टूबर 2017 में जॉइंट वेंचर के माध्यम से डेवलप करने तथा बदले में मकान, फ्लैट, रकम बतौर प्रतिफल देने सहमति बनी थी. उक्त जमीन नगर निगम रायपुर में अंतरण किया जाना था. आठ जून 2018 को मुकेश अग्रवाल की कंपनी व रिपोर्टकर्ता के मध्य इकरारनामा हुआ। नवंबर 2017 से 26-09-2019 तक अलग-अलग किस्तों में 2 करोड़ 70 लाख 64,220 रुपए दिए गए. एफआईआर में जानकारी दी गई है कि 2021 तक उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं किया गया।

महाराष्ट्र मंडल में 10अगस्त को नगर स्तरीय अंताक्षरी स्पर्धा

रायपुर /नवप्रदेश । महाराष्ट्र मंडल की नगर स्तरीय अंताक्षरी स्पर्धा रविवार, 10 अगस्त को आयोजित की जा रही है। मंडल की खूलकूद समिति और कला व संस्कृति समिति की ओर से आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता इस बार एक दिवसीय होगी। मंडल की उपाध्यक्ष और खेलकूद समिति की समन्वयक गीता दलाल ने बताया कि गत वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के साथ सोलो सांग कंपिटिशन होने के कारण यह आयोजन दो दिवसीय था। इस बार एक दिवसीय अंताक्षरी स्पर्धा में 30 टीमें हिस्सा लेंगी और प्रत्येक टीम में चार खिलाड़ी होंगे। अंताक्षरी में दिलचस्पी रखने वाले खिलाड़ियों के पास यदि टीम नहीं है, तो भी वे अपने नाम का पंजीयन करवाकर स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। आयोजन समिति ऐसे अन्य प्रतिभागियों को मिलाकर रेंडम टीमें बनाएगी। आयोजन समिति की सह संयोजिका मालती मिश्रा के मुताबिक 30 टीमों के बीच पांच राउंड के मैच होंगे। सभी राउंड में छह टीमें होंगी। हर राउंड में छह स्लाट के माध्यम से स्पर्धा होगी।

लागत 7.02 रुपए जबकि न्यूनतम घरेलू दर मात्र 4.10 रुपए

नई बिजली दरें संतुलित, ग्रामीण-आदिवासी सभी के लिए हितकारी तथा विकासपरक

- औसतन घरेलू दर में मात्र 10 से 20 पैसे तक वृद्धि
- गत वर्ष की तुलना में 1.89 प्रतिशत नाममात्र वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा आज छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण कंपनी लिमिटेड तथा छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विद्युत दरों का अनुमोदन किया गया। वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर ने बताया कि समेकित रूप से विद्युत दर में विगत वर्ष की तुलना में मात्र 1.89 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जो नगण्य है। कृषि उपभोक्ताओं के लिए कुछ मदों में दर वृद्धि की गई है जिसका भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है, अतः इससे कृषि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह का अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। इसके अलावा अस्थायी कनेक्शनों, आदिवासी अंचलों, मुरमुरा-पोहा उद्योगों, प्रिंटिंग प्रेस आदि के लिए रियायतें बढ़ाई गई है या यथावत् रखी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी को विद्युत की लागत 7 रू. 2 पैसे पड़ती है जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को न्यूनतम 4 रू. 10 पैसे की दर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। नई विद्युत दरों की कुछ विशेषताओं को उल्लेखित किया गया है। निम्न मध्यम वर्ग के घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट एवं अन्य घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गौशाला, शासन द्वारा अधिसूचित बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में आने वाले स्टे-होम्स में प्रयुक्त होने वाली विद्युत पर घरेलू विद्युत दर लागू करने हेतु घरेलू उपभोक्ता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। घरेलू उपभोक्ता श्रेणी के अन्तर्गत लिए गए अस्थाई कनेक्शन पर नार्मल टैरिफ का 1.5 गुना टैरिफ के स्थान पर नार्मल टैरिफ का 1.25 गुना टैरिफ लागू किया गया है।

राज्य शासन द्वारा अधिसूचित वाम चरमपंथी प्रभावित जिलों में संचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु मोबाईल टॉवर की स्थापना को प्रोत्साहित करने हेतु इन क्षेत्रों में आने वाले सभी मोबाईल टॉवरों को ऊर्जा प्रभार में 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है। कृषि पम्पों के लिए विद्युत की दरों में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। कृषि पंपों के विद्युत देयकों का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाता है, अतः यह भार राज्य शासन स्वयं वहन करेगा। गैर घरेलू उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है एवं इसी श्रेणी के अंतर्गत लिए गए अस्थाई कनेक्शन पर भी नार्मल टैरिफ का 1.5 गुना टैरिफ के स्थान पर नार्मल टैरिफ का 1.25 गुना टैरिफ लागू किया गया है। गैर सबसिडी वाले कृषि विद्युत पंप वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट को बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। किसानों को खेतों में लगे विद्युत पम्पों और खेतों की रखवाली के प्रयोजनार्थ पम्प कनेक्शन के अंतर्गत वर्तमान में पम्प के समीप 100 वॉट के भार उपयोग की सुविधा प्रभावशील है। किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा 100 वॉट तक लाईट एवं पंखे की स्वीकृति जारी रखी गई है।

7.02 प्रति यूनिट निर्धारित किया

पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए निम्न दाब इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग इकाईयों हेतु इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग की टैरिफ को औसत विद्युत लागत के बराबर अर्थात् रू.7.02 प्रति यूनिट निर्धारित किया गया है। उच्च दाब उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग की टैरिफ को औसत विद्युत लागत के बराबर अर्थात् रू. 6.32 प्रति केव्हीएएच निर्धारित किया गया है। नियामक आयोग द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु पंजीकृत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित उद्योग संबंधी गतिविधियों और व्यवसायिक गतिविधियों को ऊर्जा प्रभार में 10 प्रतिशत की छूट जारी रखी गई है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों, बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्रधिकरण तथा सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण में संचालित अस्पताल, नर्सिंग होम एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए प्रचलित विद्युत दरों के ऊर्जा प्रभार में दी जा रही 5 प्रतिशत की छूट को जारी रखा गया है।

कांग्रेस ने लोकतंत्र से किया खिलवाड़: बृजमोहन अग्रवाल

राहुल गांधी अपने गिरेबां में झांकें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और रायपुर से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को कांग्रेस और विपक्षी नेताओं को आड़े हाथों लिया। उन्होंने राहुल गांधी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा बिहार में भी महाराष्ट्र की तरह 'वोट चुराने' की साजिश कर रही है।

राहुल गांधी के बयान पर जवाब देते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उन्हें पहले अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। कांग्रेस ने वर्षों तक सत्ता में रहते हुए लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया है और चुनावी धांधलियों का इतिहास उसी के नाम है। आज देश का चुनाव आयोग पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से काम कर रहा है। चुनाव आयोग पर अविश्वास जताना पूरे लोकतंत्र और देश पर अविश्वास जताने जैसा है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान की भी आलोचना की, जिसमें खड़गे ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के लिए अमेरिका को श्रेय दिया था। बृजमोहन ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में रहकर, भारत की पार्टी के नेता होने के बावजूद, पाकिस्तान और अमेरिका को श्रेय दिया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि उनकी निष्ठा और सोच किस ओर झुकी हुई है। हिंदी भाषा को लेकर जारी विवाद पर भी बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी राय रखी। हाल ही में पवन कल्याण ने कहा था कि 'तेलुगू हमारी मां है और हिंदी मौसी।' इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस विषय पर ज्यादा विवाद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि हिंदी को धीरे-धीरे सभी को अपनाना चाहिए। हिंदी न सिर्फ देश की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, बल्कि यह भारत की एकता और अखंडता का मजबूत सूत्र भी है। हिंदी से देश के नागरिकों के बीच विश्वास और जुड़ाव की भावना मजबूत होती है।

कम्प्यूटर, फर्नीचर की खरीदी में मनमानी

- रिटायर्ड प्राचार्य के पेंशन से होगी वसूली

रायपुर/नवप्रदेश । कॉलेज में कम्प्यूटर, फर्नीचर की खरीदी में नियमों का पालन नहीं करना रिटायर्ड तत्कालीन प्राचार्य को भारी पड़ गया। इस मामले में उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय ने सेवानिवृत्त तत्कालीन प्राचार्य डॉक्टर निशा शर्मा के पेंशन से 17 लाख से ज्यादा की राशि वसूलने का आदेश जारी किया है.।पूरा मामला गजानन अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा का है।

आदेश में कहा गया है कि गजानन अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के निर्माण कार्य, कम्प्यूटर एवं फर्नीचर खरीदी में सेवानिवृत्त तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक डॉक्टर निशा शर्मा ने नियमों का उल्लंघन किया है. उन्होंने भंडारण क्रय नियम का उल्लंघन करते हुए निविदा प्रक्रिया का पालन नहीं किया, जिससे शासन को वित्तीय हानि हुई है. इस मामले में अब सेवानिवृत्त तत्कालीन प्राचार्य डॉक्टर निशा शर्मा से 17,71,106 रुपए उनके पेंशन से वसूली की जाएगी।

फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर में एक शख्स की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को बरामद कर मर्चुरी के लिए भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक, उरला थाना क्षेत्र के अछोली इलाके में दृष्टिहीन शख्स की शुक्रवार रात को संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर लिया. शव को मर्चुरी में रखा गया है. आज पोस्टमार्टम होगा. मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

परिवहन विभाग की अहम पहल

प्रदेश के 56 पेट्रोल पंपों पर खुलेंगे प्रदूषण जांच केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश । राज्य में वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण को प्रभावी बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने एक अहम पहल की है। आगामी दिनों में 56 पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केंद्र की स्थापना की जाएगी।

परिवहन विभाग के सचिव एवं परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश (भाप्रसे) तथा अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर (भापुसे) की उपस्थिति में पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पेट्रोल पंपों में प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित करने की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में एचपीसीएल ने बताया कि रायपुर स्थित सेंट्रल जेल के पास उनके पेट्रोल पंप में पीयूसी सेंटर की शुरुआत हो चुकी है और आगामी दिनों में 50 आउटलेट्स में सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य है।

वहीं जियो पेट्रोलियम ने धमतरी और रायपुर के पंपों में केंद्र प्रारंभ कर दिए हैं तथा इस तिमाही में 6 नए केंद्र खोलने की योजना है। इंडियन ऑयल कंपनी ने जानकारी दी कि रायपुर-बिलासपुर मार्ग स्थित जय-जवान पेट्रोल पंप में पीयूसी सेंटर शुरू किया गया है। परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिए कि पीयूसी सेंटरों की उपलब्धता की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक वाहन मालिक प्रदूषण जांच करवा सकें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें।

बैठक में उप परिवहन आयुक्त मनोज कुमार ध्रुव, एआरटीओ युगेश्वरी वर्मा तथा तेल कंपनियों के प्रतिनिधि इंडियन ऑयल से विशाल राणा, एचपीसीएल से राकेश जोशी एवं नितिन श्रीवास्तव और जियो पेट्रोलियम से शिखर श्रीवास्तव उपस्थित थे।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

'राज्यपाल डेका ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

रायपुर /नवप्रदेश । राज्यपाल रमेन डेका ने आज अपने कोरबा प्रवास के दौरान जिला पंचायत परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत बादाम के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों से अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अपील की। साथ ही लगाए गए पौधे को सजीव बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना है। पड़ पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अनमोल उपहार है।

इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

27 जुलाई तक लगाए जाएंगे 51,000 पेड़

- एक पेड़ देश के नाम रायपुर कलेक्टर ने की वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद स्थित द एग फीड्स में एक पेड़ देश के नाम अभियान का आगाज किया गया। इस अभियान के तहत 12 से 27 जुलाई तक 51,000 पेड़ लगाए जाएंगे। अभियान के पहले दिन कलेक्टर गौरव कुमार सिंह मुख्य अथिति के तौर पर शामिल हुए।

इस मौके पर रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने कहा कि आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में किसी और के लिए सोचना अपने आप में बड़ी बात है. सोचते तो सभी हैं, लेकिन अपने घरों से निकलकर दूसरों के लिए कुछ करना वास्तव में मायने रखता है. अक्सर लोग दूसरों को ज्ञान तो बहुत दे देते हैं, लेकिन जब खुद करने की बात आती है तो पीछे हट जाते हैं. हिमांशु जी की खासियत यह है कि वे कम शब्दों में बड़ी बात कह जाते हैं। आज यहां जितने लोग उपस्थित हैं, वे सभी कमाने वाले लोग हैं. पेड़ तो आप लगा रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि वे पेड़ बचे भी हैं या नहीं? उनमें कोई होमवर्क या फॉलोअप नहीं होता।

उन्होंने कहा कि मैंने आयोजकों से भी कहा कि आपने जितने पेड़ लगाए हैं, उनमें से कितने जीवित हैं? क्या हम उनकी सतत मॉनिटरिंग कर पाएंगे? यह समस्या केवल व्यक्तिगत प्रयासों तक सीमित नहीं है, सरकारी क्षेत्रों में भी यही स्थिति है. रायपुर में एक इंजीनियरिंग संस्थान इस दिशा में काम कर रहा है, और उसका काम अब पूरा हो चुका है। वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि पेड़ का होना जरूरी है, पेड़ लगाना जरूरी है। लेकिन जितनी तत्परता हम पेड़ कटवाने के संदर्भ में दिखाते हैं।

विधायक मोतीलाल की उपस्थिति में ग्रीन आर्मी और निगम ने बनाया 'डेंस फॉरेस्ट'

रायपुर/नवप्रदेश। प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, ग्रीन आर्मी संस्था ने आज नगर निगम रायपुर के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण वृक्षारोपण अभियान चलाया। हिमालय हाइट्स, देवपुरी के सामने 1500 पौधे लगाकर एक सघन 'डेंस फॉरेस्ट' (घना जंगल) की नींव रखी गई है। इस वन की पूरी देखरेख की जिम्मेदारी ग्रीन आर्मी को सौंपी गई है। यह पहल न केवल रायपुर के हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का भी प्रतीक है।

पर्यावरण में ग्रीन आर्मी का योगदान

पिछले 8 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही ग्रीन आर्मी संस्था ने वृक्षारोपण के साथ-साथ अनगिनत जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में हरित क्रांति की अलख जगाई है। जोन कमिश्नर जोन 10, श्री विवेकानंद दुबे जी ने इस अवसर पर कहा, ÷वृक्षारोपण से बढ़कर कोई पावन पर्व नहीं हो सकता।÷ उन्होंने ग्रीन आर्मी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल रायपुर में, बल्कि पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण के माध्यम से लोगों को नवजीवन प्रदान कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज प्रदेश का हर व्यक्ति इस संस्था के नेक कार्यों से परिचित है और इसकी सराहना करता है।

ग्रीन आर्मी का संकल्प

प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री अमिताभ दुबे ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रीन आर्मी का लक्ष्य शहरों में हरियाली, स्वच्छ वायु और जैव विविधता को बढ़ावा देना है, और संस्था अपने इस मिशन के प्रति दृढ़ संकल्पित है।

ग्लोबल वार्मिंग से निपटने पेड़ लगाए

इस अवसर पर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू ने इस महाअभियान की प्रशंसा की। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री की 'एक पेड़ मां के नाम' की अपील का स्मरण कराते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियाँ पौधों और पेड़ों के अभाव में ही उत्पन्न हुई हैं। विधायक साहू ने ग्रीन आर्मी के कार्यों की सराहना करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वे स्वयं ग्रीन आर्मी के वृक्षारोपण और विभिन्न जागरूकता अभियानों में कई बार शामिल हुए हैं, और संस्था का कार्य वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने पॉलीथिन के विरोध में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की भी विशेष रूप से सराहना की।

स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने बारसूर पहुंचे नंदलाल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने आज बारसूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उपस्थित डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान श्री मुड़ामी ने अस्पताल परिसर की साफ सफाई, दवा उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। मरीजों से बातचीत में उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी मरीज को इलाज में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं समय पर मिलें।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को मानवीय संवेदना के साथ इलाज प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र एकमात्र बड़ा उपचार केंद्र है, इसलिए इसकी सेवाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कुछ आवश्यक संसाधनों की कमी की बात भी सामने आई, जिस पर श्री मुड़ामी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा हमारी प्राथमिकता है और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर पंचायत स्तर पर लगातार प्रयास जारी हैं।

निरीक्षण के समय इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा नाग, मंडल अध्यक्ष बेसु मंडावीठ्ठ, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता मंडावी, सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा, मंडल प्रभारी सत्यनारायण महापात्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष भारद्वाज, राजेश नाग, श्रीमती संध्या शुक्ला, सोमडू कोर्राम, श्रीमती हिरण बाई पुजारी, भीमाराम कश्यप, जगत सिंह पुजारी, भुवनेश्वर भारद्वाज, हाड़ी राम नाग , विजय कश्यप, सुनील नाग, दिनेश कौशल, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, बदरीनाथ पुजारी, श्रीमती गीता बघेल, श्री सुरेंद्र नाग, समरथ, श्रीमती विजय पुजारी, श्रीमति संगीता पुजारी, हितेश सिंहा, ऋषित राव, समलूराम मंडावी, सुश्री मालती हिड़को, गोपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन, स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

प्राथमिक शाला मुरारी पारा में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

कोंडागांव/नवप्रदेश। कब बुलबुल टीम के छात्र छात्राओं द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मुरारी पारा बड़ेबेंदरी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कब ब्बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनों को पुष्पगुच्छ, लेखनी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर गुरु शिष्य परंपरा पर शिक्षकों द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा आध्यात्मिक गुरुओं और शिक्षकों के स्मरण में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्यौहार है ।गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु है के प्रति सम्मान ,प्रशंसा और स्मरण का दिन है ।जो हमारी राह को अंतर्दृष्टि और समझ से प्रकाशित करते हैं ।गुरु पूर्णिमा मुख्यतः हमारे गुरुओं के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का दिन है। गुरु हमें ज्ञान और बुद्धि प्रदान करते हैं ।

बिजली पोल से टकराई बाइक, घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के मर्दापाल थाना क्षेत्र अंतर्गत मूलनार गांव में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक श्यामसुंदर पोयाम (19) निवासी पुषावंड गंभीर रूप से घायल हो गया। तो वहीं बाइक चालक श्यामसुंदर का चाचा जीतूराम पोयाम मामूली रूप से घायल हो गया।हादसे के तत्काल बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मर्दापाल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल कोण्डागांव रेफर कर दिया गया। हालांकि, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान श्यामसुंदर पोयाम ने दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय बाइक श्यामसुंदर के चाचा जीतूराम पोयाम चला रहे थे, जिन्हें हादसे में मामूली चोटें आई हैं। सिटी कोतवाली ने जीरो में मर्ग कायम कर घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

पैराडाइज स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर विविध कार्यक्रम

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई. स्कूल में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम किया गया। इस विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हायर सेकेण्डरी के छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक के माध्यम से अत्यधिक जनसंख्या तथा जागरूकता के महत्व पर शैक्षणिक एवं आकर्णक संदेश दिया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विषेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो: कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने गत दिवस जिले में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कामों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले की 43 ग्राम पंचायत, जिनमें पांच से अधिक निर्माण कार्य लंबित हैं, उन ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी, उप अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व निर्माण शाखा के लिपिकों की समीक्षा बैठक लेकर उक्त कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी तथा उचित मूल्य की दूकान के भवनों, किचन शेड, सेग्रीगेशन शेड को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायतो के सरपंचों को प्रोत्साहित करते हुए अपूर्ण, प्रगतिरत, निर्माण कार्यों को पूर्ण कराये जाने पर नवीन कार्यों की स्वीकृति का आश्वासन भी दिया गया। साथ ही अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों को 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण कराये जाने पर प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र आवश्यक सामग्री क्रय किये जाने हेतु 01 लाख रुपये की स्वीकृति दिये जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जो कार्य पूर्ण हैं, उन कार्यों का मूल्याकंन कर 3 दिवस के भीतर जिला कार्यालय को प्रेषित करने तथा जिन ग्राम पंचायतो में अधिक कार्य अपूर्ण है, उन ग्राम पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतो को सतत निरीक्षण कर कार्य में गति लाने निर्देशित किया गया।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने अपूर्ण, प्रगतिरत कार्यों की कार्यवार विस्तृत समीक्षा करते हुए बैठक में सही जानकारी उपलब्ध नही कराये जाने के कारण जनपद पंचायत के शाखा लिपिक तथा ग्राम पंचायत बांदे के सचिव को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिये। अपूर्ण/प्रगतिरत कार्यों में ऐसे निर्माण कार्य जो पूर्णता पर है, उन्हें मैं 15 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद थे।

कमल सदन में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा संभाग स्तरीय बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा कि संभाग स्तरीय बैठक कमल सदन भाजपा जिला कार्यालय कांकेर में सम्पन्न हुई जिसमे आगामी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कांकेर में एक बड़ा अधिवेशन होगा जिसकी तैयारी को लेकर कमल सदन भाजपा जिला कार्यालय अलबेला पारा कांकेर में रखी गई जिसमें स्वागत भाषण में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बैठक कि प्रस्तावना रखते हुए सभी उपस्थित जनो का स्वागत अभिनन्दन किया इसी कड़ी मे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने उद्बोधन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का आगामी अधिवेशन के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ - साथ सभी मोर्चों का सहयोग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाना है और जन जन तक केन्द्र सरकार व राज्य सरकार कि योजनाएं पहुंचे इसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है इसी कड़ी में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चन्द्राकर ने कहा कि आने वाला एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें एक देश एक चुनाव को लेकर, जाति जनगणना मे पिछड़ा वर्ग को होने वाले लाभ संकल्प से सिद्धि तक एक पेड़ मां के नाम इस विषय पर विस्तृत से अपना उद्बबोधन देते हुए कहा कि हमें जो कार्य हमे जो दायित्व दिया गया है उसका हम ईमानदारी से निर्वाह करे राकेश चन्द्राकर ने कहा कि एक देश एक चुनाव एक देश के लिए एक ऐसा समाधान है जिससे बार बार होने वाले खर्च, समय व विकास के कार्य बाधित नही होंगे साथ ही जाति जनगणना मे पिछड़ा वर्ग को एक बड़ा लाभ होगा इसलिए हमें सभी से अपील करना चाहिए कि होने वाले जाति जनगणना में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

विश्व जनसंख्या दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

छात्र- छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी

कोंडागांव/नवप्रदेश। माननीय किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार में गायत्री साय, व्यवहार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के नेतृत्व में श्री सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव द्वारा शासकीय हाई स्कूल कोकोडी के छात्र-छात्राओ में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र- छात्राओ को बढ़ती हुई जनसंख्या के बारे में बताते हुए बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने या इसे बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में, व बाल मजदूरी निषेध एवं नियमन/अधिनियम, 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाया जाना चाहिए अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध मे आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे मे जानकारी दी गई।

इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल कोकोडी के प्राचार्य श्री किशन लाल नेताम एवं श्री रंजन कुमार बैध,लोकेश कुमार यादव अधिकार मित्र सहित समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

नालसा द्वारा संचालित विशेष मध्यस्थता अभियान की सफलता के लिए न्यायिक अधिकारियों की बैठक

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में नालसा द्वारा संचालित मध्यस्थता राष्ट्रके लिए अभियान (भारत के सभी तालुका न्यायालयों, जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को निपटाने के लिए 90 दिनों का मध्यस्थता अभियान) के संबंध अभियान को प्रभावी क्रियान्वयन और सफलता सुनिश्चित करने हेतु समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्ताओं के साथ जागरूकता कार्यशाला/ बैठक का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशअध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं मध्यस्थता केन्द्र से जुड़े सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही।

न्यायाधीश महोदय ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यस्थता न्यायिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण विकल्प है, जो समयबद्ध, सुलभ, किफायती एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्रदान करता है। उन्होनें विशेष मध्यस्थता अभियान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए अधिवक्ताओं से अपिल की कि वे अधिकाधिक मामलों को मध्यस्थता हेतु चिन्हित कर पक्षकारों को इस दिशा में प्रेरित करें। कार्यशाला बैठक में मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभ, चयन योग्य प्रकरणों की पहचान, तथा मध्यस्थता केन्द्र की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

अधिवक्ताओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम किया जा सके।

बैठक में उपस्थित समस्त अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मध्यस्थता एवं नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

सी-मार्ट, शिल्प नगरी और महिला समूहों की आजीविका गतिविधियों का लिया जायजा

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन डायरेक्टर -आर एल राजेश्वरी एसएम ने शुक्रवार को कोण्डागांव जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिल्प नगरी कोण्डागांव और जिला स्तरीय सी-मार्ट का निरीक्षण किया तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों को बढ़ावा देने और उनके विपणन हेतु सी-मार्ट के माध्यम से बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।डायरेक्टर ने महिला स्व-सहायता समूहों के दीदियों को ष्लखपति दीदीष् बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें जिला व विकासखण्ड स्तर पर विभागीय योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने समूहों को सब्जी उत्पादन, मुर्गीपालन, बकरीपालन, सुकरपालन, मछली पालन, किराना दुकान, फैंसी स्टोर, मक्का उत्पादन जैसी आजीविका गतिविधियों से जोड़ने की बात कही।उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे ड्रीप सिंचाई, मचान पद्धति और मल्चिंग विधि को अपनाकर ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।भ्रमण के दौरान उन्होंने आईएफसी क्लस्टर अंतर्गत ग्राम बफना में महिला किसान श्रीमती शांति देवांगन एवं अनिता देवांगन के खेत का दौरा किया, जहाँ ड्रीप और मल्चिंग तकनीक से सब्जी उत्पादन हो रहा है। उन्होंने महिला किसानों से चर्चा कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। महिला किसानों ने बताया कि आईएफसी क्लस्टर से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और वे 2 से 2.5 लाख रुपये तक की वार्षिक आय अर्जित कर रही हैं। डायरेक्टर ने अन्य महिला समूहों को भी इसी तरह प्रेरित करने और उन्हें सशक्त बनाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 22 पुलिसकर्मियों का किया स्थानांतरण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक येदुवेल्ली अक्षय कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में पदस्थ 22 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। यह स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है और सभी को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव द्वारा जारी आदेश अनुसार सहायक उप निरीक्षक दिनेश पटेल की थाना कोण्डागांव से चौकी बांसकोट, भूपेन्द्र बघेल को रक्षित केन्द्र से थाना कोण्डागांव, प्रधान आरक्षक लोकेश मरकाम थाना फरसगांव से रक्षित केन्द्र, मंगेश मण्डावी थाना बयानार से रक्षित केन्द्र, मिलन राम दीवान रक्षित केन्द्र से थाना फरसगांव, सहदेव कुंजाम थाना माकड़ी से थाना उरन्दाबेड़ा, निर्मल मण्डावी थाना उरन्दाबेड़ा से थाना माकड़ी, आरक्षक कमलेश सोरी थाना केशकाल से रक्षित केन्द्र, रूपेश मरकाम रक्षित केन्द्र से थाना केशकाल, फरसूराम मरकाम थाना फरसगांव से थाना माकड़ी, थाना बयानार से रक्षित केन्द्र, गजानन प्रसाद यादव थाना पुंगारपाल से थाना कोण्डागांव, रामेश्वर भगत थाना कोण्डागांव से थाना पुंगारपाल किया गया है।

सांसद महेश कश्यप ने 59 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। सांसद महेश कश्यप द्वारा नारायणपुर के एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला पंचायत कार्यालय परिसर में लाखों रूपये का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने जनपद पंचायत नारायणपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भरण्डा में 10.37 लाख रूपये के आरसीसी पुलिया निर्माण, ग्राम इरको में 9.96 लाख रूपये के सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत देवगांव में 5.25 लाख रूपये के आरसीसी पुलिया निर्माण, घोटूलपारा में 10 लाख रूपये के सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं जनपद पंचायत ओरछा अंतर्गत कोडोली उर्फ कस्तुरमेटा में 10 लाख रूपये के आरसीसी स्लेट कनवर्ट कार्य और कलमानार में 13.47 लाख रूपये के 300 मीटर सीसी सड़क कार्य हेतु कुल 59 लाख 05 हजार रूपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

नाबालिग का अपहरण, छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ़्तार

कांकेर/नवप्रदेश। थाना भानुप्रतापपुर उत्तर बस्तर कांकेर 12 जुलाई को नाबालिग का अपहरण कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी बिपिन विश्वास पिता बीरेंद्र विश्वास उम्र 22 वर्ष निवासी पीवी 72 थाना परतापुर जिला कांकेर को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।मामला नाबालिग बालिका संबंधी होने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान उमनि.एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक आई. के.ऐलिसेला के निर्देषन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिन्हा के मार्गदर्षन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शेरबहादुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में टीम गठित कर पीडित अपहृता एवं आरोपी का पता तलाश शुरू किया गया।28 जून 2025 को मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी लडकी नाबालिग पुत्री 25 जून 2025 तकरीबन 16.00 बजे को घर से बिना बताये कही चली गयी है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 29/2025 एवं अपराध क्रमांक 112/2025 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर जांच पता तलाश में लिया गया। पुलिस के पड़ताल के दौरान पीड़िता को दस्तयाब एवं आरोपी बिपिन विश्वास को गिरफ़्तार कर मा.न्यायलय में पेश किया गया है।

पेज -1 का शेष

दस साल से अधिक ...

प्रतिशत किया गया है। यह निर्णय व्यापार जगत को सहूलियत देने वाला साबित होगा। जीएसटी प्रणाली में वाउचर पर करदेयता के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए 'टाइम ऑफसप्लाई' के प्रावधान को विलोपित किया गया है। इस संबंध में विभिन्न एडवांस रूलिंग अथॉरिटी में मतभिन्नता थी, अतः एकरूपता के प्रयोजन से यह संशोधन लाया गया।

विधानसभा में पेश होगा ...

करने का काम करेगा।

2031 तक होगी 50 लाख की आबादी

2031 तक इस क्षेत्र में लगभग 50 लाख लोगों के रहने की संभावना है। इसलिए भूमि का प्रभावी उपयोग और पर्यावरण की रक्षा करते हुए शहरी विकास सुनिश्चित करना जरूरी है। इस तरह राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों को बेहतर, सतत और सुव्यवस्थित बनाने में मदद करेगा।

दो अलग-अलग घटनाओं ...

में रहने वाला दिलीप पटेल शुक्रवार की शाम घर के कुएं की सफाई के लिए कुएं में उतरा। सफाई के दौरान वह पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसका सगा भाई दिनेश पटेल भी कुएं में उतर गया। ऐसी आशंका है कि कुएं के भीतर ऑक्सीजन की कमी के कारण दोनों भाइयों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर बेलगहना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कुएं से निकाला गया। पुलिस का कहना है कि मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा।

एडवोकेट की डीएनए...

हाई कोर्ट ने यह भी पाया कि याचिकाकर्ता ने ब्लड सैंपल देने की सहमति देते हुए 4 जुलाई 2024 को सेम्पल दिया था।

यूनेस्को की विश्व धरोहर ...

सहित 18 महीने की कठोर प्रक्रिया के बाद शुक्रवार की शाम पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में विश्व धरोहर समिति के सदस्यों द्वारा यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा...

कार्य में ठेकेदार द्वारा उक्त कॉम्प्लेक्स का बेस तैयार किया गया जो कि पूर्णतः कमजोर एवं अधूरा था नीचे लेवल का बेस केवल मिट्टी एवं अल्प मात्रा में गिट्टी का उपयोग कर बेस तैयार किया गया जिसके चलते छत ढुलाई की कॉक्रीट, छड़, गिट्टी एवं सामग्री का बोझ कमजोर बेस तैयार होने से दब गए और ढलाई के दौरान छत झुक गए।

लीपा पोती करने खाली बोरियो को जला दिया उक्त व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स की छत ढुलाई के बाद जब झुकने लगे तो ठेकेदार द्वारा अपने मजदूरों से कहकर ढलाई कार्य में लगे सीमेंट बोरियों को जला दिया वहीं चिकन मार्केट के व्यापारियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा शुरू से ही मार्केट में मिलने वाले सस्ते सीमेंट का ही उपयोग किया गया।

एक करोड़ 18 लाख के 23 ...

पुनर्वास नीति और नियाद नैलानार जैसी योजनाओं से प्रभावित होकर सरेंडर किया है।

हिड़मा का गनमैन कलमू ...

ऑपरेशन में हिड़मा, देवा और चंद्रन्ना सभी मौजूद थे।

अब तक 427 से ...

अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ और जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूँगा। मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है।

पीएम मोदी ने 51,000...

कल्याण मंत्रालय, वित्तीय समावेशन और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देंगे। पीएम मोदी ने कहा, विभाग भले ही अलग हों, लेकिन आपका ध्येय एक है - राष्ट्र सेवा। आप रेलवे में दायित्व निभाएं, देश की सुरक्षा करें, डाक सेवाओं को गांव-गांव पहुंचाएं या स्वास्थ्य मिशन का हिस्सा बनें, आपका लक्ष्य विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना है।

एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में खेलेगी बीजापुर की बेटी

भारतीय टीम के कोच जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार होंगे

बीजापुर/ नवप्रदेश। एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन शियान, चाइना में 14 से 20 जुलाई तक किया जा रहा है। इसमें भाग लेने वाले भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ी जिसमें बीजापुर, आवापली की चंद्रकला तेलम एवं पामगढ़ की शालू डहरिया का चयन किया गया है तथा भारतीय टीम के कोच बीजापुर के सोपान कर्णेवार बनाए गए हैं। इस टूर्नामेंट की विजेता एवं उपविजेता टीम को वर्ल्ड कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा।

भारतीय दल में चयन के पूर्व चंद्रकला तेलम को कठिन परीक्षण से गुजरना पड़ा है। पहला चयन परीक्षण 2 से 3 फरवरी को अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया, उसके बाद 22 से 26 फरवरी तक नागपुर में आयोजित सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी खिलाड़ियों की स्क्रीनिंग की गई, तत्पश्चात 15 एवं 16 अप्रैल को श्रीनगर जम्मू में अंतिम चयन परीक्षण आयोजित कर खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। इसके बाद 3 से 10 जून तक इंदौर में स्पेशल कोचिंग कैंप का आयोजन हुआ तथा भारतीय दल का गठन किया गया। भारतीय दल को 20 से 25 जून श्रीनगर में तथा 7 से 12 जुलाई तक नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

भारतीय दल 13 जुलाई को नई दिल्ली से शियान, चीन के लिए प्रस्थान करेगा। भारतीय टीम में शामिल चंद्रकला तेलम 8 बार नेशनल चैंपियनशिप में खेल चुकी है। सोपान कर्णेवार भी इसके पहले पिंगटन सिटी, चाइना में आयोजित अंडर-18 एशियन सॉफ्टबॉल चैंम्पियनशिप में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं। इनके कोचिंग में अब तक 147 खिलाड़ी नेशनल और 11 खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल पर खेल चुके हैं।बीजापुर जिले का भारतीय टीम में प्रतिनिधित्व कर इन उपलब्धियां में बीजापुर जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, खेल प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को हार्दिक बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भारत पेट्रोलियम की पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव नामंजूर

नगर पालिका का निर्णय को कलेक्टर ने किया निलंबित

एमसीबी/ नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डी. राहुल वेंकट द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को एम.डी.पी.ई. माध्यम घनत्व पॉलीथिन पाइपलाइन डाया 32 mm / 63 mm/ 90mm / 125 mm के माध्यम से नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में भूमिगत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने की अनुमति 15 मार्च 2024 को दी गई थी, जिसमें कार्य पूर्ण करने की 6 माह की शर्त अधिरोपित की गई थी। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने पर अनुमति निरस्त मानी जानी थी, किंतु शर्तों के अनुसार भारत पेट्रोलियम द्वारा समयावधि बढ़ाने हेतु नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ को आवेदन प्रस्तुत किया गया था।भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड छत्तीसगढ़-1 गैस टेरिटोरी द्वारा क्रमशः 5 सितंबर 2024 और 7 जून 2025 को विस्तार हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिस पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की साधारण बैठक 12 जून 2025 में अतिरिक्त निर्णय क्रमांक 13(1) के तहत समयावधि विस्तार के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया।

न्यूज फाइल

अवैध रेत परिवहन करते 6 वाहन जप्त, लगाया 50,000 का जुर्माना

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर तथा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला खनिज उड़नदस्ता दल एवं पुलिस विभाग ने 8 और 9 जुलाई 2025 को झगराखंड, तेन्दुदंड और भल्लौर क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत एवं गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त छह वाहनों को जप्त किया है। इस संयुक्त दल ने हसदेव एवं हसिया नदी क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर झगराखंड क्षेत्र से 4 ट्रैक्टर और 1 टिप्पर तथा भल्लौर क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर वाहन को अवैध परिवहन में संलिप्त पाते हुए जब्त किया। जप्त वाहनों में से एक ट्रैक्टर वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में तथा शेष पांच वाहनों को झगराखंड थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी छह वाहनों के विरुद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

प्रयास विद्यालयों में कक्षा 9वीं मे प्रवेश हेतु प्रतीक्षा सूची जारी

अम्बिकापुर। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/पर अपलोड की गई है।आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार, प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग दिनांक, समय एवं स्थल निर्धारित कर दिए गए हैं। काउंसलिंग का आयोजन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी, जिला रायपुर (छ.ग.) में किया जाएगा।।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में दिये निर्देश

सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : कश्यप

निमार्ण एवं विकास कार्यों को गंभीरतापूर्वक कर अबुझमाड़ के विकास में योगदान देने अपील किया

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सांसद बस्तर महेश कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से सरकार की योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिये। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की नियद नेल्लानार और पीएम जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास, नलजल योजना एवं संचालित योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। सांसद महेश कश्यप ने जिला पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए जिले के पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित कर सभी योजनाओं से लाभान्वित करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सांसद कश्यप ने धरती आबा बिरसामुण्डा योजना, वनाधिकार पट्टा, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं विकास कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने निमार्ण एवं विकास कार्यों को गंभीरतापूर्वक कर अबुझमाड़ के विकास में योगदान देने अपील किया। उन्होंने कहा कि अबुझमाड़ को माओवाद मुक्त बनाने के लिए सरकार योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रही है, मार्च 2026 तक माओवाद मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा, राष्ट्रीय विधवा, वृद्धा, निःशक्तजन, मुख्यमंत्री पेंशन योजना और जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित शुद्ध पेयजल घर घर तक पहुंचाने के कार्यो की जानकारी लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को कार्य में प्रगति लाने निर्देशित किये। कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जिले में लाभान्वित कृषकों की प्रीमियम राशि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित संस्थागत प्रसव, शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण, कुपोषण, पोषण पुनर्वास केन्द्र, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक एवं जिले में संचालित उप एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की जानकारी ली।

सांसद कश्यप ने दिशा की बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए महतारी वंदन योजना के माध्यम से जिले की महिलाओं को भुगतान की गई राशि संबंधित जानकारी ली। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन, नोनी सुरक्षा और पूरक पोषण आहार योजना से लाभान्वित बच्चों की जानकारी एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत बीपीएल परिवारों को दी जाने वाली गैस कनेक्शन संबंधी जानकारी ली।

विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक अजय गुप्ता के सेवानिवृत्ति पश्चात स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आर के पटेल वरिष्ठ नागरिक सुभाष जायसवाल, कन्हैया लाल अग्रवाल, विमलेश सिन्हा, सुभाष केसरी सहित पार्षदों एवं नगर वासियों के उपस्थिति में आयोजित किया गया। सभी ने एक स्वर में उनके कार्यों की प्रशंसा की उन्हें साल एवं श्रीफल देकर नगर वासियों की ओर से सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा किअजय गुप्ता जी के सानिध्य में मैंने बहुत कुछ सीखा वे कार्य के प्रति हमेशा सजग और लगन सील रहे। नगर पालिका के किसी भी विभाग से संबंधित हो जो भी जवाबदारी उनको दी जाती थी वह पूरी निष्ठा से उसको पूरी करते थे। आज वे शासकीय कार्यों से सेवानिवृत हो रहे हैं लेकिन हम उनके अनुभव का सामाजिक सहित अन्य कार्यों में पूरा उपयोग लेंगे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आर के पटेल ने कहा कि किसी भी शासकीय कर्मचारी का सेवानिवृत्ति के बाद सार्वजनिक रूप से विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन उस इंसान की समाज में स्वीकार्यता को प्रस्तुत करता है। अजय गुप्ता उन कर्मचारियों में से थे जिन्होंने हर परिस्थिति में बेहतर कार्य किया।

वरिष्ठ नागरिक कन्हैया लाल अग्रवाल सुभाष जायसवाल, सुभाष केसरी, विमलेश सिन्हा ने भी उनके कार्यों की सराहना की। पार्षद सुमित गुप्ता, विजय रावत,पवन गुप्ता, सुरेश पुरी, विकाश गुप्ता, अर्जुन दास, अजीत गुप्ता, दसरथ ओम ठाकुर ने कहां की हम सब जरूरत में अजय गुप्ता को याद करते थे और वह हमेशा हमारे सहयोग के लिए तत्पर रहते थे। विदाई सह सम्मान समारोह से भावुक अजय गुप्ता ने कहा कि मेरा जन्म से लेकर पूरा जीवन का अधिकांश हिस्सा और समय रामानुजगंज में बिता यहां के लोगों से जो प्यार और स्नेह मुझे प्राप्त हुआ मैं आशा करता हूं वह प्यार और स्नेह आजीवन मिलता रहेगा।

इस दौरान प्रमुख रूप से रमाशंकर दूबे, रामसेवक गुप्ता, ठाकुर, अजय गुप्ता आडत, संतोष गुप्ता, अशोक जैन, प्रदीप अग्रवाल, रूप कुमार सिंह, अजय केसरी, महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, बालकेश प्रजापति, अनूप कश्यप, अमित गुप्ता, पीयूष गुप्ता मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार सहित नगर पालिका के सहयोगी कर्मचारी साथी तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

जीवन में बदलाव और जीवन के बचाव के लिए जागरूकता का होना आवश्यक :महामहिम राज्यपाल

राज्यपाल ने ली आकांक्षी ब्लाक कोरबा और पोंड़ीउपरोड़ा में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक

कोरबा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल श्री रामेन डेका ने आज कोरबा जिले में आकांक्षी ब्लॉक कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी ब्लॉक के इंडिकेटर्स में निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा की और स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य पैरामीटर्स में वृद्धि लाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने योजनाओं के विषय में गाँव के लोगों को जागरूक करते हुए उन्हे लाभान्वित करने, उनके जीवन में बदलाव लाने, जो कार्य किया जा रहा है उसे और बेहतर करते हुए कार्य करने, विकास कार्यों के लिए उपलब्ध राशि का सदुपयोग करने, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी अच्छे कार्यों में भागीदार बनाने के निर्देश देते हुए अपने गाँव, जिला,राज्य और देश के विकास के लिए कार्य करने कहा। उन्होंने कोरबा जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात को बेहतर करने के लिये जुर्माना ही विकल्प नहीं है। लोगों का जीवन अनमोल है और जीवन की रक्षा के लिए जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता का ही परिणाम है कि लोग हाथों की अच्छे से सफाई और शौचालय का उपयोग करते हैं। राज्यपाल ने एसपी को यातायात जागरूकता हेतु कैंप लगाने के भी निर्देश दिए। आकांक्षी ब्लॉक कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा के अधिकारियों की बैठक लेकर राज्यपाल श्री डेका ने अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की और प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत निर्धारित इंडिकेटर्स में सेचुरेशन के निर्देश दिए। राज्यपाल ने स्वास्थ्य अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, आयुष्मान के माध्यम से उपचार, टीबी, हाइपरटेंशन, डाइबिटीज के मरीजों की पहचान करते हुए उनका समय पर उपचार और इसके रोकथाम के लिए जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित क्षेत्रों के बच्चों को समय पर पूरक पोषण आहार प्रदान करते हुए उन्हें सुपोषित बनाने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री डेका ने शाला त्यागी (ड्राप आउट) बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बोर्ड परीक्षाफल में सुधार करने और 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

चिरायु योजना से बच्ची रोशनी की आंख का सफल इलाज

नारायणपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना प्रदेश के बच्चों के लिए वरदान साचित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष के गंभीर रोग से पीड़ित बच्चों को मुफ्त एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर उनकी जिन्दगी को नई दिशा दी जा रही है, जिला नारायणपुर के भी बहुत से बच्चे चिरायु योजना से लाभान्वित हो रहें है। विकासखण्ड नारायणपुर की टीम बी के सदस्य डॉ. कुंवर सिंह उसेण्डी, डॉ. इति तिवारी, श्रीमती लक्ष्मीप्रिया देवांगन, छबीला नेत्ताम एवं अरुणा नेताम के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र एडंगपाल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के दौरान पाया गया कि एक 4 वर्ष की बच्ची रोशनी पोटाई पिता रामनाथ पोटाई के दाएँ आंख में घाव बना हुआ है और आंसूनुमा खून से युक्त पानी भी आ रहा है, पूछने पर पता चला कि यह घाव 02 साल से है और पारंपरिक ईलाज करवा रहे हैं। टीम द्वारा परिजन को बुलवाकर ईलाज हेतु समझाईश दी गई. पहले तो वे जंगली ईलाज चल रहा है कहते हुए मना करते रहे लेकिन टीम के चिकित्सक डॉ. कुंवर सिंह उसेण्डी एवं डॉ इति तिवारी के द्वारा आंख में बने घाव के ईलाज में विलंब से होने वाली परेशानी के बारे में समझाकर जिला अस्पताल में ईलाज के लिए तैयार कर लिया गया है। जिला अस्पताल नारायणपुर में नेत्र विशेषज्ञ को दिखाने पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज रायपुर ले जाने की सलाह दी। टीम द्वारा रोशनी पोटाई को मेडिकल कॉलेज रायपुर लाकर जांच उपरांत ईलाज हेतु भर्ती कराया गया। रोशनी के आंख का ऑपरेशन हुआ और घाव का कुछ टुकड़ा (सैंपल) बायोप्सी के लिए भेजा गया। कुछ दिन बाद अस्पताल से छुट्टी देकर रिपोर्ट आने पर 01 माह बाद पुनः आने को कहा गया।

ग्राम अक्तवार में हैंडपंप मरम्मत और क्लोरीनेशन से ग्रामीणों को मिली स्वच्छ जल की सौगात

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अक्तवार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंप मरम्मत एवं जल स्रोतों की शुद्धता हेतु क्लोरीनेशन का कार्य कर ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया गया है । पिछले कुछ समय से ग्रामीणों द्वारा हैंडपंप से गंदा पानी निकलने की शिकायत की जा रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय टीम मौके पर पहुंची और तकनीकी रूप से हैंडपंप की मरम्मत की गई। इसके साथ ही जल को कीटाणु रहित करने के लिए क्लोरीन मिश्रण कर पेयजल को शुद्ध किया गया।इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों को राहत मिली है और अब उन्हें स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो रही है। कार्य के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग भी उल्लेखनीय रहा, जिससे कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सका। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए इस प्रकार की कार्रवाइयाँ आगे भी गांव-गांव में की जाएंगी।

मनेंद्रगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में नई सौगात

एमसीबी/ नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ अब स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी सौगात के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। चैनपुर में इस विद्यालय के लिए 11.8 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है।स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निरंतर प्रयासों से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है। उनके नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ को पहले ही मेडिकल कॉलेज जैसी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा मिल चुकी है, और अब शिक्षा के क्षेत्र में भी नई क्रांति की शुरुआत हो रही है।

जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना से अब जिले के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही जिले में मिल सकेगी। उन्हें उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे अभिभावकों की चिंता भी कम होगी और विद्यार्थियों का समग्र विकास संभव होगा।यह कदम मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले वर्षों में यहां की नई पीढ़ी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा।

नगर में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाएं

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर में विगत एक महीने में तीन आत्महत्या की घटनाएं हो गई है जो काफी चिंता का विषय है। जिस प्रकार से परिवार का विखंडन, छोटी-छोटी बातों में लोगों का उग्र होना, मोबाइल की लत, आर्थिक स्थिति खराब होना, एकांकीपन लोगों को घेरते जा रहा है निश्चित रूप से यह आत्महत्या की ओर लोगों को अग्रेषित कर रहा है। नगर में एक माह के अंदर एक नाबालिक बच्ची एवं दो युवक, युवती अलग-अलग कारणों आत्महत्या किए। नगर में दोबारा इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए सभी लोगों को चिंता करने की आवश्यकता है आखिर में क्यों लोग आत्महत्या जैसे खौफनाक कदम उठा ले रहे हैंलोगों में खुशी कम होना छोटी-छोटी बातों में उग्र हो जाना यह आम हो गई है। पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता है परंतु यह कभी-कभी काफी उग्र रूप धारण कर लेता है। स्थिति ऐसी हो जाती है कि पति या पत्नी दोनों मरने मारने के लिए उतारू हो जाते हैं ऐसे में एक व्यक्ति को समझदारी दिखाकर ऐसी स्थिति पर काबू करने की आवश्यकता है। सबसे खतरनाक स्थिति तब निर्मित हो जाती है जब पति एवं पत्नी दोनों काफी उग्र हो जाते हैं दोनों एक दूसरे को समझने को तैयार नहीं होते हैं ऐसे में अप्रिय घटना होना की सबसे अधिक संभावना होती है। बच्चों का मोबाइल के प्रति बहुत ज्यादा आसक्ति भी बच्चों को चिड़चिड़ा एवं उग्र कर रही है। समाज के सभी लोगों को आत्महत्या जैसी संगीन घटनाएं उसे कैसा रोका जाए इसके लिए चिंता करने की आवश्यकता है।

अगल-बगल के लोगों के गतिविधि पर रखे नजर

आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि हम सब अपने अगल-बगल के लोगों की असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें वही बहुत अधिक है यदि लड़ाई अगल-बगल में हो तो जरूर कम से कम पुलिस को सूचना या खुद हस्तक्षेप करें ताकि वहां कोई अप्रिय घटना न घट सके।

पापा की पसंद की जगह शादी नहीं करना था इसलिए कर ली आत्महत्या

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में इसलिए एक लड़की के द्वारा सिर्फ इसलिए आत्महत्या कर लिया गया कि वह अपने पापा के पसंद के लड़के से शादी नहीं करना चाहती थी। वह घर से इस बात को लेकर विद्रोह कर रही थी कि शादी अपने पसंद से करेगी।

चिरायु टीम की तत्परता से मासूमों को मिल रही नई जिन्दगी

जन्मजात हृदय एवं अन्य रोगों से ग्रसित बच्चों का सफलतापूर्वक उपचार से परिवार में हर्ष

बीजापुर / नवप्रदेश। जिले के ग्राम कुटरू और ग्राम केतुलनार में चिरायु टीम के भ्रमण के दौरान दो अलग-अलग मामलों में गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार दिलाया गया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। चिरायु टीम के भ्रमण के दौरान ग्राम कुटरू स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में करण साहू उम्र 07 वर्ष, को जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित पाया गया। जिला अस्पताल में 13 मार्च 2025 को जांच के बाद इसे पुष्टि किया गया। इसके बाद उन्हें श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल नया रायपुर में रेफर किया गया। जहाँ 27 मार्च 2025 को उनका सफल ओपन हार्ट सर्जरी किया गया। 28 अप्रैल को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई तथा 3 अप्रैल को टांके निकलवाए। फॉलोअप के दौरान ऑपरेशन क्षेत्र में कुछ संक्रमण पाया गया जिसके कारण उन्हें 3 मई को पुनः अस्पताल में भर्ती किया गया और 26 मई 2025 तक उपचार चला, अब करण स्वस्थ है ।

छत्तीसगढ़ मारवाड़ी प्रांतीय युवा मंच कार्यकारिणी की बैठक

भाटापारा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की नवम प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन सरायपाली में गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पहली बार स्थानीय शाखाओं एवं समस्त प्रांतीय पदाधिकारी एक मंच पर बिराजित हुए। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी ने की। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया , जोन-4 के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री जोन 4 रोहित काबरा , निवृत्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल , कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती रीना केडिया , पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष चेतन अग्रवाल , प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय राजकुमार अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री सलभ अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल एवं अन्य प्रांतीय पदाधिकारीगण ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवम तत्पश्चात सरायपाली जागृति शाखा ने पर्यावरण संरक्षण पर बहुत अच्छी एवम प्रेरणादायक प्रस्तुति प्रदान की

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल सभा सरायपाली के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर के वरिष्ठ समाजसेवी विश्वजीत गुप्ता, समाजसेवी प्रखर अग्रवाल एवम नगर पंचायत अध्यक्ष मिलो पटेल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। बैठक का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच सरायपाली शाखा एवं जागृति शाखा सरायपाली के संयुक्त तत्वावधान एवं सशक्त मेजबानी में हुआ संपन्न हुआ । कार्यक्रम में सभी संयोजक एवं पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिनके सहयोग एवं समर्पण से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं यादगार रहा।

इस अवसर पर मंच की भावी योजनाओं, संगठन की मजबूती, सामाजिक जिम्मेदारियों तथा युवा सशक्तिकरण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। यह बैठक न केवल संगठन के संचालन के लिए दिशा तय करने वाली सिद्ध हुई, बल्कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को प्रेरित करने का माध्यम भी बनी। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया ने उपस्थित सभी प्रांतीय पदाधिकारियों एवम कार्यकारिणी सदस्यों को पद की शपथ दिलाई एवम उन्हें उनके दायित्वों से अवगत करवाया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने मंच विस्तार पर जोर देते हुए पूर्ण निष्ठा एवम सामर्थ्य से कार्य करने की बात कही प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी ने आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहां की सेवा ही हमारा परम धर्म है और हमे हमारा जीवन परमार्थ में समर्पित कर इसका सदुपयोग करना चाहिए।

लोक अदालत 13 सिंतबर को

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि बढ़ते प्रकरणों तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के उद्देश्य से आगामी 13 सिंतबर 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष नीता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में प्री लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विभिन्न बैकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली गई।

अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 1500 मीटर दौड़ में सुखदेव ने जीता स्वर्ण पदक

महासमुंद /नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग से मान्यता एवं अनुदान प्राप्त फॉर्चून फाउण्डेशन समाज सेवी संस्था प्रेतनडीह, सरायपाली द्वारा संचालित फॉर्चून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर, बागबाहरा खुर्द की पूर्व छात्र सुखदेव ने कांतिराव एथलेटिक्स स्टेडियम बेंगलूरु कर्नाटका में 11 से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित 7वीं ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 में पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 1500 मीटर दौड़ में 4.36 मिनट में दौड़ पूरी करते हुए स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल कर एक और उपलब्धि हासिल की है। प्रशिक्षक निरंजन साहू ने बताया कि नेत्रहीन फॉर्चून फाउंडेशन करमापटपर बागबाहर खुर्द में रहकर एथलेटिक्स का अभ्यास करते हुए यह उपलब्धि हासिल किया है। वर्तमान में सुखदेव केंवट भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बेंगलूरु में नियमित अभ्यास कर रहा हैं। इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव ने खेलों इंडिया पैरा गेम्स 2025 न्यू दिल्ली में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। सुखदेव ने 23 वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप चेन्नई में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था।सुखदेव के अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ एस आलोक, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, निरंजन साहू, पेट्रोन सदस्य राज्य पैरा एथलेटिक्स संघ आर सी मिश्रा, आदि ने बधाई दी।

गुणवत्ता की बात बेमानी, जब बुनियादी संसाधन ही नहीं उपलब्ध

पुस्तक-ड्रेस के अभाव में सरकारी स्कूलों के बच्चे तनाव में, असहाय के स्थिति में शिक्षक

बिना किताब के पाठशाला, बिना ड्रेस के शाला

शिक्षकों का कहना है कि जब बच्चों के हाथों में किताबें ही नहीं होंगी तो वे क्या सीखेंगे? पढ़ाई का पहला महीना लगभग पूरी तरह बर्बाद हो गया है। बच्चों को व्यर्थ बैठाए रखना पड़ा है, क्योंकि शिक्षकों के पास भी पाठ्यपुस्तकों की प्रतियाँ नहीं हैं। शासन स्तर पर योजनाएं तो बहुत बनती हैं, घोषणाएँ भी जोशीली होती हैं, लेकिन अमल के नाम पर नीयत और व्यवस्था दोनों ही नदारद हैं। ड्रेस वितरण की भी यही दशा है ड्ड स्कूलों में बच्चे सामान्य कपड़ों में बैठकर 'सरकारी होने' का कलंक झेलते नज़र आ रहे हैं।

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नया सत्र प्रारंभ हुए एक महीना बीतने को है, लेकिन अब तक न तो छात्रों को पुस्तकें मिली हैं, न ही निर्धारित ड्रेस। परिणामस्वरूप पढ़ाई पूरी तरह चरमरा गई है। बच्चे बिना किताब और ड्रेस के स्कूल आ तो रहे हैं, लेकिन हाथ खाली और मन व्यथित है। शिक्षक भी इस असहाय स्थिति में खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह हाल तब है जब शासन शिक्षा के स्तर को सुधारने के दावे हर मंच से करता है। मगर ज़मीनी हकीकत यह है कि शिक्षा विभाग की नवाचारों की लोरी तो सुनाई देती है, पर स्कूलों में किताबों की खामोशी और बच्चों की सूनी आँखें कुछ और ही कहानी कह रही हैं।

शासन शिक्षा को 'सेवा' नहीं, 'सेल्फी प्रोजेक्ट' समझ बैठा है

प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती संख्या और शिक्षा के व्यावसायीकरण ने इस बात को साफ कर दिया है कि शासन ने शिक्षा को 'सेवा' नहीं, एक 'बिज़नेस मॉडल' मान लिया है। सरकारी स्कूलों के नाम पर घोषणाएँ कर फोटो खिंचवाना ही शासन की प्राथमिकता बन गई है। किताबें कब तक पहुंचीं? ड्रेस कब दी गई? शिक्षक को पढ़ाने का समय मिला या नहीं? ये सवाल शासन की डायरी में कहीं दर्ज ही नहीं हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के ÷युक्तियुक्तिकरण÷ नामक प्रयोग के तहत हजारों सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए, यह कहकर कि छात्रों की संख्या कम है। लेकिन सवाल यह है कि क्या संख्या कम होने के पीछे शासन की अपनी नीतियाँ ज़िम्मेदार नहीं हैं? जब बच्चों को समय पर किताब और यूनिफॉर्म तक न मिले, स्कूल में शिक्षक न हो या उन्हें दूसरे सरकारी कार्यों में झोंक दिया जाए, तब कौन सा अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजना चाहेगा?

शासन की असंवेदनशीलता का खामियाजा उन मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है जो अपना भविष्य संवारने के लिए स्कूल की चौखट पर आए हैं।

सरकारी स्कूल : जहां शिक्षक हैं योग्य, पर व्यवस्था है निर्लज्ज

यह तथ्य किसी से छुपा नहीं कि सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक कठिन प्रतियोगी परीक्षाएं पास कर चयनित होते हैं। उनके पास अनुभव, योग्यता और सेवा की भावना है। लेकिन उन्हें जिस प्रकार की व्यवस्था में काम करना पड़ रहा है, वह एक तरह से उनकी क्षमताओं का अपमान है। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों में 12वीं पास युवक-युवतियां बिना किसी शिक्षक पात्रता के पढ़ा रहे हैं, और वहाँ बच्चों की भीड़ है। क्यों? क्योंकि निजी स्कूल सजावट दिखा रहे हैं और सरकारी स्कूल संसाधनों के लिए शासन के मुंह ताक रहे हैं।

गुरु पूर्णिमा पर पूर्व विधायक ने योगवर्धन सागर मुनि से लिया आशीर्वाद

■ शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हैं गुरु : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने धमतरी के पार्श्वनाथ जिनवालय में चातुर्मास पर पधारे पूज्य गुरु योगवर्धन सागर म.सा. से मिलकर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लिया,उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश गोलछा एवं नीरज नाहर उपस्थित रहे, इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमति साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरुजनों का विशेष स्थान है। गुरु पूर्णिमा गुरु के महत्व को प्रतिपादित करने का विशेष अवसर है। गुरु शिष्य की परंपरा के अनेकों उदाहरण भारतीय संस्कृति व इतिहास में मिलते हैं। शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हैं गुरु। भारत की सनातन परंपरा में गुरु-शिष्य परंपरा अत्यंत महत्वपूर्ण रही है. यह संस्कृति ही हमारे समाज का मूल आधार है. उन्होंने कहा कि देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का व्यापक रूप से जागरण हो रहा है. उन्होंने कहा कि गुरुपूर्णिमा का पर्व आत्मिक शुद्धि और आस्था का पर्व है. इस मौके पर समाज में धर्म और संस्कारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी उतना ही आवश्यक है।

सावित्रीपुर में युक्तियुक्तकृत शिक्षकों का अभिनंदन

सांकरा जोंक/ नवप्रदेश। संकुल केंद्र सावित्रीपुर में युक्तियुक्त कारण के तहत नव पदस्थ शिक्षकों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर नव पदस्थ शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में अपने पूर्व विद्यालय में किए गए कार्यों एवं अनुभवों को समस्त शिक्षकों के साथ साझा किया और नव पदस्थ शालाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की बात कही। संकुल सावित्रीपुर में कार्यभार ग्रहण करने वाले हेमंत कुमार कर, श्रीमती कुसुमलता पटेल,संजय कोसरिया,घनश्याम प्रसाद साहू,वेदप्रकाश पटेल, युवराज दिवान,मुकेश कुमार साहू का पुष्प गुच्छ ,पेन डायरी, श्रीफल , शॉल से स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य पी सिदार सर ने अपने उद्बोधन में समस्त आगंतुक शिक्षकों का स्वागत करते हुए अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से पालन करने की शुभकामनाएं दी।

विधायक इन्द्र साव ने सोसायटियों में खाद की व्यवस्था का लिया जायजा

❂ खाद ना मिलने की शिकायत पर सोसायटी पहुंचे विधायक

भाटापारा / नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद बीज ना मिलने की शिकायत पर विधायक इंद्र साव ने सिमगा ब्लाक के ग्राम पौंसरी एवं कामता सोसाइटी पहुंचकर खाद एवं बीज की स्थिति की जानकारी ली तथा समय अनुसार किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था करने का निर्देश व्यवस्थापक को दिया।

विधायक इंद्र साव के सोसायटी पहुंचने पर पौंसरी के किसानों ने समय पर बीज नहीं मिलने की शिकायत करते हुए कहा कि बोनी के समय किसानों को बीज नहीं मिला वही स्थिति खाद की बनी हुई है। किसानों को डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद वितरित किया जा रहा है जो की डीएपी से 400 रूपए महंगा है जिसे किसान मजबूरी वस खरीद रहा है। समिति के व्यवस्थापक ने यूरिया, पोटाश, राखड़ एवं एनपीके खाद उपलब्धता की जानकारी दी इस दौरान समिति अध्यक्ष परस पटेल ने विधायक इन्द्र साव का स्वागत करते हुए समिति में कीचड़ एवं बाउंड्री वाल की समस्या से अवगत कराया तो वहीं पौंसरी के ग्राम वासियों ने लो वोल्टेज की समस्या रखी। बिनैका के किसानों ने नहर के ऊपर पुल की मांग की ,औरठी के किसानों ने सड़क मरम्मत करने की बात से विधायक को अवगत कराया ।

कामता समिति में किसानों ने डीएपी एवं एनपीके दोनों खाद नहीं होने की बात की व्यवस्थापक ने यूरिया,राखड़ पोटाश उपलब्ध होने की जानकारी दी ।नवागांव के किसानों ने खाद एवं बीज दोनों नहीं मिलने की शिकायत विधायक से की वही कामता के किसानों ने स्वास्थ्य केंद्र में नर्स एवं स्कूल में शिक्षकों की कमी से भी विधायक को अवगत कराया इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दुगनी करने की बात कहते हैं वहीं छत्तीसगढ़ के डबल इंजन की सरकार किसानों को बीज एवं खाद उपलब्ध नहीं कर पा रही।

राशन वितरण की तिथि बढ़ने से गरीब परिवारों को मिली राहत : भाऊराम

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के हितग्राहियों को 3 माह का एकमुश्त राशन प्रदान करने की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाए जाने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने इसे सरकार द्वारा लिया गया एक गरीब हितैषी ऐतिहासिक कदम बताया है। साहू ने कहा कि तिथि आगे बढ़ने से कोई भी हितग्राही राशन से वंचित नहीं होगा। समय सीमा बढ़ाए जाने से हर पात्र व्यक्ति को उसका हक समय पर मिलेगा और कोई भी परिवार राशन से वंचित नहीं रहेगा।

कोसरंगी में ग्राम पंचायत योजना एवं सुविधा टीम मंच की स्थापना

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोसरंगी में आज कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम पंचायत योजना एवं सुविधा टीम जीपीवायएसटी मंच की स्थापना की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत के सतत विकास के लिए 9 क्षेत्रों में सतत विकास पर प्रशिक्षण देना और टीम सदस्यों की भूमिका व जिम्मेदारियों को स्पष्ट करना था। कार्यक्रम में जीपीवायएसटी मंच की औपचारिक स्थापना की गई। 9 एलएसडीजी थीम्स पर जागरूकता और रणनीतिक योजना बनाई गई तथा साथ ही टीम के सदस्यों की भूमिका, कार्यक्षमता और भागीदारी का निर्धारण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दिनेश साहू, डीएमसी रेखराज शर्मा, फेसिलिटेट विजय सैनी, प्रोग्राम लीडर सुरेन्द्र कुमार, पंचायत सचिव, वार्ड पंच, फ्रंटलाइन कार्यकर्ता शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 5 युवा प्रतिनिधि एवं 16 सक्रिय समुदाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम लीडर सुरेन्द्र कुमार ने सरपंच दिनेश साहू के सहयोग से किया। विजय सैनी द्वारा 9 एलएसडीजी थीम्स जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल संरक्षण, बाल-सुरक्षा आदि पर विस्तृत परिचर्चा की गई। सभी थीम्स को पंचायत विकास की ज़रूरतों से जोड़ते हुए साझा योजना निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया गया। बाल-अनुकूल पंचायत और स्वस्थ पंचायत को आगामी महीनों की प्राथमिक रणनीति के रूप में अपनाने का संकल्प लिया गया। क्लस्टर बीडीओ रेखराज शर्मा ने ग्रामीण विकास में जीपीवायएसटी की भूमिका को व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। अगली बैठक में युवा क्लब की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिससे युवाओं को पंचायत योजना और विकास में भागीदारी का अवसर मिलेगा। युवाओं द्वारा नेतृत्व वाली पहलों को बढ़ावा देकर जमीनी परिवर्तन सुनिश्चित करने पर सहमति बनी।

एनएचएम कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेशभर के 16 हजार से अधिक संविदा कर्मियों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की। इसी क्रम में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों में एनएचएम कर्मचारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के विधायक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सरकार से मांगों की शीघ्र निराकरण की अपील की गई।संघ ने स्पष्ट किया है कि वर्षो से लंबित मांगों की अनदेखी के चलते यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। आंदोलन का उद्देश्य मानसून सत्र में सरकार का ध्यान आकर्षित करना है, जिससे इन मांगों को गंभीरता से उठाया जा सके। संघ की मांगों में नियमितीकरण, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड-पे निर्धारण, स्थानांतरण नीति लागू करना, सेवा शर्तों में संशोधन, अन्य विभागों के समकक्ष सुविधाएं, रोजगार सुरक्षा, मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश, वार्षिक वेतनवृद्धि, चिकित्सा बीमा/भत्तों की सुविधा शामिल है। संघ द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 10 जुलाई को विधायकों को ज्ञापन, 11 को भाजपा जिलाध्यक्षों को ज्ञापन, 12-16 जुलाईः काली पट्टी बांधकर कार्यस्थल पर विरोध, 16 को विशेष ज्ञापन दिवस (कलेक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को) एवं 17 को रायपुर चलो.. राजधानी में विशाल प्रदर्शन एवं विधानसभा घेराव किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएच एम संविदा कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुंद ने विभिन्न मांगों को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामगोपाल खुंटे, प्रवीण नागदेवे, यादराम साहू, सुनील साहू, ओम पटेल, टेकलाल नायक, निर्मल साहू, खोमन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

रायपुर गेवरा रोड लोकल 16 जुलाई से फिर चलेगी

भाटापारा/नवप्रदेश। पिछले लगभग 2 वर्षों से केसल चल रही रायपुर गेवरा रोड मेमू लोकल ट्रेन 16 जुलाई से पुनः पटरी पर दौड़ने लगेगी,इस ट्रेन सहित बिलासपुर जोन की 13 लोकल ट्रेनों को पुनः चलाया जाने का आदेश के बाद रेल यात्रियों में हर्ष व्याप्त है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की 13 मेमू डेमू लोकल ट्रेन पुनः चालू हो रही है।ये सभी ट्रेन काफी लंबे समय से बंद थी,जिससे रेल यात्रियों को काफी असुविधा हो रही थी।रेलवे सूत्रों ने बताया कि जीन 13 लोकल ट्रेनों को पुनः चलाने का निर्णय लिया गया है उसमें 68745/68746रायपुर गेवरा रोड मेमू लोकल ट्रेन भी शामिल है,जो 16 जुलाई से अपने पूर्व समय सारिणी के अनुसार चालू हो रही है।

सीबीएससी मिडिल स्कूल की सुध नहीं लेने वाला कोई नहीं



धरसीवां/नवप्रदेश। धरसीवा ब्लॉक मुख्यालय में सीबीएससी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोल तो दिए लेकिन आज तक सुध लेने कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं गए और स्कूल समस्याओं से जूझ रहा है स्कूल में शिक्षक की बहुत कमी है कहा जा सकता है शिक्षक विहीन है केवल एक शिक्षक इंग्लिश मीडियम क्लास लेने सक्षम है बाकी 2शिक्षक हिंदी मीडियम का शिक्षक है अभी एक शिक्षक युक्तियुक्तकरण में भेजे है ओ भी हिंदी मीडियम की शिक्षक है जो इंग्लिश बिल्कुल पढ़ा नहीं पाएगी ये विडंबना है कि स्कूल इंग्लिश मीडियम है और शिक्षक हिंदी मीडियम के है ,स्कूल की बहुत ही गंभीर बात ये है स्कूल में पांच स्कूल के बच्चे ऐसे है जो हिंदी मीडियम के बच्चे प्रवेश लेते है जबकि पहले से मिडिल स्कूल शासकीय थे उसे बंद कर दिए है हिंदी मीडियम के बच्चे सीधे 6वि कक्षा में इंग्लिश मीडियम में पढ़ रहे है बच्चे आधे अधूरे पढ़ाई करने मजबूर है फिर आगे चलके 9वी कक्षा में हिन्दी मीडियम में पढ़ाई कर रहे है।

अब तो सुध ले लो साहब... लाइट मरम्मत, खेल सामग्री वितरण, मैदान समतलीकरण की मांग

नपाध्यक्ष को बास्केटबाल संघ के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला बास्केटबाल संघ के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मिनी स्टेडियम स्थित बास्केटाबाल कोर्ट की लाइट मरम्मत की मांग तथा मैदान समतलीकरण व खेल सामग्री वितरण के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को पत्राचार करने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। नपाध्यक्ष साहू ने अतिशीघ्र बास्केटबाल कोर्ट की लाइटों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया व खेल सामग्री वितरण तथा मैदान समतलीकरण के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को पत्र लिखकर खिलाड़ियों की सुविधा के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रयास करने की बात कही। संघ के सदस्यों ने नपाध्यक्ष साहू को बताया कि बास्केटबॉल कोर्ट में प्रतिदिन सुबह-शाम 50 से 60 बच्चे अभ्यास करते हैं। बास्केटबॉल कोर्ट की लाइट खराब होने के कारण बच्चों को खेल अभ्यास करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, मैदान का समतलीकरण करने की आवश्यकता है।

साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की नई खेल नीति के तहत खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत खेल सामग्री वितरण करने पालिका की ओर पत्र प्रेषित करने की मांग भी की। नपाध्यक्ष साहू ने आवश्यक पहल करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर गौरव चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, कलेश्वर चंद्राकर, शुभम तिवारी, अभिषेक अंबिलकर, दिव्या रंगारी, मयंक शर्मा, आकाश सोनी सहित पार्षद नीरज चंद्राकर व पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

स्वर्ण पदक विजेता दिव्या का बढ़ाया मनोबल

संघ के सदस्यों के साथ पालिका अध्यक्ष से मुलाकात करने बास्केटबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता दिव्या रंगारी भी पहुंचीं। दिव्या ने छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिले से शामिल होकर उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। दिव्या ने श्रीलंका के विरूद्ध खेले मैच में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश व महासमुंद का नाम रोशन किया। दिव्या की इस उपलब्धि पर नपाध्यक्ष साहू ने हर्ष जताया।

न्यूज गैलरी

खेल मैदानों और अधोसंरचनाओं के लिए आवेदन 20 जुलाई तक

मुंगेली/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर शासकीय भूमि पर शासकीय निधि से निर्मित खेल मैदानों, अधोसंरचनाओं इंडोर, आउटडोर के लिए आवश्यक खेल उपकरण और सामग्री प्रदान करने हेतु 20 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसी तरह उक्त योजना के तहत खेलों के संवर्धन व विकास के लिए पंजीकृत खेल समिति, क्लब, पंजीयक फर्म, सोसायटी को खेल उपकरण एवं खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु राशि प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित वरिष्ठ खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कक्ष क्रमांक 241 में सम्पर्क कर सकते हैं।

फास्टरपुर में गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए उनके माथे पर लगाकर सम्मान किया। उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शालाध्यक्ष गणेश गुप्ता ने प्राचीन वैदिक परंपरा एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति आधारित गुरू शिष्य परंपरा पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरू प्रकाश का पुंज होता है। हमारे जीवन में गुरू आवश्यक है हिन्दू धर्म में गुरू को ईश्वर से श्रेष्ठ माना गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकगण, पालकों ने परिसर में उत्त्साहपूर्वक वृक्षा रोपण किये। विद्यार्थिओं ने कविता, गीत और भाषण के माध्यम से गुरुओं के प्रति अपनी अपनी भावनाएं व्यक्त की।

नगर विकास की उम्मीदों के साथ नए सीएमओ का स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी राम ठाकुर के कार्यभार ग्रहण करने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पार्षद व साथियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने अपने टीम के साथ उनका स्वागत किया। नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी सीएमओ को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और सीएमओ से अपेक्षा जताई जा रही कि सब को साथ लेकर नगर के विकास में योगदान देंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना को मिलेगी नई रफ्तार अवसर, रोज़गार के साथ जिला प्रशासन की नई पहल

आरसेटी के माध्यम से मिलेगा 30 दिवसीय निःशुल्क राजमिस्त्री प्रशिक्षण

55 हजार आवासों के निर्माण कार्य को गति देने प्रशिक्षण शुरू

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रहे 55,000 से अधिक निर्माणाधीन आवासों को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है।

आवास निर्माण में कुशल राजमिस्त्रियों की कमी के कारण आ रही बाधा को दूर करने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।इस पहल के तहत, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं या उनके परिवार के सदस्य, महात्मा गांधी मनरेगा योजना अंतर्गत 100 दिवस पूर्ण किये मजदूर एवं अन्य इच्छुक ग्रामीण युवाओं को राजमिस्त्री के कार्य का 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण से जहां एक ओर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे घरों के निर्माण कार्य में तेजी आएगी वहीं दूसरी ओर स्थानीय युवाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया का रहा है ताकि वे अपने ही क्षेत्र में बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसके तहत निम्न वर्गीय परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। जिले में वर्तमान में 55 हजार से अधिक आवासों का निर्माण विभिन्न चरणों में है, किंतु कुशल कारीगरों, विशेषकर राजमिस्त्रियों की कमी के कारण निर्माण की गति प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर ही कुशल कामगार तैयार करने की रणनीति अपनाई है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि योजना के सभी आवास समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे हो। राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम से जहां आवासों का निर्माण तेज होगा, वहीं दूसरी तरफ हमारे ग्रामीण युवाओं को अपने ही गांव में रोजगार मिलेगा जिससे उनका आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा। जिला प्रशासन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं से लाभ उठाने की अपील की है ताकि वे न केवल एक नया कौशल सीख सकें, बल्कि जिले के विकास में भी अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें।प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ने इच्छुक युवा अधिक जानकारी के लिए अपने ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत अथवा सीधे ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), बलरामपुर में संपर्क कर सकते हैं।

विभिन्न माध्यम से परिवार नियोजन के सम्बन्ध में दी जाएगी जानकारी

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा की शुरूआत, 18 तक होगा आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में पूरे प्रदेश सहित सरगुजा जिले के समस्त विकासखण्डों में भी 11 जुलाई को ÷जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा'' की शुरूआत गई, इसका आयोजन 18 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। भारत सरकार के द्वारा इस वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 2025 का स्लोगन ''मॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही '' रखा गया है।

पखवाड़े के पहले दिन शुक्रवार को जागरूकता सारथी रथ को रवाना किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. पी.एस.मार्को, सिविल सर्जन डॉ. जे.के.रेलवानी, डीपीएम डॉ. पुष्पेन्द्र राम, डॉ. रोजलीन आर.एक्का,डॉ. श्रीकांत सिंह, डॉ. प्रीति मॉनिक, श्रीमती कविता सिंह, श्री संतोष सिंह एवं अन्य अधिकारी-

कर्मचारी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.मार्को ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पखवाड़े में उन दम्पत्तियों को लक्ष्य के रूप में रखा जाएगा, जिनकी अभी-अभी संतान हुई है। इनको अस्थाई तौर पर गर्भनिरोधक और परिवार पूरा होने पर नसबंदी जैसे परिवार नियंत्रण उपायों की जानकारी दी जाएगी।

सीएमएचओ ने पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु योग्य दम्पत्तियों की सूची ए.ए.एम. एवं मितानिन के द्वारा बनाने एवं लक्ष्य दम्पत्तियों को स्थायी, अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी देते हुए परिवार नियोजन की आवश्यकता को आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर नये अस्थायी परिवार नियोजन साधनों के बारे में चर्चा हेतु सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिसमें नए गर्भ निरोधक साधन के बारे जानकारी दी जाए। सिविल सर्जन डॉ.रेलवानी ने कहा देश की बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि की गति को नियंत्रित करना, संसाधनों के संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करना एवं नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। जनसंख्या नियंत्रण हेतु जागरूकता शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अति आवश्यक है, परिवार नियोजन के उपायों जैसे गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता और जागरूकता ग्रामीण क्षेत्रों तक फैलाना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र राम ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण के प्रयासों को सफल बनाएं। यह न केवल देश के भविष्य के लिए जरूरी है, बल्कि हर परिवार के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी हितों के लिए भी आवश्यक है। परिवार नियोजन नोडल डॉ. किरण भजगावली ने कहा कि परिवार नियोजन विशेष रूप से जन्मों के बीच अंतराल बनाए रखने से, मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद करता है। परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक विधियों का उपयोग करके, अनचाहे गर्भधारण को रोकने में मदद करता है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। परिवार नियोजन व्यक्तिगत और सामुदायिक कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो बेहतर स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता, और सामाजिक कल्याण में योगदान देता है।

मां महामाया मंदिर में सुंदरकांड पाठ और आरती का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। मां महामाया मंदिर में, सुंदरकांड के पाठ कर श्रीहरि नारायण भगवान किअर्चना कर पुजारी गजराज सिंह जी का सम्मान कर मानव कल्याण की भावना के साथ मातारानी की आरती लेकर प्रसाद वितरण की गई उक्त जानकारी देते हुए देवेन्द्र सोनी ने बताया की गुरुपूर्णिमा के दिन शाम 5,30 बजे मंदिर में आचार्य हरिमिश्रा के साथ सभी भक्तगण सुंदरकांड का पाठ कर भगवान नारायण की अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ कर ,राम दरबार,एवम हनुमान जी की आरती ले कर,पुजारी गजराज सिंह सिदार का मल्यारपंकरते हुए त्तिलक लगाकर वस्त्र, द्रव्य,भेट की गई,वही उपस्थित भक्तो ने भी तिलक लगाकर,द्रव्य भेट की गई,फिर माता रानी महामाया की आरती ली जाकर प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फुलेश्वर गाबेल, गोपाल अग्रवाल, हरी मिश्रा, बंशी देवांगन, कुंजल गगुरूजी, बि,के अग्रवाल, आत्मराम पटेल, चंद्रभान ब्रजवासी, बनवारी कश्यप, तीज राम केवट, गोपीचंद बत्रा, गजानंद यादव, राम नाथ देवांगन, अनुसुइया जैसवाल, छोटी जैसवाल, राधेश्याम, उच्छबबो केसर आदि भक्तगण उक्त कार्यक्रम में सामिल रहे।

मुंगेली में उर्वरक विक्रय में अनियमितता तीन कृषि केन्द्रों पर विक्रय प्रतिबंधित

मुंगेली/नवप्रदेश। उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 केन्द्रों के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया। कृषि विभाग द्वारा खाद-बीज की निर्बाध रूप से आपूर्ति हेतु जिले के विभिन्न कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 07 उर्वरक का नमूना लिया गया और निर्धारित मूल्य एवं पॉस मशीन से ही उर्वरक का विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही केन्द्रों में मूल्य सूची, स्टॉक की जानकारी प्रदर्शित करने कहा गया।

कृषि विभाग रायपुर के संचालक राहुल देव के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा खाद-बीज की निर्बाध रूप से आपूर्ति हेतु जिले के विभिन्न कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि प्राप्त निर्देश के परिपालन में निरीक्षण में जायसवाल कृषि केन्द्र एवं ट्रेडर्स औराबांधा, अमन कृषि केन्द्र लछनपुर, नारायण ट्रेडर्स सारधा, राठौर कृषि केन्द्र सारधा, हरिओम कृषि केन्द्र हरदी, जानकी खाद भंडार झोंका, साहू कृषि केन्द्र भटगॉव, बालाजी ट्रेडर्स रीवापार, मॉ शैलपुत्री कृषि केन्द्र कोदवाबानी, सोनकर कृषि केन्द्र ठकुरीकापा, वैभव कृषि केन्द्र भटगॉव, हेमंत कृषि केन्द्र भटगॉव और साहू कृषि केन्द्र लौदा को उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 केन्द्रों के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया। जिला निरीक्षक मनहरण कुर्रे ने बताया कि 07 उर्वरक का नमूना लिया गया और निर्धारित मूल्य एवं पॉस मशीन से ही उर्वरक का विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही केन्द्रों में मूल्य सूची, स्टॉक की जानकारी प्रदर्शित करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की सहायक संचालक श्रीमती ललिता मरावी, निरीक्षक राजेश साहू, योगेश दुबे और उमेश दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

युवाओं के रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत युवाओं के रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 के पूर्व इस कार्यालय में पंजीकृत रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराने के लिए रोजगार पंजीयन ऑनलाईन वेबसाईट अथवा प्ले स्टोर पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के साथ ही जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मुंगेली में कार्यालयीन दिवस में अपने समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर कराया जा सकता है।

ग्राम पंचायत लैंगा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

लखनपुर/नवप्रदेश। जरूरत मंदों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के दृष्टिगत सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत सरहदी ग्राम पंचायत लैंगा के पंचायत भवन में आज 11 जुलाई दिन शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई।बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शिविर में पहुंच निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार का लाभ उठाया।आयोजित शिविर में स्थानीय तथा आसपास के गांवों से आकर सैकड़ों बीमार मरीजों ने शिविर में उपस्थित होकर चिकित्सकीय परामर्श जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां प्राप्त किया। शिविर में

खास तौर पर मौसमी बुखार, सर्दी-खांसी, कमजोरी, ब्लड प्रेशर, मधुमेह तथा दूसरे अन्य सामान्य बीमारियों की जांच कर तत्काल उपचार किया गया।इस अवसर पर डॉ. हिमांशु जायसवाल ने बताया कि,÷ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं, ऐसे में हम लगातार निःशुल्क शिविरों के माध्यम से जरूरत मंदों को सेवा देने का प्रयास कर रहे हैं। निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा दिये जाने का मकसद है कोई भी असहाय व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण इलाकों में होते रहने चाहिए। ताकि बिमारो को चिकित्सा सुविधा मिलता रहे। शिविर वरदान साबित हो रहा हैं। साथ ही उन्होंने डॉक्टर टीम के सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों की मांग है कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समय-समय पर होता रहे।

शराब के नशे में स्कूल बंद कर बैठा प्रधान पाठक, निलंबन के बाद भी दोहराई हरकत

मुंगेली/नवप्रदेश। शराब के नशे में धूत प्रधान पाठक शाला के कक्ष में दरवाजा बंद कर नशे की हालत में अंदर बैठा था। सूचना पहुंचे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने डॉक्टरी मुलायजा कराये जाने के बाद निलंबन की कार्यवाही की। दूसरे दिन पुनः प्रधान पाठक द्वारा वही हरकत किये जाने पर प्रधान पाठक के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कराई गई।

शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुरी के प्रधान पाठक शाला के कक्ष को शराबी शिक्षक बंद कर दिया है। भीतर स्वयं है, बच्चे बाहर है। मध्यान्ह भोजन भी नहीं बना पा रहे है। शैक्षिक समन्वयक से बीईओ को जानकारी मिलने पर शाला पहुंची बीईओ डॉ. प्रतिभा मण्डलोई ने दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलने पर पता कि प्रधान पाठक पाठक सतनाम दास पात्रे शराब के नशे में धूत था। बच्चों ने बीईओ को बताया कि गुरुजी स्कूल नहीं खोले हैं तो हम लोगों की पढ़ाई नहीं हुई है। रसोईयां आकर बताई कि मध्यान्ह भोजन का समान स्कूल में रखा है स्कूल बंद होने के कारण मध्यान्ह भोजन नहीं बना है। शाला के अन्य शिक्षक रुद्रमणि उपाध्याय बीआरसी मुंगेली में पुस्तक लेने रूका था। पुस्तक लेकर वह लगभग 10.30

बजे शाला पहुंचा तो वह अपने ढ़ंग से स्कूल खुलवाने का प्रयास किया। जिसकी सूचना उसने शैक्षिक समन्वयक को दी। लगभग 12.30 बजे शैक्षिक समन्वय ने बीईओ को सूचना दी और बीईओ लगभग 1.30 बजे शाला पहुंची। शाला का दरवाजा बंद था। बीईओ द्वारा दरवाजा खटखटाने पर प्रधान पाठक के द्वारा दरवाजा खोला गया। खुलवाने पर प्रधान पाठक सतनाम दास पात्रे शराब के नशे में था। उसके पश्चात बीईओ ने प्रधान पाठक को अपने गाड़ी में बैठाकर सेतगंगा थाना लेकर गई। थाने में प्रधान पाठक का मुलायजा के लिए जिला चिकित्सालय मुंगेली ले जाया गया। मुलायजा में प्रधान पाठक का नशे धूत होने की पुष्टि की गई। बीईओ ने प्रतिवेदन तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली को प्रस्तुत कर निलंबन की कार्यवाही की गई। दूसरे दिन पुनः 11 बजे शैक्षिक समन्वयक महेन्द्र साहू द्वारा सूचना दी गई कि आज फिर सतनाम दास पात्रे शाला भवन मे अपने आपको बंद कर लिया है।

आयोजन

अटल विहार कॉलोनी सरगवां में हुआ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान: कॉलोनीवासियों की सहभागिता से पौधरोपण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन की पर्यावरणीय पहल एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत शनिवार को अटल विहार कॉलोनी सरगवां (अम्बिकापुर) में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कॉलोनीवासी, वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में महापौर मंजूषा भगत, नगर निगम सभापति

हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, भारत सिंह सिसोदिया, अखिलेश सोनी, शिवमंगल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त पूनम चंद्र अग्रवाल एवं कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. मिंज के मार्गदर्शन में कॉलोनी परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अनुराग सिंह देव ने कॉलोनीवासियों के लिए ओपन जिम एवं बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड की स्थापना के निर्देश अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम में मातृशक्ति को सम्मान देते हुए कॉलोनी की महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए गए। अतिथियों ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

20 जुलाई तक करें आवेदन- पदक विजेता खिलाड़ियों को खेलवृत्ति देने की तैयारी

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं जैसे ओलंपिक, विश्वकप, एशियाड, राष्ट्रमंडलीय खेलों आदि में भाग लिया हो, ऐसे खिलाड़यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लेने वाले जिले के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि इस योजना में ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड एवं राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत सीनियर और जूनियर वर्ग में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी।

इसी तरह ओलम्पिक, कामनवेल्थ, एशियाड एवं राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेलों में शामिल सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग पदक प्राप्त खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी 20 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित वरिष्ठ खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कक्ष क्रमांक 241 में सम्पर्क कर सकते हैं।

सावन के प्रत्येक सोमवार को विधि से शुभ योग में करें शिव का अभिषेक और मंत्र जाप

शिव की साधना में शनि का वक्री होना विशेष फलदायी, सूर्य और चंद्र कभी वक्री नहीं रहते, गंगाजल से पूरे सोमवार करें अभिषेक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भगवान शिव का प्रिय महीना सावन आज 11 जुलाई से शुरू हो गया है और सावन माह की समाप्ति 9 अगस्त शनिवार के दिन होगी। इस साल सावन माह की शुरुआत में ही कुछ शुभ योग मिलेंगे। भगवान शिव का प्रिय महीना सावन आज से शुरू हो गया है। सावन माह की समाप्ति 9 अगस्त को शनिवार के दिन होगी। इस साल सावन माह की शुरुआत में ही कुछ शुभ योग मिलेंगे। श्रावण माह की प्रतिपदा तिथि को पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के पश्चात उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र प्रातः काल 5 बजकर 57 मिनट पर प्रारंभ होगा, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के स्वामी सूर्य हैं। 29 जुलाई मंगलवार को नागपंचमी का पर्व होगा।

सावन मास 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन श्रवण नक्षत्र में समाप्त होगा। इसके साथ ही 13 जुलाई को प्रातः काल 9 बजकर 14 मिनट पर शनि वक्री होंगे। जब कोई ग्रह वक्री होता है तो वह और अधिक ऊर्जावान होता है। शनि साधना के कारक ग्रह हैं। शिव की साधना में शनि का वक्री होना विशेष फलदायी माना गया है। सूर्य और चंद्र कभी वक्री नहीं रहते हैं। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं। आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए गंगाजल से पूरे माह नियमित अभिषेक करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी। सावन का महीना 30 दिन का होता है, लेकिन इस बार ये घटकर 29 दिन का हो गया है। इसके पीछे बड़ी वजह ये है कि सावन के महीने में इस बार त्रयोदशी तिथि का क्षय हुआ है। यही वजह है कि इस बार का सावन 30 या उससे ज्यादा नहीं बल्कि सिर्फ 29 दिन का ही होगा। भले ही इस बार के सावन में तिथियां कम हो, लेकिन इस बार कुछ ऐसे संयोग बन रहे हैं जो काफी साल बाद आएंगे। सावन माह में सोमवार के व्रत का सबसे ज्यादा महत्व होता है। इस बार सावन में कुल चार सोमवार पड़ेंगे। पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा सबसे आखिरी सोमवार 4 अगस्त को पड़ेगा। शादीशुदा महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के लिए सोमवार के व्रत का खास महत्व होता है। खासकर की कुंवारी कन्याएं सावन सोमवार का व्रत रखकर मनचाहे वर को पा सकती हैं। बता दें कि शास्त्रों में सावन को काफी शुभ और कामनाओं की सिद्धी वाला महीना माना गया है। ऐसे में सावन सोमवार अपने आप में खास बन जाता है।

पीतांबरा पीठ में नमक चमक से रुद्राभिषेक

कई पीतांबरा पीठ में पारदेश्वर महादेव का अभिषेक श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक किया गया। अब प्रतिदिन चार पाठ नमक चमक द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 1 तक चलेगा। अंत में महादेव की महाआरती की जाएगी। सावन के पावन पर्व पर प्रथम दिन ही श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंच कर जलाभिषेक किया। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि रुद्र अर्थात भूतभावन शिव का अभिषेक होता है। शिव और रुद्र परस्पर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। शिव को ही रुद्र कहा जाता है, क्योंकि प्रतिदिन रूद्राभिषेक कर की जाएगी महाआरती भोले सभी दुःखों को नष्ट कर देते हैं। हमारे द्वारा किए गए पाप ही हमारे दुःखों के कारण हैं। रुद्रार्चन और रुद्राभिषेक से हमारी कुंडली से पातक कर्म एवं महापातक भी जलकर भस्म हो जाते हैं और साधक में शिवत्व का उदय होता है। भगवान शिव का शुभआशीर्वाद भक्त को प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि एकमात्र सदाशिव रुद्र के पूजन से सभी देवताओं की पूजा स्वतः हो जाती है।

न्यूज गैलरी

प्रयास विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। जिसे विभागीय वेबसाईट एचटीटीपीएसः// एकलव्य डाट सीजीडाटनीकडाटइन पर देखा जा सकता हैं। प्रतीक्षा सूची में जिन विद्यार्थियों के नाम हैं, वे अपने समस्त दस्तावेजों के साथ काउंसलिंग हेतु प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक हेतु 15 जुलाई एवं बालिका वर्ग हेतु 16 जुलाई, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 17 जुलाई, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 18 जुलाई, सामान्य एवं अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 18 जुलाई को काउंसलिंग की तिथि निर्धारित की गई है। काउंसलिंग का समय प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। विद्यार्थी का प्रवेश प्रत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में प्रथम श्रेणी में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज लेकर आएं।

समस्त जिलों में ई-वे बिल जांच के लिए सघन अभियान शुरू

ई-वे बिल प्रावधानों में नहीं बरतें लापरवाही व्यापारी रहें सावधान : किशोर पंजवानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कैट बिलासपुर जिला इकाई ने व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और ई-वे बिल संबंधी सभी नियमों का पालन करें। किशोर पंजवानी व हीरानन्द जयसिंह ने सयुक्त बयान में बताया कि यह केवल टैक्स वसूली नहीं, बल्कि ईमानदार व्यापारियों की रक्षा हेतु अनुशासन की पुनर्स्थापना का कदम है जो व्यापारी नियमों का पालन नहीं करेंगे, उन्हें माल और वाहन की जब्ती एवं जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।

किशोर पंजवानी (कैट बिलासपुर अध्यक्ष) व हीरानन्द जयसिंह (महामंत्री बिलासपुर) ने बताया बिना ई-वे बिल के माल ले जाने पर कर के बराबर जुर्माना, वाहन की जब्ती और पिछली खरीद-बिक्री की पूछताछ अनिवार्य होगी। अब समय आ गया है कि हर व्यापारी ई-वे बिल नियमों को अपना लें और अपने कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करें। सरकार का आदेश में राज्य भर के ट्रांसपोर्ट नगरों, बॉर्डर प्वाइंट्स, गोदामों, और होलसेल क्षेत्रों में ई-वे बिल की सघन चेकिंग की जाएगी। किसी भी तरह की लापरवाही के परिणामस्वरूप बिना वैध ई-वे बिल माल जब्त किया जाएगा। भारी पेनाल्टी – कर के बराबर जुर्माना। वाहन सीज़ किया जाएगा। पुराने लेन-देन की जांच कर चोरी के संदर्भ में होगी।

राजू सलूजा ने विशेष रूप से कहा कि बिलासपुर जिले के व्यापारी कभी भी जांच में न फंसें। अतः सभी व्यापारी अपने सिस्टम पारदर्शी रखें और नियमों का पालन करें। किशोर पंजवानी व हीरानन्द जयसिंह ने दोहराया सरकार अब डिजिटल ट्रैकिंग एवं गहन जांच प्रणाली से कर चोरी को रोकने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। यह कदम ईमानदार व्यापारियों के हित में है।

व्यापारी इन सावधानियों को तुरंत अपनाएं

प्रत्येक माल पर वैध ई–वे बिल बनाएं। वाहन संख्या, प्रेषण तिथि, एचएसएन कोड सही भरें। जीएसटीइन का मिलान हर बार सुनिश्चित करें। ट्रांसपोर्टर से ई–वे बिल की कॉपी लें और संग्रहित करें। अपने स्टाफ को ई–वे बिल नियमों का प्रशिक्षण दें। रजिस्टर और जीएसटी रिटर्न अपडेट रखें।

सीएससी के स्थापना दिवस पर राजेश को डिप्टी सीएम शर्मा ने किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रायपुर के न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में 11 जुलाई को सीएससी का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ से कॉमन सर्विस सेंटर के अंदर चलने वाले चालीस सरकारी सेवाये जैसे लेबर पंजीयन, बैंकिंग सेवा, पासपोर्ट सेवा, आदि सेवाओं में जिन सीएससी वीएलई का एक्सीलेंट परफॉरमेंस रहा। उन्हे डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बिलासपुर से राजेश नायर को पासपोर्ट सेवा मे छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा आवेदन भरने के लिए डिप्टी सीएम द्वारा मोमेंटों व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। राजेश नायर ने इसका श्रेय अपने ऑफिस टीम कल्पना सिंह, विपिन रामटेके, लक्ष्मीप्रसाद पटेल, लव वर्मा, रेनू देवांगन, शिवेन्द्र मौर्य, रामचरण अहिरवार, चांदनी गोस्वामी व परिवार के सदस्य व ईडी एम विवेक सिंह को दिया है।

केवल रिश्वत की बरामदगी राशि पर्याप्त नहीं, हाईकोर्ट ने आरोपी को किया बरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार के एक मामले में बड़ी राहत देते हुए आरोपी मंडल संयोजक को बरी कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल रिश्वत की राशि की बरामदगी पर्याप्त नहीं है, जब तक यह सिद्ध न हो जाए कि आरोपी ने स्वेच्छा से पैसे को घूस के रूप में स्वीकार किया। यह फैसला मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की एकलपीठ ने सुनाया। मामले में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) रायपुर ने 2017 में आरोपी को दो साल की सजा सुनाई थी।

शिकायतकर्ता बैजनाथ नेताम जो उस समय शासकीय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक कर्मी और आदिवासी हास्टल के अधीक्षक थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि मंडल संयोजक लवन सिंह चुरेन्द्र ने जनवरी 2013 के छात्रवृत्ति स्वीकृति के लिए 10,000 की रिश्वत मांगी थी। 2,000 अग्रिम देकर शेष 8,000 देने का वादा किया गया। बाद में शिकायतकर्ता ने एसीबी में शिकायत दर्ज की और आरोपी को ट्रैप कर गिरफ्तार कराया गया। कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता की विश्वसनीयता संदिग्ध है। वह पहले ही सेवा से बर्खास्त किया जा चुका था। जिस छात्रवृत्ति की मंजूरी को लेकर रिश्वत मांगे जाने का आरोप है, वह पहले ही मंजूर हो चुकी थी और राशि भी निकाल ली गई थी। आरोपी स्वयं शिकायतकर्ता के खिलाफ 50,700 की छात्रवृत्ति गबन की जांच कर रहा था, जिस पर वसूली के निर्देश भी दिए गए थे। इस कारण शिकायतकर्ता की शिकायत को बदले की भावना से प्रेरित माना गया। शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज की गई आडियो रिकार्डिंग की सत्यता पर भी सवाल उठे।

दोषसिद्धि के लिए रिश्वत की मांग और उसकी स्वीकारोक्ति सिद्ध हो

चीफ जस्टिस ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषसिद्धि के लिए यह अनिवार्य है कि रिश्वत की मांग और उसकी स्वीकारोक्ति स्पष्ट रूप से सिद्ध हो। केवल पैसे की बरामदगी से अपराध सिद्ध नहीं होता। कोर्ट ने बी. जयाराज बनाम आंध्रप्रदेश राज्य और नीरज दत्ता बनाम दिल्ली सरकार सहित सुप्रीम कोर्ट के अनेक निर्णयों का हवाला देते हुए आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी पहले से जमानत पर है, इसलिए जमानत बंधपत्र अगले छह महीने तक प्रभावी रहेंगे, ताकि अगर राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जाना चाहे तो उचित कदम उठा सके।

नलकूप खनन पर रोक हटाई गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। नलकूप खनन पर जिला प्रशासन द्वारा तीन माह पूर्व लगाई गई रोक हटा ली गई है। कलेक्टर ने इस आशय का आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि भीषण गर्मी एवं जलाभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने गत 7 अप्रैल को जलाभाव क्षेत्र घोषित करते हुए नलकूप खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया था। बारिश होने के कारण भूजल स्तर में गिरावट परिलक्षित नहीं हुई है इसलिए नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा लिया गया है।

कोरोना काल में बंद लोकल मेमू और डेमू पैसेंजर ट्रेनें फिर होंगी शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोरोना काल में सुरक्षा कारणों से बंद की गई लोकल मेमू और डेमू पैसेंजर ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू होने जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 15 जुलाई से इन ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से बहाल करने का निर्णय लिया है, जिससे दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया, कटंगी, रायपुर, डोंगरगढ़ और बालाघाट समेत छोटे-बड़े स्टेशनों पर यात्रा करने वालों को काफी सहूलियत मिलेगी। सांसद संतोष पांडेय ने इसे यात्रियों के लिए सुखद समाचार बताते हुए कहा कि

कोरोना काल के बाद इन लोकल ट्रेनों के बंद होने से यात्रियों को रोजाना आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सांसद पांडेय ने कहा कि मैंने इस विषय को लेकर लगातार केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया और जून माह में हुई मंडल स्तरीय रेलवे बैठक में भी इन ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू करने की मांग प्रमुखता से रखी थी। आज यह मांग पूरी हुई है, इसके लिए यात्रियों को बधाई देता हूं. इसके साथ ही मैं केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे मंडल के अधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं। रेलवे प्रशासन ने बताया कि 15 जुलाई से गोंदिया-कटंगी, रायपुर-डोंगरगढ़, रायपुर-गेवरा रोड, तूमसर रोड-बालाघाट समेत 13 लोकल मेमू और डेमू पैसेंजर ट्रेनें फिर से पटरियों पर लौटेंगी। 17 जुलाई तक सभी रूटों पर संचालन पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। इन ट्रेनों के संचालन से कम किराये में यात्रा का विकल्प फिर से खुलेगा और यात्रियों को निजी वाहनों या बसों पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी। साथ ही विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों की आवाजाही भी सुगम हो सकेगी।

पर्यावरण की रक्षा सिर्फ दायित्व नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भीः डॉ. खेर

महाविद्यालय व एलआईसी सीपत ने की पौधरोपरण कार्यक्रम

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीपत में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय परिवार और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सीपत इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव शंकर खेर एवं एलआईसी सीपत इकाई के शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार त्रिवेदी ने पौधारोपण कर किया।

इस दौरान परिसर में आम, अमरूद, नीम, अर्जुन और तुलसी जैसे फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. खेर ने कहा कि वृक्ष जीवन का मूल हैं। पर्यावरण की रक्षा सिर्फ एक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों के नियमित पोषण और संरक्षण पर भी विशेष बल दिया। श्री त्रिवेदी ने एलआईसी की सामाजिक भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एलआईसी केवल आर्थिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका भी निभा रही है। पौधारोपण जैसे कार्यक्रम सामाजिक चेतना को जगाने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर एलआईसी सीपत इकाई से शुभांगी कारबेलकर, रतनदीप सलूजा, सुश्री विभूति तिर्की, अमित वस्त्रकार, तथा राजकुमार मानिकपुरी ने भाग लिया और पौधारोपण किया।

मनियारी पुल पर चक्काजाम करने वाले 12 युवक गिरफ्तार

तखतपुर/नवप्रदेश। तखतपुर पुलिस ने कानून व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने और मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध करने के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चक्काजाम करने वाले 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तखतपुर-मुंगेली मुख्य मार्ग स्थित मनियारी पुल के पास किए गए चक्का जाम के संदर्भ में की गई। इस संबंध में थाना तखतपुर में अपराध क्रमांक 353/2024 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2) व 191(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। आरोपियों को 11 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर पृथक से बीएनएस की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए कार्यपालक दण्डाधिकारी तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बादल निर्मलकर, इंद्राज सिंह ठाकुर, विरेन्द्र उर्फ विरू ताम्रकार, राजू निर्मलकर, शैलेन्द्र मानिकपुरी, करन गोस्वामी, दीनु सिंह ठाकुर, अभय क्षत्री, दीपक यादव, अमर निर्मलकर, जयदीप श्रीवास और रवि श्रीवास सभी तखतपुर निवासी हैं।

निरीक्षण

राज्यपाल डेका ने अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

नाम के अनुरूप विश्वविद्यालय प्रगति करेंः राज्यपाल डेका

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने आज अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति एवं शैक्षणिक स्टाफ से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी के नाम के अनुरूप विश्वविद्यालय शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में आगे बढ़े।

राज्यपाल ने कहा कि सहायक प्राध्यापकों को समय पर प्रमोशन देने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रोफेसर के पद पर दस साल का अनुभव होने के बाद छत्तीसगढ़ के प्रोफेसरों को कुलपति बनने का अवसर मिल सके। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्राध्यापक और छात्रों के बीच बेहतर ताल-मेल पर बल दिया साथ ही शैक्षणिक वातावरण पर ध्यान देने कहा। राज्यपाल श्री डेका ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया एवं विभागों की कार्यप्रणाली तथा स्टाफ से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के संरचना के अनुरूप अध्ययन, अध्यापन की सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रोफेसर अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी, राज्यपाल की अवर सचिव अर्चना पाण्डेय एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सतत् मॉनिटरिंग के निर्देश के पारिपालन में राज्यपाल श्री डेका छत्तीसगढ़ के समस्त विश्वविद्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे है। इसी कड़ी में श्री डेका ने अटल बिहारी बाजपेयी का निरीक्षण किया।

विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण करें

श्री डेका विद्यार्थियों से भी मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर कुलपति को निराकरण के निर्देश दिए। श्री डेका ने प्रशासनिक विभाग एवं विभागाध्यक्षों की बैठक भी ली तथा अध्ययन प्रभाग मे पाठ्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए नए कोर्स प्रारंभ करने एवं छात्र संख्या में वृद्धि करने हेतु आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त किए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

न्यूज़ गैलरी

वित्त वर्ष 2026 में भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 10 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान: रिपोर्ट

नई दिल्ली। आईसीआरए की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 7-10 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट में देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए एक स्थिर दृष्टिकोण रखा गया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या वित्त वर्ष 2026 में 15-20 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है; हालांकि, हालिया भू-राजनीतिक चिंताओं को देखते हुए यह निगरानी योग्य बना हुआ है।

क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर करते हैं काम

दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी की ओर बढ़ रही है : सीईआरटी-इन

नई दिल्ली। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) द्वारा शुक्रवार को जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी बनने की ओर एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ी है। भारत की राष्ट्रीय साइबर एजेंसी द्वारा ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी फर्म एसआईएसए के सहयोग से संकलित आंकड़े इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि क्वांटम कंप्यूटिंग अब एक भविष्यवादी विचार नहीं, बल्कि साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरे प्रभाव डालने वाली एक तेजी से उभरती वास्तविकता है। ट्रांजिशनिंग टू क्वांटम साइबर रेडीनेस शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर काम करते हैं, अब रिसर्च लैब से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में उपयोग में आ रहे हैं।

कई ग्लोबल टेक कंपनियों ने पहले ही शानदार प्रगति कर ली है। दिसंबर 2024 में लॉन्च हुई गूगल की विलो चिप ने 105 क्यूबिट के साथ एरर करेक्शन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।माइक्रोसॉफ्ट ने फरवरी 2025 में अपना मेजराना-1 प्रोसेसर पेश किया, जिसका लक्ष्य दस लाख क्यूबिट तक विस्तार करना है।आईबीएम का लक्ष्य 2029 तक फॉल्ट-टॉलरेंट सिस्टम बनाना है और क्वांटिनम ने रिकॉर्ड तोड़ परिशुद्धता के साथ 56-क्यूबिट ट्रैप्ड-आयन क्वांटम कंप्यूटर बनाया है।रिपोर्ट के अनुसार, नोकिया भी क्वांटम नेटवर्किंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ क्वांटम साइंस एंड टेक्नोलॉजी वर्ष घोषित किया है, जो दर्शाता है कि ग्लोबल कम्युनिटी इस बदलाव को कितनी गंभीरता से ले रहा है।



सेमीकंडक्टर से लेकर सिस्टम सॉफ्टवेयर तक क्वांटम कंप्यूटिंग से जुड़ा इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है।रिपोर्ट में कहा गया है कि क्वांटम कंप्यूटिंग की क्षमताएं अपार हैं, लेकिन इसके साथ गंभीर साइबर सुरक्षा जोखिम भी जुड़े हैं। क्वांटम कंप्यूटर आज की मशीनों की तुलना में जटिल समस्याओं को कहीं ज्यादा तेजी से हल कर सकते हैं, जिसका मतलब यह भी है कि वे मौजूदा एन्क्रिप्शन मेथड को ब्रेक कर सकते हैं।आरएसए जैसे एन्क्रिप्शन एल्गोरिदम, जिनका वित्तीय लेनदेन, मैसेजिंग ऐप, डिजिटल साइन और यहां तक कि ब्लॉकचेन सिस्टम की सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड

CSPDCL

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LIMITED

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)

(CIN:U40108CT2003SGC015822)

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम ट्रू-अप, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता का निर्धारण एवं विद्युत आपूर्ति की फुटकर दरों के निर्धारण हेतु याचिका छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिसे याचिका क्रमांक 98/2024 के रूप में पंजीकृत किया गया। माननीय आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिये टैरिफ आदेश दिनांक 11.07.2025 को जारी किया है। इस आदेश में वितरण कंपनी के लिए वर्ष 2025-26 में रु. 7.02 पैसे प्रति यूनिट औसत आपूर्ति दर पर रु. 25636.38 करोड़ की शुद्ध वार्षिक राजस्व आवश्यकता स्वीकृत किया गया है जिसमें ट्रू-अप वर्ष 2023-24 का अतिरिक्त राजस्व रु. 3088.45 करोड़ समाहित है। इस टैरिफ आदेश में वर्ष 2025-26 के लिए निम्नदाब एवं उच्चदाब पर आपूर्ति हेतु विद्युत दरों का निर्धारण भी किया गया है जिसका सारांश नीचे तालिका में दर्शाया गया है। नई दरें दिनांक 01.07.2025 से 31.03.2026 अथवा आगामी टैरिफ आदेश के प्रभावशील होने की तिथि, जो भी बाद में हो, तक लागू रहेंगी :-

निम्न दाब उपभोक्ताओं हेतु प्रचलित एवं वर्ष 2025-26 हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ

उपभोक्ता श्रेणी	वर्तमान दरें (वर्ष 2024-25)			नई दरें (वर्ष 2025-26)		
		नियत प्रभार	ऊर्जा दर		नियत प्रभार	ऊर्जा दर
LV-1 घरेलू उपभोक्ता एवं बीपीएल उपभोक्ता	वर्ग	रुपये	रुपये प्रति यूनिट	वर्ग	रुपये	रुपये प्रति यूनिट
LV-1	0-100	रु. 20/- प्रति कि.वा. प्रतिमाह 5 कि.वा. तक के स्वीकृत भार के लिए. रु. 30/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. से 10 कि.वा. तक के स्वीकृत भार के लिए. रु. 40/- प्रति कि.वा. प्रति माह 10 कि.वा. से अधिक के स्वीकृत भार के लिए	3.90	0-100	रु. 20/- प्रति कि.वा. प्रतिमाह 5 कि.वा. तक के स्वीकृत भार के लिए. रु. 30/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. से 10 कि.वा. तक के स्वीकृत भार के लिए. रु. 40/- प्रति कि.वा. प्रति माह 10 कि.वा. से अधिक के स्वीकृत भार के लिए	4.10
	101-200		4.10	101-200		4.20
	201-400		5.50	201-400		5.60
	401-600		6.50	401-600		6.60
	601 एवं उससे अधिक		8.10	601 एवं उससे अधिक		8.30
LV-2 गैर घरेलू उपभोक्ता	वर्ग	मांग प्रभार	ऊर्जा दर	वर्ग	मांग प्रभार	ऊर्जा दर
LV-2.1 गैर घरेलू उपभोक्ता	0-100	रु. 50 प्रति कि.वा. प्रति माह (5 कि.वा. तक) सिंगल फेस	6.05	0-100	रु. 50 प्रति कि.वा. प्रति माह (5 कि.वा. तक) सिंगल फेस	6.30
	101-400		7.05	101-400		7.30
	401 एवं उससे अधिक		8.45	401 एवं उससे अधिक		8.70
LV-2.2 गैर घरेलू उपभोक्ता	0-400	रु.120 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. तक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर	7.05	0-400	रु.120 प्रति कि.वा. प्रतिमाह (15 कि.वा. तक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर	7.30
	401 एवं उससे अधिक		8.45	401 एवं उससे अधिक		8.70
	मांग आधारित	रु.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. से अधिक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर	7.75	मांग आधारित	रु.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. से अधिक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर	8.00
LV-2.3 (इलेक्ट्रिक वाहन)				सभी यूनिट्स	निरंक	7.02
LV-3 कृषि उपभोक्ता	-	रु.100 प्रति एच.पी. प्रति माह	5.30	-	रु.100 प्रति एच.पी. प्रति माह	5.80
LV-4 निम्नदाब कृषि संबंधी अन्य कार्य	वर्ग	मांग प्रभार	ऊर्जा दर	वर्ग	मांग प्रभार	ऊर्जा दर
LV-4.1 (अ) कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक	कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक	रु.100 प्रति एच.पी. प्रति माह या रु.134 प्रति कि.वा. प्रति माह	5.30	कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक	रु.100 प्रति एच.पी. प्रति माह या रु.134 प्रति कि.वा. प्रति माह	5.80
LV-4.1 (ब) कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. तक	कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. तक	रु.110 प्रति एच.पी. प्रति माह या रु.147 प्रति कि.वा. प्रति माह	6.05	कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक	रु.110 प्रति एच.पी. प्रति माह या रु.147 प्रति कि.वा. प्रति माह	6.35
LV-4.2 कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित	कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित 15 कि.वा. से 112.5 कि.वा. तक	रु.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	6.25	कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित 15 कि.वा. से अधिक	रु.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	6.55
LV-5 निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ता	वर्ग	मांग प्रभार	ऊर्जा दर	वर्ग	मांग प्रभार	ऊर्जा दर
LV-5.1 औद्योगिक उपभोक्ता	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/थ्रेशर युक्त)	रु. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	4.75	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/थ्रेशर युक्त)	रु. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	5.05
सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/थ्रेशर युक्त)	रु. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	4.25	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/थ्रेशर युक्त)	रु. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	4.55
LV-5.2 अन्य उद्योग						
LV-5.2.1 औद्योगिक उपभोक्ता	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक)	रु. 120 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	5.75	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक)	रु. 120 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	6.05
सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक)	रु. 100 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	4.75	25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक)	रु. 100 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	5.05
LV-5.2.2 औद्योगिक उपभोक्ता	25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. (18.7 किलोवॉट से 112.5 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक)	रु.150 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	6.50	25 एच.पी. से अधिक (18.7 किलोवॉट)	रु.150 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	6.80
सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु	25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. (18.7 किलोवॉट से 112.5 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक)	रु.130 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमांड पर)	6.00	25 एच.पी. से अधिक (18.7 किलोवॉट)	रु.130 प्रति कि.वा. प्रति माह	6.30
LV-6 सार्वजनिक प्रयोजन (जल प्रदाय एवं सड़क बत्ती)	-	रु.142 प्रति एच.पी. प्रति माह अथवा रु. 190 प्रति कि.वा. प्रति माह	6.85	-	रु.142 प्रति एच.पी. प्रति माह अथवा रु. 190 प्रति कि.वा. प्रति माह	7.35
LV-7 सूचना प्रौद्योगिकी	सूचना प्रौद्योगिकी, निर्यात आधारित टेक्सटाईल उद्योग	रु. 150 प्रति कि.वा. प्रति माह	5.75	सूचना प्रौद्योगिकी, निर्यात आधारित टेक्सटाईल उद्योग	रु. 150 प्रति कि.वा. प्रति माह	6.05

उच्च दाब उपभोक्ताओं हेतु प्रचलित एवं वर्ष 2025-26 हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ

	उपभोक्ता श्रेणी	वर्तमान दरें (वर्ष 2024-25) मांग प्रभार (रुपये प्रति केवीए प्रति माह)	वर्तमान दरें (वर्ष 2024-25) ऊर्जा प्रभार (रुपये प्रति kVAh)	नई दरें (वर्ष 2025-26) मांग प्रभार (रुपये प्रति केवीए प्रति माह)	नई दरें (वर्ष 2025-26) ऊर्जा प्रभार (रुपये प्रति kVAh)
HV-1	Railway Traction on 132 KV/220 kV	375	5.25	375	5.55
HV-2	Mines				
	220 KV	500	6.85	500	6.95
	132 KV	500	7.00	500	7.10
	33 KV	500	7.25	500	7.50
	11 KV	500	7.55	500	7.80
HV-3	Other Industry & General Purpose Non-Industrial				
	220 KV	375	6.55	375	6.65
	132 KV	375	6.70	375	6.80
	33 KV (Load factor >15%)	375	6.95	375	7.20
	33 KV (Load factor <=15%)#	190	7.15	190	7.40
	11 KV (Load factor >15%)	375	7.35	375	7.60
	11 KV (Load factor <=15%)#	190	7.65	190	7.90
HV-4	Steel Industries				
	220 KV	375	5.95	375	6.10
	132 KV	375	6.10	375	6.25
	33 KV (Load factor >15%)	375	6.35	375	6.65
	33 KV (Load factor <=15%)	190	6.85	190	7.15
	11 KV (Load factor >15%)	375	6.45	375	6.75
	11 KV (Load factor <=15%)	190	7.25	190	7.55
HV-5	Irrigation, Agriculture, Allied Activities & Public water Works	375	6.35	375	6.60
HV-6	Residential	375	6.55	375	6.80
HV-7	Start up Power Tariff 400/220/132/33/11 kV	200	8.85	200	9.10
HV-8	Industries related to manufacturing of equipment for power generation from renewable energy sources 220/132/33/11 KV	130	4.65	130	4.95
HV-9	Information Technology Industries and export oriented Textile Industries	150.00	4.75	150	5.05
HV-11	Electric Vehicle Charging Stations			NIL	6.32

खेल, मनोरंजन

पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक (एफ42 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन से इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल का चयन निर्भर करेगा। हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा के स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने 31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

ट्रैक स्पर्धाओं में महिलाओं की 100 मीटर (टी 35, टी 37 और टी 42) दौड़ में उत्तर प्रदेश की प्रीति पाल ने 15 सेकेंड की प्रभावशाली स्प्रिंट के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके बाद गुजरात की बीना मोर्दिया रहीं जिन्होंने 17.20 सेकेंड का समय लिया, जबकि हरियाणा की अवनी ने 20.40 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की 100 मीटर (टी12 और टी 13) वर्ग में उत्तर प्रदेश की सिमरन ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 12.30 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। ओडिशा की जानकी ओरम (14.20 सेकंड) और गोवा की साक्षी काले (14.90 सेकंड) उनसे पीछे रहीं। पुरुषों के शॉट पुट (एफ 56 और एफ 57) में, एसएससीबी ने सूपड़ा साफ किया। होकातो सेमा ने 14.88 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, उसके बाद सोमन राणा (14.66 मीटर) और शुभम जुयाल (13.58 मीटर) रहे।

अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2025 डील्स का किया ऐलान

प्राइम मेंबर्स 12 जुलाई से 14 जुलाई तक तीन दिन जबरदस्त डील्स, रोमांचक नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट और बहुत कुछ के लिए रहे तैयार

नई दिल्ली/ए.। अमेज़न इंडिया ने आज बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए है। 12 जुलाई की आधी रात 12:00 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज़, अमेज़न डिवाइसेज़, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है। यह शॉपिंग का एकदम सही समय है, इसलिए अपनी प्राइम मेंबरशिप का अधिकतम लाभ उठाएं और खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए तैयार किए गए ऑफर्स का आनंद लें। ग्राहक आईसीआईसीआईआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआईआई बैंक क्रेडिट कार्ड व एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से भुगतान करने पर 10% तक की बड़ी बचत कर सकते हैं।

प्राइम डे 2025 डील्स एक झलक!

ग्राहक प्राइम डे प्रीमियर्स के दौरान टॉप स्मार्टफोन ब्रांड्स के नए लॉन्च देखने को मिलेंगे।

ग्राहक मोबाइल टेक्नोलॉजी के लेटेस्ट लॉन्च पर हाथ आज़मा सकेंगे, जिनमें नई खूबियां और आकर्षक रंग शामिल होंगे। इस लाइनअप में सैमसंग गैलेक्सी एम36 5जी, वनप्लस नॉर्ड 5, वनप्लस नॉर्ड सीई5, आईक्यूओओ जेड10 लाइट 5जी, रियलमी नारजो 80 लाइट 5जी, हॉनर एक्स9सी 5जी, ओप्पो रेनो 14 सीरीज, लावा स्टॉर्म लाइट 5जी और आईक्यूओओ 13 आदि शामिल हैं।

बरेली राइडर्स सेमीफाइनल में एसआर एमएस की टीम ने भी बनाई जगह

बरेली। अंडर-14 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में पल्लव के हरफनमौला प्रदर्शन से बरेली राइडर्स ने क्रिकेट नर्सरी को हराया। दूसरे मुकाबले में एसआरएमएस की टीम ने जीपी क्रिकेट अकादमी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही अंडर-14 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। बरेली राइडर्स और एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले मुकाबले में बरेली राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 126 रन बनाए। पल्लव प्रताप सिंह ने 19 गेंदों में ताबड़तोड़ 35 व कृपांशु गंगवार ने 30 रन बनाए। क्रिकेट नर्सरी रेलवे ग्राउंड की टीम के गेंदबाज आकाश कुमार ने तीन, शुभ और सचिन राठौड़ ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में क्रिकेट नर्सरी की पूरी टीम 13.4 ओवरों में मात्र 52 रनों पर ढेर हो गई। पल्लव ने दो विकेट लिए। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए बरेली राइडर्स के पल्लव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में टॉस जीतकर एसआरएमएस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। कप्तान हिमांशु गंगवार ने 21 गेंदों में छह छक्कों की मदद से नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। लाखन ने नौ गेंदों में तीन गगनचुंबी छक्के लगाकर 35 रनों का योगदान दिया। जीपी क्रिकेट अकादमी के लिए शिव प्रताप, अक्षत और अभिनव ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में जीपी की पूरी टीम 12.4 ओवर में महज 57 रनों पर ढेर हो गई। लाखन को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इससे पूर्व मुकाबलों का उद्घाटन उपखंड अधिकारी शिवम पटेल ने किया। इस दौरान माजिद हसन खान, अबरार खान, मनीष सिंह, यूसुफ अंसारी, विपिन कुमार, अमित कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

सेमीफाइनल में यानिक सिनर ने दी नोवाक जोकोविच को मात

नई दिल्ली। यानिक सिनर ने शुक्रवार को विंबलडन के सेमीफाइनल में दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। यानिक सिनर ने सेमीफाइनल मुकाबले में नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में सिनर ने जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हरा दिया। खिताबी मैच में अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। खिताबी मैच में अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। इससे पहले गत विजेता अल्काराज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। नंबर एक रैंकिंग वाले सिनर सेंटर कोर्ट में अपनी इस जीत के साथ पहली बार विंबलडन के फाइनल में पहुंचे हैं। अल्काराज 22 साल की उम्र में लगातार तीसरा विंबलडन खिताब और कुल मिलाकर छठा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से एक मैच दूर हैं।

कार्यालय नगरपालिका परिषद सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Phone :- 07775-266355/Fax-07775-266956 Email Id-nagarpalikasurajpur@gmail.com

क्रमांक/3075/न.पा.प./2025-26 सूरजपुर, दिनांक 11/07/2025

-:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद सूरजपुर द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रभावशील P.W.D. S.O.R. Building/Road 01/01/2015 के कम/समान/अधिक प्रतिशत दर से 03 लिफाफा पद्धति में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 28/07/2025 सायं 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 28/07/2025 सायं 4.00 बजे तक

क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (वार्षिक)	अमानत राशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपये)
1	वार्ड क्र. 07 पीपल चौक में नाली निर्माण कार्य	4.92	5000.00	750.00
2	वार्ड क्र. 09 पूर्व नाली से हैण्डपंप तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य	4.66	5000.00	750.00
3	वार्ड क्र.-05 शांति गली में नाली निर्माण कार्य	5.08	5000.00	750.00
4	वार्ड क्र.-05 जगरनाथ साहू घर से अशोक बंगाली घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य	3.11	5000.00	750.00

निविदा फार्म विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु न.पा. कार्यालय एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

शहर के अलग-अलग क्षेत्र में मवेशियों का बढ़ रहा है आतंक

कोरबा/नवप्रदेश। शहर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी इन दिनों वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या जिला मुख्यालय की सड़कों पर साफदिखाई दे रही है। बरसात शुरू होने के बाद सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है। शहर के पावर हाउस रोड, बुधवारी बाजार, आईटीआई-बीआईपी मार्ग, घंटाघर, सुभाष चैक, कोसाबाड़ी, रजगामार, इतवारी बाजार, सीतामणी सहित अन्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। सर्वमंगला पुल से लेकर कुसमुंडा चैक, रताखार बायपास, तुलसी नगर मार्ग, बुधवारी सहित अन्य बायपास मार्ग पर भी बीच सड़क पर मवेशी बैठे रहते हैं। पिछले दिनों निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने कहा था कि सड़क के आसपास में मौजूद मवेशियों के मामले में उनके पालकों के खिलाफकार्यवाही की जाएगी, लेकिन समस्या उन मामलों में आ रही है जो मवेशी लावारिस है या स्थिति बिगड़ने पर ऐसे मवेशियों को लावारिस बता दिया जाता है।वहीं दूसरी नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम के द्वारा शहर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले छह दर्जन से अधिक मवेशियों को सड़क से उठाकर गोकुल नगर पहुंचाया गया है, निगम के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि निगम द्वारा प्रतिदिन यह कार्यवाही की जा रही है।

हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर और गैंग के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक बार फिर कर्ज के नाम पर जबरन वसूली करने वाले हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर और उसके साथियों के खिलाफ384, 506, 34 भादवि और छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनयम 1937 की धारा 4 के तहत एक और एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में व्यापारी भोपाल मणि साहू ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोपाल मणि साहू, जो मुरुम व गिट्टी सप्लाई का व्यवसाय करता है, ने आरोप लगाया है कि व्यवसाय हेतु पैसे की जरूरत होने पर उसने 14 दिसंबर 2022 को आरोपी रोहित तोमर से 3% मासिक ब्याज पर 2 लाख उधार लिए थे। इस दौरान आरोपियों ने उससे कोरे स्टांप पर जबरन हस्ताक्षर कराए और अपने कब्जे में रख लिए। इसके बाद आरोपी रोहित तोमर, दिव्यांश, आकाश, योगेश सिन्हा और अन्य लोगों ने साहू से लगातार व्हाट्सएप कॉल और व्यक्तिगत धमकियों के जरिये जबरन वसूली शुरू कर दी।

संयुक्त किसान मोर्चा दीवाली के बाद छेड़ेगा बस्तर बचाओ अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 साल बीतने के बाद भी प्रदेश में भ्रष्टाचार से प्रदेश का कोई हिस्सा नहीं बचा है। भ्रष्ट अधिकारी एवं भ्रष्ट राजनीतिक नेता प्रदेश को खुलेआम लूट रहे हैं। वर्तमान नेतृत्व भी पूर्व सरकार के नक्शे कदमों पर ही चल रहा है। दीवाली के बाद छग संयुक्त किसान मोर्चा बस्तर बचाओ अभियान शुरू करेगा। इसमें सर्वोच्च प्राथमिकता नक्सलवाद के उन्मूलन की होगी। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे, संयोजक इंजीनियर जीपी चंद्राकर, देवेंद्र सोनकर एवं लालराम वर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

समग्र शिक्षा अभियान में घोटाला उजागर, अधिकारी निलंबित

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित 11 पोटाकेबिन में करोड़ों की शासकीय राशि के फर्जी भुगतान का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन की जांच में सामने आया है कि बिना किसी वैध बिल और कार्य के प्रमाण के लगभग 42 लाख 78 हजार 475 रुपये की राशि तीन अलग-अलग फर्मों को ट्रांसफर कर दी गई थी। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित मामले में लिप्त दो शासकीय कर्मचारियों के खिलाफएफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सहायक जिला परियोजना अधिकारी पुरषोत्तम चन्द्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पुरषोत्तम चन्द्राकर की भूमिका भुगतान प्रक्रिया में अहम रही है। उन्होंने तीन फर्मों को बिना बिल और आपूर्ति की पुष्टि किए सीधे भुगतान करवा दिया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि चार लोगों की मिलीभगत से यह फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया, जिनमें दो पर पहले ही केस दर्ज किया गया है, एक को निलंबित कर दिया गया है और दो अन्य को विभागीय नोटिस जारी किए गए हैं। यह घोटाला बीजापुर और भोपालपट्टनम अनुभाग के कुल 11 पोटाकेबिनों से जुड़ा है, जिनमें 5 पोटाकेबिन भोपालपट्टनम और 6 बीजापुर में हैं। इस मामले ने अब प्रशासन और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या पोटाकेबिन अधीक्षकों पर किसी अधिकारी या राजनीतिक हस्ती का दबाव था? फर्म संचालकों की किन-किन प्रभावशाली लोगों से सांठगांठ थी? क्या इस पूरे नेटवर्क में और भी लोग शामिल हैं?

पार्किंग में खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। वी.केयर अस्पताल के पार्किंग में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रीना ठाकुर 32 वर्ष जगदंबा कालोनी भाठागांव की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 08 जेड 3675 को वी.केयर अस्पताल के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मुख्यमंत्री ने पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

जीवन में सफलता के लिए शिक्षा है मजबूत आधार: विष्णुदेव

नई शिक्षा नीति से बदली तस्वीर, छत्तीसगढ़ में स्थानीय भाषाओं में मिल रही शिक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सभी सम्मानित शिक्षकों, विद्यार्थियों और संस्थाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का मार्ग है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, और यही किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता का मूल आधार शिक्षा ही है।

छत्तीसगढ़ ने शिक्षा के क्षेत्र में हासिल किया नया मुकाम

राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और बीते वर्षों में राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। जहां पहले प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, आज वहां 15 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। साथ ही, आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईएम और एम्स जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान भी राज्य में कार्यरत हैं। गांव-गांव में स्कूल खोले गए हैं, और बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालयों की स्थापना की गई है।

छात्र अवसरों का लाभ उठाएं

उन्होंने कहा कि हमारे समय में कई गांवों के बच्चों के लिए केवल एक स्कूल होता था। मुझे याद है कि मैंने पांचवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दूसरे गांव में दी थी, क्योंकि हमारे गांव में परीक्षा केंद्र नहीं था। आज छत्तीसगढ़ में छात्रों के लिए असीम अवसर मौजूद हैं और प्रत्येक बच्चे को इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

देश लक्ष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर है, और इसी संकल्प को लेकर हम विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में भी तेज़ गति से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त किया है और भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है।

ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू

श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति के तहत छत्तीसगढ़ में शिक्षा अब स्थानीय भाषाओं में भी उपलब्ध हो रही है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में अब स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई करवाई जा रही है, और प्रदेश में मेडिकल की शिक्षा भी हिंदी में दी जा रही है।

सोडेक्सो करेगी रायपुर में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग लैब की स्थापना

- अस्पतालों, क्लिनिक, डायग्नोस्टिक लैब के बायोमेडिकल उपकरणों का रखरखाव होगा और भी बेहतर

रायपुर/ नवप्रदेश। गत 09 जुलाई 2025 को एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा राजधानी के अस्पतालों की एक फोकस ग्रुप मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें Sode&o India (शीर्ष फॉर्च्यून 500 कंपनी) की हेल्थकेयर यूनिट ने मेडिकल उपकरणों के जीवन चक्र प्रबंधन के लिए अपने उन्नत अत्याधुनिक हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट (HTM) सॉल्यूशंस प्रस्तुत किए।

एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि Sode&o एक मल्टीनेशनल फ्रेंच कंपनी है जिसका मुख्यालय पेरिस में है। भारत में Sode&o 20 से अधिक राज्यों और मेट्रो के अस्पतालों सहित बड़े उद्योगों और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी कंपनियों में खान-पान, हाउसकीपिंग आदि का कार्य करती है। अस्पतालों में Sode&o भोजन प्रणाली,लांड्री मैनेजमेंट और बायोमेडिकल उपकरणों के रख रखाव का कार्य भी करती है। छत्तीसगढ़ में अस्पतालों से संबंधित उपकरणों के रखरखाव की समस्या को देखते हुए एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता के आमंत्रण पर Sode&o India के शीर्ष स्तर के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर आकर सभी अस्पतालों को चिकित्सकीय उपकरणों के रखरखाव के बारे में अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की। Sode&o ने अस्पताल संचालकों को पश्चिम बंगाल मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन में उनके द्वारा चिकित्सकीय उपकरणों की लाइव ट्रैकिंग डैशबोर्ड बनाये जाने और रांची और विशाखापत्तनम के अस्पतालों में मेडिकल उपकरणों के बेहतरीन तरीके से किये जा रहे रखरखाव के बारे में अवगत कराया। अधिकारियों के दल में रणधीर चौधरी - SODEXO HTM के बिज़नेस हेड, शिखर गुप्ता - SODEXO India Healthcare के स्ट्रेटेजिक अलायन्सेस हेड, मृण्मय नाथ - SODEXO Healthcare के बिज़नेस डेवलपमेंट हेड और दीपक - SODEXO HTM के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे।

Sode&o के अधिकारियों ने बताया कि उनके HTM मॉडल ने कई निष्क्रिय और सर्विसिंग अयोग्य किए गए बायोमेडिकल उपकरणों को पुनर्जीवित करने और उपलब्धता बढ़ाने, लागत कम करने और एक पेपरलेस, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से रोगी सुरक्षा को सशक्त बनाने में अपनी प्रभावशीलता पहले ही सिद्ध की है। बैठक में उपस्थित अस्पतालों द्वारा इस प्रस्तुति को अत्यंत सराहना मिली।

तरल नैनो डीएपी लेने के लिए मार्कफेड ने बुलाई निविदा

ठोस डीएपी पर निर्भरता में कमी आएगी

- रोपाई बोवाई में नैनों यूरिया और डीएपी का उपयोग कर रहे किसान
- डीएपी खाद का राज्य में संकट

रायपुर/नवप्रदेश। सावन लगते ही इस समय धान की बोवाई रोपाई एवं चलाई का कार्य जोर पकड़ते जा रहा है इसके साथ ही डीएपी खाद की डिमांड बढ़ती जा रही है लेकिन डीएपी की आपूर्ति नहीं होने के कारण अब राज्य सरकार ने वैकल्पिक खाद के रूप में नैनो डीएपी खरीदने का निर्णय लिया गया है।

राज्य में खाद खरीदी के लिए मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। मार्कफेड ने 17 लाख मीटरिन टन खाद खरीदी का लक्ष्य है। इसके एवज में 7 लाख टन खाद का वितरण किया गया है। राज्य में इस समय खाद का रेक पहुंच रहा है जिसमें एनपीके यूरिया तथा पोटाश प्रमुख है। अधिकारियों के अनुसार डीएपी में यूरिया तथा पोटाश दोनों होता है इसलिए इसकी डिमांड ज्यादा है। खाद का वितरण सहकारी समिति के माध्यम से किया जा रहा है। रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद में पांच सौ सहकारी समितियों के माध्यम से इसका वितरण किया जा रहा है। रायपुर कृषि सहकारी बैंक को ढाई लाख टन खाद का आबंटन किया गया है। किसान इस समय डीएपी खाद को लेकर समितियों का चक्कर काट रहे हैं। इधर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे मुख्य मुद्दा बना लिया है ग्रामीण अध्यक्ष उधो प्रसाद वर्मा ने कलेक्टर को इसके लिए ज्ञापन दिया है। कई कांग्रेसजनों ने सहकारी समिति के गोडाउन के सामने धरना दिया है। इसलिए अब खाद की कालाबाजारी भी जमकर होने का आरोप विपक्ष ने लगाया है।

तलवार लहराने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने भेजा जेल

धरसीवां/नवप्रदेश। धरसीवां के प्रधान आरक्षक 1587 परमेश पुरेना, आरक्षक 1622 भूपेन्द्र टण्डन एवं आरक्षक 1568 सत्येन्द्र प्रधान थाना धरसीवां क्षेत्रांतर्गत कानून व्यवस्था जुर्म जरायम पतासाजी एवं पेट्रोलिंग भ्रमण पर रवाना हुये थे जिन्हे मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि एनएच 30 बिलासपुर से रायपुर मार्ग पर सोनू ढाबा के पास एक व्यक्ति जो काले रंग का शर्ट पहना है वह अपने एक हाथ में एक तलवार धारदार तथा दुसरे हाथ में तलवार का म्यान को रखे एवं सोनू ढाबा के आगे कुछ दूरी पर एक और व्यक्ति जो निले सफेद रंग में फुल टीशर्ट पहना है वह भी अपने हाथ में धारदार तलवार को एक हाथ में रखे तथा दुसरे हाथ में म्यान को रखे हवा में लहराते तथा आते जाते लोगो को डराते धमकाते यूनुस खान कौन है, कहां है उसे आज नहीं छोड़ेंगे कह रहे है कि सूचना पर थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दीवान एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार तत्काल घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी 01. सोनू धुर्वे पिता कलीराम धुर्वे उम्र 22 वर्ष पता थानखम्हरिया वार्ड नंबर 02 थाना थानखम्हरिया जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़, 02. मोहम्मद सैफपिता शेख गयामुद्दीन उम्र 25 साल पता थानखम्हरिया वार्ड नंबर 11 थाना थानखम्हरिया जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ के कब्जे से एक-एक लोहे का धारदार नुकिला तलवार तथा तलवार का म्यान को जब्त कर ली।

प्रदेश के 10 जिलों के किसानों को मिलेगा फसल बीमा का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के दस जिलों के किसानों को फसल बीमा का लाभ देने के लिए विभिवत माध्यम से आवेदन मंगाए गए हैं। भारत सरकार के कृषि विभाग एवं सहकारी बैंक के द्वारा किसानों को फसल बीमा का लाभ दिया जाता है। प्रदेश के रायगढ़ कोरबा, छुईखदान, गंडई, खैरागढ़, जशपुर सहित अन्य जिलों में फसल बीमा का लाभ लेने के लिए कृषकों से सहकारी समितियों एवं अन्य माध्यमों से आवेदन 31 जुलाई तक मंगाए गये हैं। सहकारी बैंक के अनुसार किसानों को सिंचित असिंचित तथा रवि के मक्का गेहूं सहित अन्य फसलों का विवरण देना होगा। किसानों को ऋण पुस्तिका जमीन नामांतरण तथा अन्य जानकारियां उपलब्ध कराना होगा।

नक्सल सर्चिंग: जंगल में तीन अलग अलग स्थानों में डंप सामग्री बरामद

- गरियाबंद पुलिस, कोबरा 207 वाहिनी एवं सीआरपीएफकी संयुक्त कार्यवाही

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी दौरान इंदागांव एरिया के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 10.07.2025 को गरियाबंद पुलिस, कोबरा 207 वाहिनी एवं सीआरपीएफकी संयुक्त टीम द्वारा थाना मैनपुर व थाना जुगाड़ एरिया में सर्चिंग गस्त हेतु रवाना हुआ था। जो दिनांक 10.07.2025 को थाना मैनपुर व जुगाड़ क्षेत्रांतर्गत जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त हुई थी। जो सुरक्षाबलों द्वारा एरिया सर्चिंग के दौरान जंगल में नक्सलियों के द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों में डंप किया हुआ दैनिक उपयोगी के समान एवं राशन सामग्री बरामद किया गया।

गरियाबंद पुलिस का माओवादियों से अपील शासन के आत्मसमर्पण नीति के तहत समाज के मुख्यधारा से जुड़ने के लिए नजदिकी थाना,चौकी,कैम्प एवं दूरभाष नम्बर 94792-27805 पे संपर्क कर आत्मसमर्पण कर सकते है।

आत्मसमर्पण के बाद सुविधा सुख, शांति, बिना डर, स्वतंत्रता के साथ जीवन। परिवार के साथ खुशहाल जीवन, स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण की सुविधा, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, आवास की सुविधा, शासकीय नौकरी का लाभ।

राजनांदगांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान

- कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर चला बुलडोजर

राजनांदगांव /नवप्रदेश। राजनांदगांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान जोरों पर है। कलेक्टर सर्वेश्वर दास भुरे और एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने गुड़ाखू लाइन, जूनिस्टरी मानव मंदिर चौक में अतिक्रमण हटाया। राजनांदगांव में कई महीनो सालों एक बार फिर से राजनांदगांव के कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम कमिश्नर के कुशल मार्गदर्शन में अधिकारियों की कार्य की दक्षता एवं पुलिस जवानों बुटो की आवाज आज शहर के गलियों में बुनाई दी

बुलडोजर की कार्रवाई

नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम ने गुड़ाखू लाइन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को बाहर रखे गए सामान को हटाने के लिए कहा गया और अतिक्रमण को हटाया गया।

प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा। कलेक्टर और एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के कारण कुछ लोगों में खुशी है, जबकि कुछ लोगों में गम है। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान से शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस जवानों की मौजूदगी में अतिक्रमण को हटाया गया। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिया जाएगा और उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जाएगा। अगर वे अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो उनके खिलाफकार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान से शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। प्रशासन का कहना है कि शहर को सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा।

शिवालयों में होगा शंकर भगवान का विशेष श्रृंगार

रायपुर/नवप्रदेश। सावन महीना शुरू होते ही अब भागवत कथाओं एवं अन्य धार्मिक पूजन तथा त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है। छग के रायपुर सहित अनेक स्थानों में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज श्याम खाटू मंदिर में भागवत कथा बृंदावन के तथा व्यास चिन्मय दास महराज के द्वारा भागवत कथा के पहले कलश यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा चौबे कालोनी चिंताहरण मंदिर से निकाली गई। मेक कालेज में पं. शंभुशरण लाटा की कथा हुई जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। सावन महीने में इस समय भक्त एक समय का उपवास करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यतमान चोटे द्वारा, मौनस पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. रोड नंबर 14, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-यतमान चोटे (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com